वर्ष 73 ▸▸ अंक 199 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 18 अप्रैल, 2026
▸▸ वैशाख शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए ■ ■

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"दुश्मन को माफ करना आसान है, लेकिन दोस्त को माफ करना ज्यादा कठिन होता है।
- विलियम ब्लेक

## ऑफ बीट
### ज्यादा शराब पिलाने पर 2.3 करोड़ मुआवजा



*अमेरिका में एक क्रूज यात्रा के दौरान महिला को जरूरत से ज्यादा शराब परोसना एक कंपनी को भारी पड़ गया। अदालत ने कंपनी को दोषी मानते हुए पीड़िता को लगभग 2.3 करोड़ रुपए (करीब 2.7 लाख डॉलर) का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला 45 वर्षीय डायना सैंडर्स से जुड़ा है, जो जनवरी 2024 में क्रूज यात्रा पर गई थीं। उन्हें महज 9 घंटे के भीतर कम से कम 14 शॉट्स टकीला परोसी गईं। इस अत्यधिक शराब सेवन के बाद जब वे बार से बाहर निकलीं, तो कुछ ही देर में सीढ़ियों से गिर गईं। इस हादसे में उनके सिर और पीठ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद डायना ने कंपनी के खिलाफ अदालत में मामला दर्ज कराया। हादसे वाली रात का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं था, जिससे कंपनी की भूमिका पर सवाल उठे।*

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम बेंगलुरु**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से
**हैदराबाद बनाम चैन्नई**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

# महिला आरक्षण से जुड़े बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट
# 54 वोट से गिरा 131वां संविधान संशोधन बिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महिला आरक्षण से जुड़े संविधान (131वां संशोधन) बिल को लोकसभा में आवश्यक बहुमत नहीं मिल पाया और यह 54 वोटों से गिर गया। लगभग 21 घंटे की लंबी बहस के बाद इस बिल पर वोटिंग कराई गई। कुल 528 सांसदों ने मतदान किया। इनमें से 298 वोट पक्ष में आए जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने वोटिंग की।

संविधान संशोधन बिल होने के कारण इसे पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोटों की जरूरत थी। लेकिन सरकार को केवल 298 वोट ही मिल सके। इस तरह बिल 54 वोटों से गिर गया।

लोकसभा की कुल 543 सीटों में से कुछ सीटें खाली होने के कारण प्रभावी संख्या कम थी, लेकिन फिर भी सरकार आवश्यक आंकड़ा जुटाने में नाकाम रही। सरकार को पहले से अंदाजा था कि उसके पास आवश्यक संख्या नहीं है। इसके बावजूद अंतिम समय तक समर्थन जुटाने की कोशिशें जारी रहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अलग-अलग मौकों पर सांसदों से अपील की। उन्होंने 13 अप्रैल को सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन देने की अपील की। 16 अप्रैल को लोकसभा में कहा- 'हमें क्रेडिट नहीं चाहिए, विपक्ष ले ले।' 17 अप्रैल को सोशल मीडिया पर अंतरात्मा की आवाज से वोट देने की अपील की। गृहमंत्री अमित शाह ने भी सदन में जोरदार भाषण दिया और कहा कि अगर बिल पास नहीं हुआ तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष पर होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की महिलाएं इस फैसले को याद रखेंगी।



### 12 साल में पहली बार कोई महत्वपूर्ण बिल नहीं हो सका पारित

*यह पिछले 12 वर्षों में पहली बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी महत्वपूर्ण विधेयक को सदन में पारित कराने में असफल रही है। सरकार महिला आरक्षण को लागू करने की दिशा में इस बिल को महत्वपूर्ण मान रही थी। इसके तहत लोकसभा की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव था, ताकि महिलाओं को बढ़ी हुई सीटों में से 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।*

#### सरकार का तर्क
सीटों की संख्या बढ़ाए बिना आरक्षण लागू करना व्यावहारिक रूप से कठिन होगा, क्योंकि इससे मौजूदा सांसदों की सीटों पर असर पड़ता।

#### विपक्ष का आरोप
यह बिल सिर्फ महिला आरक्षण के लिए नहीं लाया गया, बल्कि परिसीमन के जरिए राजनीतिक संतुलन को बदलने का प्रयास किया गया था।

### शाह बोले- विपक्ष बिना सोचे-समझे कर रहा विरोध



शाह ने कहा- विपक्ष ने अच्छा बुरा सोचे बिना मोदी जी जो करे रहे हैं, उसका विरोध करने का ठान लिया है। देश की माताओं बहनों के लिए आरक्षण आ रहा है तो लग रहा था विरोध नहीं होगा। लेकिन हो रहा है। मैं अभी बताया कि 2023 में सर्वसम्मति से ये बिल पारित हुआ लेकिन आज कांग्रेस पीछे हट रही है। इसके दो ही कारण हैं- क्योंकि बिल मोदी जी ला रहे हैं और क्रेडिट उन्हें मिलेगा। मोदी जी ने उन्हें एड देकर क्रेडिट देने का कह दिया फिर भी ये नहीं मान रहे हैं। हमारे नेता ने कहा कि अंतरआत्मा की आवाज से वोट करिए। अंतरआत्मा की आवाज का नारा इंदिरा जी का है। यहां आत्मा ही नदारद है। चुनाव में जहां जहां जाओगे, महिलाओं का आक्रोश फेस करना पड़ेगा। शाह ने कहा- हमारे लिए कोई मायने नहीं रखता कि महिलाओं को प्रस्थापित करने के लिए, उनकी हिस्सेदारी देने के लिए जिसका भी सामना करना पड़े। हम करेंगे, लड़ेंगे और आरक्षण देकर रहेंगे। एक पत्रकार से मैंने कहा कि देखों सिर्फ महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं हो रहा है। हम ट्रिपल तलाक लाए, विरोध किया, राम मंदिर बनाया विरोध किया, नई संसद बनाई तो विरोध किया, नक्सल वाद खत्म किया, आतंकवाद को सकते में डाला, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, सबका विरोध किया।

### राजनीतिक नक्शा बदलने की कोशिश: राहुल गांधी



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह असल में महिला सशक्तिकरण का कानून नहीं, बल्कि देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार महिला आरक्षण को 'ढाल' बनाकर राजनीतिक फायदे के लिए परिसीमन करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'यह बिल महिलाओं को सशक्त नहीं करेगा, बल्कि भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने का प्रयास है।' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ओबीसी, दलित और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक भागीदारी को कमजोर करना चाहती है। राहुल ने आरोप लगाया कि यह कदम सामाजिक न्याय के खिलाफ है और संविधान की मूल भावना को प्रभावित करता है। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष इस विधेयक का विरोध करेगा और इसे हराने की कोशिश करेगा। उन्होंने सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि वह अपनी घटती राजनीतिक ताकत से डरकर चुनावी ढांचे में बदलाव करना चाहती है। राहुल गांधी ने महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज की 'केंद्रीय शक्ति' हैं, लेकिन सरकार उनके नाम पर राजनीति कर रही है।

### दो अन्य बिलों पर नहीं कराई वोटिंग

- सरकार ने परिसीमन को लेकर इस दौरान दो अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी पेश किया था।
- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026
- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026
- हालांकि इन दोनों पर सरकार ने वोटिंग कराने से इनकार कर दिया। सरकार का कहना था कि ये तीनों बिल आपस में जुड़े हुए हैं, इसलिए एक ही बिल पर फैसला पर्याप्त है।

#### बड़ी राजनीतिक जीत: विपक्ष

***बिल गिरने के बाद विपक्ष ने इसे अपनी बड़ी राजनीतिक जीत बताया।***

राहुल गांधी ने कहा, 'हमने संविधान पर हुए हमले को हरा दिया है। यह महिला आरक्षण का बिल नहीं, बल्कि राजनीतिक ढांचे को बदलने का प्रयास था।' प्रियंका गांधी ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। शशि थरूर ने कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन इसे परिसीमन से जोड़ना गलत है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए इसे 'दिल्ली के अहंकार की हार' बताया।

### भाजपा नेता की हत्या का मामला
## कांग्रेस विधायक समेत 17 दोषियों को उम्रकैद

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक में विशेष अदालत ने कांग्रेस विधायक और पूर्व



मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 16 अन्य आरोपियों को 2016 में भाजपा नेता योगेशगौड़ा गौडर की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने सजा का ऐलान किया। इसी सप्ताह सभी आरोपियों को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया था। मामले की जांच सीबीआई ने की थी। मामला धारवाड़ में जिला पंचायत सदस्य योगेशगौड़ा की हत्या का था।

### खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका
## ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने से किया इनकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम



जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि उन्हें राहत के लिए सीधे असम की अदालत का रुख करना चाहिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई के दौरान खेड़ा को फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि याचिका में गड़बड़ी गंभीर मामला है, इसलिए जमानत बढ़ाने का कोई आधार नहीं बनता। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के साथ आधार कार्ड के अलग-अलग हिस्सों में भिन्न जानकारी दी थी।

# ईरान ने होर्मुज खोला ट्रंप ने कहा- शुक्रिया
### जहाजों के लिए सुरक्षित रूट तय किया, इसकी निगरानी ईरान करेगा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान ने सीजफायर के दौरान दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने का ऐलान किया है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बताया कि इस दौरान सभी कमर्शियल जहाजों को सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। अराघची के अनुसार, जहाजों के लिए एक सुरक्षित रूट तय किया गया है, जिसकी निगरानी ईरान का पोर्ट्स और मैरीटाइम संगठन करेगा, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो।

इस फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर ईरान को धन्यवाद दिया और कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का खुलना वैश्विक सप्लाई के लिए अहम कदम है। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी अभी जारी रहेगी और अंतिम समझौते तक बनी रह सकती है। दोनों के बीच इसी सप्ताह बातचीत हो सकती है।



#### दावा: ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार
ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच शांति समझौता 'काफी करीब' है। हालांकि ईरानी मीडिया ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका 'हवाई बातें' कर रहा है।

#### भारत ने 2,358 नागरिकों को निकाला
इस बीच भारत ने बड़ी राहत कार्रवाई करते हुए ईरान से अब तक 2,358 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इन लोगों को पहले आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया गया, जहां से उनकी भारत वापसी कराई जा रही है।

#### अमेरिका-ईरान वार्ता: अगले दौर की तैयारी में पाकिस्तान
पाकिस्तझ्रान ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली अहम वार्ता के अगले दौर की मेजबानी के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह बातचीत अगले सप्ताह इस्लामाबाद में हो सकती है, जिसका मकसद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को खत्म कर शांति समझौते की दिशा में आगे बढ़ना है।

### हरिवंश तीसरी बार रास के उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हरिवंश नारायण सिंह को लगातार तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध चुन लिया गया। खास बात यह है कि पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को इस पद पर चुना गया है। राज्यसभा सचिवालय को उनके समर्थन में कुल पांच प्रस्ताव मिले थे। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नबीन ने पेश किया। विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया।



**पहली बार मनोनीत सदस्य को मिला पद**

## एकात्म पर्व: एकात्मता के संदेश को साकार कर रहा है मध्यप्रदेश: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के साथ सनातन संस्कृति और एकात्मता के संदेश को साकार कर रहा है। मध्य प्रदेश की धरती अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता की व्यवस्था में सनातन-संस्कृति का गठबंधन किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति केवल लेने की नहीं है, बल्कि देने की है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को आचार्य शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के कारण मध्यप्रदेश की धरा धन्य हुई। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सनातन संस्कृति के सिद्धांतों के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### अंत्योदय के लिए सरकार प्रतिबद्ध
सीएम ने कहा कि चिंतक एवं विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में भी एकात्मता के भाव की अभिव्यक्ति होती है। राज्य सरकार अंत्योदय के सिद्धांतों के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उदारमना भारतीय सनातन संस्कृति में भक्षण को नहीं अपितु दूसरों के कल्याण को सर्वाधिक महत्व दिया गया है।

### सिंगरौली में दिनदहाड़े बैंक डकैती, बंदूक की नोक पर ग्राहकों को बनाया बंधक, मैनेजर को पीटा
# 15 मिनट में 5 बदमाशों ने की 15 करोड़ की लूट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिंगरौली में शुक्रवार को दिनदहाड़े करोड़ों की बैंक डकैती हुई। जिले के मुख्यालय बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ब्रांच में दोपहर के वक्त घुसे हथियारबंद बदमाशों ने महज 15 मिनट के भीतर करीब 15 करोड़ रुपये कीमत के सोने और जेवर के साथ 20 लाख रुपये कैश लूट लिया और फरार हो गए। बदमाशों ने बैंक के मैनेजर के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। इस दौरान बंदूक की नोक पर ग्राहकों को बंधक बनाए रखा।

#### 13 किलो सोना और 20 लाख कैश लेकर फरार हुए बदमाश



घटना दोपहर करीब एक बजे की है जब बैंक में रोजमर्रा का काम चल रहा था। इसी दौरान दो बदमाश हथियार लहराते हुए अंदर दाखिल हुए और वहां मौजूद ग्राहकों व कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके तुरंत बाद उनके तीन और साथी बैंक के भीतर पहुंचे और बैंक के गेट को अंदर से बंद कर दिया। बदमाशों ने सबसे पहले मैनेजर से तिजोरी और लॉकर्स की चाबियां मांगी। इस दौरान जब मैनेजर ने विरोध किया, तो बदमाशों ने देसी कट्टे से उनके सिर पर वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसके बाद लुटेरों ने मैनेजर से चाबी छीनकर बैंक की तिजोरी में रखे 13 किलो सोने के जेवर और कैशियर के पास रखे लगभग 20 लाख रुपये कैश कपड़े के थैले और पिट्ठू बैग में भरे। बदमाशों ने महज 15 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया और बाहर खड़ी बाइकों पर सवार होकर फरार हो गए।

वारदात की सूचना मिलते ही एसपी मनीष खत्री भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। हालांकि इसके बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आए। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बैंक के भीतर बदमाशों ने लोगों और स्टाफ को डराने के लिए फायर भी किया, इसके बाद भी बैंक में वारदात की भनक बाहर मौजूद ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## पैरेंटिंग
### बच्चों का स्क्रीन टाइम नियंत्रित करना चाहते हैं, वहीं खुद भी दूर रहना होगा फोन से
# खुद फोन में डूबेंगे, तो बच्चों पर सख्ती लागू नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्मार्टफोन आज हमारी जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर परिवारों खासतौर पर माता-पिता और बच्चों के रिश्तों पर दिखाई दे रहा है। एक ओर माता-पिता बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर खुद उनके फोन इस्तेमाल की आदतें इन नियमों को कमजोर कर देती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे घर में देखते हैं। अगर माता-पिता हर समय फोन में व्यस्त रहते हैं, खाने के समय, बातचीत के दौरान या आराम के वक्त तो बच्चों के लिए यह 'सामान्य व्यवहार' बन जाता है।

दिल्ली की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट रचना के सिंह के अनुसार, '70 फीसदी से अधिक किशोर बताते हैं कि उन्होंने अपने माता-पिता को फैमिली टाइम में फोन इस्तेमाल करते देखा है। इसका सीधा असर उनके खुद के स्क्रीन व्यवहार पर पड़ता है।'

आज की पैरेंटिंग पहले से बिल्कुल अलग हो गई है। पहले जहां बच्चों के साथ कहानियां और खेल होते थे, अब माता-पिता खुद भी स्क्रीन में उलझे रहते हैं। कभी वर्क कॉल, कभी सोशल मीडिया, कभी मनोरंजन। दिल्ली के एक बिजनेसमैन (नाम गोपनीय) मानते हैं कि वे खुद भी स्क्रीन के चक्र में फंसे हुए हैं। वे कहते हैं, 'मैं काम के अलावा गेमिंग में भी काफी समय बिताता हूं।'

#### एक मां की कहानी: खुद बदली आदत, तब बदला बच्चा



चेन्नई से मुंबई आईं सुजाता रवि अय्यर की कहानी इस समस्या का एक समाधान भी दिखाती है। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने की शुरुआत उन्होंने सामाजिक दबाव में की, लेकिन जल्द ही यह आदत उनके बच्चों पर भी असर डालने लगी। जब उनकी बेटी 10वीं में थी, उन्होंने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए इंस्टाग्राम छोड़ने को कहा। लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हुआ कि जब तक वे खुद सोशल मीडिया नहीं छोड़ेंगी, तब तक यह अपेक्षा अनुचित है। उन्होंने खुद इंस्टाग्राम डिलीट किया और करीब 3 साल तक सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। अय्यर कहती हैं, 'अगर बच्चों से कुछ उम्मीद करते हैं, तो पहले खुद वैसा व्यवहार दिखाना जरूरी है।'




#### बढ़ती समस्या
- माता-पिता औसतन रोज 5 घंटे से ज्यादा फोन इस्तेमाल करते हैं
- बच्चे भी करीब 4 घंटे रोज स्क्रीन पर बिताते हैं
- 69 फीसदी बच्चे और 73 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि फोन के कारण परिवार में झगड़े होते हैं

#### दिलचस्प
- 94 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के लिए सिर्फ कॉल, मैसेज और कैमरा जैसे बेसिक फीचर्स वाले फोन को बेहतर मानते हैं।
- बच्चे मानते हैं कि माता-पिता सोशल मीडिया में जरूरत से ज्यादा समय बिताते हैं।

#### असली समस्या: 'कथनी' और 'करनी' में फर्क
- इस पूरे मुद्दे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि बच्चों पर नियम थोपना आसान है, लेकिन खुद उनका पालन करना कठिन।
- जब माता-पिता कहते हैं- 'फोन कम चलाओ', लेकिन खुद घंटों स्क्रीन पर रहते हैं, तो बच्चों के लिए यह संदेश विरोधाभासी हो जाता है।

#### परिणाम
- बच्चे नियमों को गंभीरता से नहीं लेते
- घर में टकराव बढ़ता है
- संवाद कम होता है

### चंबल में अवैध खनन: मप्र, उप्र, राजस्थान को फटकार
# जरूरत हुई तो पैरामिलिट्री करेंगे तैनात: सुप्रीम कोर्ट

**मुरैना/नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने चंबल नदी में जारी अवैध रेत खनन पर कड़ा रुख अपनाते हुए मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को सख्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने साफ कहा कि अगर राज्य सरकारें खनन नहीं रोक पातीं, तो क्षेत्र में अर्धसैनिक बल (पैरामिलिट्री) तैनात करने पर विचार किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चंबल अभयारण्य क्षेत्र में हो रहा अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। कोर्ट में पेश तथ्यों में यह भी सामने आया कि नदी के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मशीनों से रेत निकाली जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस और वन विभाग को संयुक्त रूप से 24 घंटे गश्त करने के निर्देश दिए हैं। अवैध खनन में शामिल पाए जाने वाले वाहनों को तुरंत जब्त करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है।

#### निर्देश: सीसीटीवी कैमरे लगाएं



कोर्ट ने तीनों राज्यों को निर्देश दिया कि नदी के संवेदनशील इलाकों और खनन मार्गों पर हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही खनन में इस्तेमाल होने वाले सभी वाहनों और मशीनों में जीपीएस डिवाइस अनिवार्य किए जाएं, ताकि उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।

# एकेएस एवं कॉलेज देखो के सहयोग से एमबीए के 21 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट



**जागरण, सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफमैनेजमेंट स्टडीज ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और उद्योग.उन्मुख प्रशिक्षण का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत किया है। कॉलेजदेखो के सहयोग से एमबीए के 21 छात्रों का सफल प्लेसमेंट विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में सुनिश्चित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम है बल्कि संस्थान की बढ़ती साख और शैक्षणिक गुणवत्ता को भी रेखांकित करती है। चयनित छात्रों को देश की जानी.मानी कंपनियों में अवसर प्राप्त हुए हैंए जिनमें लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी डिलीवरी भी शामिल है। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों में भी छात्रों ने अपने कौशल और प्रतिभा के बल पर स्थान बनाया जिससे यह स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय का प्रबंधन विभाग उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार कर रहा है। इस सफलता के पीछे फैकल्टी ऑफमैनेजमेंट स्टडीज की निरंतर मेहनत व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्योग संवाद कार्यशालाएं तथा प्लेसमेंट ड्राइव्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विभाग द्वारा आयोजित अतिथि व्याख्यान साक्षात्कार तैयारी सत्र और कौशल विकास कार्यक्रमों ने छात्रों को प्रतिस्पर्धी वातावरण के लिए पूरी तरह सक्षम बनाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय डीन कौशिक मुखर्जी एवं समस्त फैकल्टीज को दिया गया जिनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन ने छात्रों को सही दिशा प्रदान की। साथ ही मुरासोलिमरन मनस शर्मा और आशुतोष सिंह सहित सभी संकाय सदस्यों के समर्पण और सहयोग ने इस सफलता को संभव बनाया।

# प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : प्रतिमा बागरी

## राज्यमंत्री ने किया सोहावल में सवा 5 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी शुक्रवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सोहावल विकासखण्ड मुख्यालय पर 5 करोड 25 लाख 67 हजार रूपये की लागत से बनने वाले नवीन जनपद पंचायत भवन के निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री ने शुक्रवार को रैगांव क्षेत्र के अपने भ्रमण के दौरान नागौद विकासखण्ड की ग्राम रजरवारा में मुख्य मार्ग से सत्ती माफी की ओर 15.50 लाख रुपये एवं ग्राम अमिलिया में तालाब से देवीजी स्थल तक 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पी.सी.सी. रोड के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुलभ होता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। राज्यमंत्री ने कहा कि सडकों के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने के साथ ही ग्रामीणों के आवागमन को सरल एवं सुगम बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुलभ हो सकेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि रैगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिरसिंहपुर में नेत्र शिविर 20 को

**बिरसिंहपुर।** सतना के भटनवारा वाले अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित श्री गैवीनाथ जी धर्मशाला बिरसिंहपुर द्वारा 20 अप्रैल सोमवार को मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की अगुवाई में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है। यह शिविर श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के सहयोग एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के मार्गदर्शन में धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा। धर्मशाला में विगत 14 वर्षों से माह की प्रत्येक 20 तारीख को धर्मशाला परिसर में आयोजित होने वाले नेत्र शिविर में दवाइयों एवं नजर के चश्मों का वितरण निःशुल्क होगा। इस दौरान जो मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित होंगे उन्हें संस्था वाहन से निःशुल्क ऑपरेशन एवं लैंसप्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड ले जाया जाएगा।

# रामसागर तालाब में अवैध रूप से बोई गई फसल को कटवाने तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**सतना।** देवमऊ दल दल में पानी के विशेष श्रोत रामसागर तालाब पर अवैध आक्रमण कारियों द्वारा अतिक्रमण करते हुए तालाब पर जवरियन फसल बो ली थी जिसके शिकायत दल प्रताप सिंह ने अनु विभागीय अधिकारी से की थी जिसको गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए खड़ी फसल को कुर्क करके किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह को सुरक्षा के लिए सुपुर्द किया था जिसमें गांव भर की फसल कट जाने के बाद भी अभी तक राम सागर तालाब की पकी फसल नहीं काटी गई जिस पर मवेशियों और मौसम की स्थिति को देखते हुए दल प्रताप सिंह ने तहसील कार्यालय पहुंचकर रामपुर बघेलान तहसीलदार को ज्ञापन पत्र सौंपते हुए फसल को अति सीघ्र कटवाने का आग्रह किया है। साथ ही कहा है कि अगर कोई भी घटना दुर्घटना होती है तो इसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत अधिकार पर विपक्ष के विरोध से निराशा : डॉ स्वप्ना वर्मा



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ स्वप्ना वर्मा ने कहा कि लोक सभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत अधिकार देने के मुद्दे पर विपक्ष के विरोध से महिलाओं में गहरी निराशा है। उन्होंने इसे महिलाओं के लिए काला दिन बताते हुए कहा कि देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं पर कुठाराघात किया गया है। डॉ वर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार देश की महिलाओं को पूरा अधिकार देकर आज के दिन को इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करना चाहती थी लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर इस पहल पर पानी फेर दिया।

# कला एवं संस्कृति के रंग में रंगा विट्स




**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में स्टूडेंट्स कोर कमेटी के तत्वाधान एवं प्रो0 श्रीकृष्ण अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव होराइजन 2026 का शुभारंभ अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ हुआ। पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के ध्वज वाहक छात्रों ने अपने विभाग की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुये अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इसमें बीसीए, बीएड, लॉ, सीएस, एमसीए, डिप्लोमा सीएस, एमबीए, बीकॉम प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग, डिप्लोमा, बीटेक इलेक्ट्रिकल, फार्मेसी एवं बीबीए विभागों की सहभागिता रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में डांस क्लब द्वारा शानदार उद्घाटन प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विट्स संस्थान के चेयरमैन सुनील सेनानी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया साथ ही उन्होंनें गुणवत्तापूर्ण षिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इसके पश्चात रंगमंच-द ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ड्रामा क्लब द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन ने सामाजिक संदेश के साथ दर्शकों को भावुक एवं विचारशील बना दिया। इसके बाद अभिव्यक्ति - मोनोएक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अभिनय कौशल से सभी का दिल जीत लिया।

# प्रकृति व अन्नपूर्णा का परीक्षा परिणाम अव्वल



**अमदरा।** समीपी ग्राम युनवारा की दो होनहार छात्राओं प्रकृति तिवारी एवं अन्नपूर्णा प्रजापति ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में संयुक्त रूप से 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रकृति तिवारी श्रीमती रश्मि रामनारायण तिवारी की पुत्री हैं जबकि अन्नपूर्णा प्रजापति श्रीमती सुनीता रघुबीर प्रजापति की पुत्री हैं। दोनों छात्राएं मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकंडरी विद्यालय युनवारा की छात्रा रही हैं। इस शानदार उपलब्धि पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ विधानसभा मैहर के प्रभारी अधिवक्ता रमाकांत दुबे ने दोनों छात्राओं को मुंह मीठा कराकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक संजय शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिला की मौत पर कार्रवाई, स्वास्थ्य कार्यकर्ता निलंबित, सीएचओ का वेतन काटा

**जागरण, मैहर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को निलंबित कर दिया है, जबकि संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के वेतन में कटौती की गई है। मामला रामनगर विकासखंड में एक गर्भवती महिला की रक्त अल्पता के कारण हुई मृत्यु से जुड़ा है, जिसमें देखभाल और समय पर उपचार में कमी सामने आई। कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी द्वारा हाल ही में समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन और एनीमिया प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित प्रकरण में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने कार्रवाई की। जारी आदेश के अनुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र हिनौती में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती ललिता बिसेन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवराजनगर निर्धारित किया गया है। वहीं, मामले में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित क्षेत्र की संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा वर्मा के अप्रैल माह के सात दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मातृ स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में विशेष सतर्कता बरतना अनिवार्य है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, समय पर पंजीयन और आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री ने योजनाओं की प्रगति पर की समीक्षा, मैहर कलेक्टर ने दी अपडेट



**जागरण, मैहर।** प्रदेश सरकार की प्राथमिक योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल स्थित समत्व भवन से सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विस्तृत बैठक की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, जमीनी स्तर पर हो रहे कार्य और आवश्यक सुधारों पर विशेष रूप से जोर दिया गया। मैहर कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुईं और जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, संकल्प से समाधान अभियान, नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम, पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और उपार्जन कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और आमजन को समय पर लाभ मिले, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति को प्राथमिकता देने और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। साथ ही उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को जमीन पर उतारें।

# संविधान की आत्मा को कमजोर करने की कोशिश की गई : रश्मि सिंह



**सतना।** संविधान संशोधन 131वां संशोधन बिल के लोकसभा में पारित न होने पर कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि महिलाओं के सम्मान की आड़ लेकर संविधान की आत्मा को कमजोर करने की जो कोशिश की गई देश ने उसे साफ़तौर पर नकार दिया। यह सिर्फ़ एक विधेयक की हार नहीं बल्कि लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की जीत है।सत्ता ने रास्ता भटकाने की कोशिश की लेकिन देश ने सही दिशा चुन ली।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म0प्र0)**
क्रमांक 617/ विशेष विवाह/2025 रीवा,
दिनांक 02/12/2025
**इश्तहार**
आवेदक जीतेन्द्र विश्वकर्मा पिता श्री रामनाथ विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी रामपुर बघेलान थाना व तह. रामपुर बघेलान जिला सतना म.प्र. एवं आवेदिका रेशमी साकेत पुत्री श्री दिनेश साकेत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बिहरा जे.पी नगर थाना चोरहटा तह. हुजूर जिला रीवा म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/- रु चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक - 18.05.2026
**विवाह अधिकारी**
**जिला रीवा (म.प्र.)**

# मैहर रेलवे स्टेशन पर गंदगी का अंबार, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल



**जागरण, मैहर।** मैहर रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से पटरी से उतरती नजर आ रही है। स्टेशन परिसर और बाहरी क्षेत्र में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ अस्वच्छ वातावरण का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि स्टेशन परिसर के बाहर खुले में शौच की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे स्वच्छता व्यवस्था की पोल खुल रही है। स्टेशन परिसर में कई स्थानों पर कूड़ा जमा होने के कारण बदबू फैल रही है और आवारा पशु भी यहां-वहां घूमते नजर आ रहे हैं। प्लेटफॉर्म और आसपास के क्षेत्रों में कुत्तों का बैठना आम बात हो गई है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई पर हर माह लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति संतोषजनक नहीं दिख रही है। ऐसे में खर्च और व्यवस्था के बीच बड़ा अंतर साफ नजर आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं। सूत्रों की मानें तो सफाई व्यवस्था के लिए नियुक्त एजेंसी द्वारा कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई है। नियमित निगरानी के अभाव में व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता की अनदेखी गंभीर चिंता का विषय है और इसे प्राथमिकता के आधार पर सुधारना आवश्यक है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# भीषण गर्मी के चलते मैहर में बदला स्कूलों का समय, सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक पढ़ाई

**मैहर।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रशासन ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय संचालन के समय में बदलाव किया है। कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय, सीबीएसई एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अब अध्ययन कार्य सुबह के समय संचालित किया जाएगा। आदेश के तहत विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा। इसके साथ ही शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर शेष प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करना होगा। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। प्रशासन का मानना है कि दोपहर के समय तेज गर्मी के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विद्यालयों में आवश्यक सावधानियां बरतने और बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि सभी विद्यालय इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालय प्रबंधन को यह भी कहा गया है कि विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें, ताकि किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। प्रशासन द्वारा समय-समय पर व्यवस्था की निगरानी भी की जाएगी।

# रामनगर में बदहाल हैंडपम्प, गंदगी के बीच दूषित पानी पीने को मजबूर लोग



**जागरण, मैहर।** रामनगर क्षेत्र के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मार्ग स्थित पुराना हैंडपम्प इन दिनों बदहाली का शिकार हो गया है, जिससे आसपास के लोग प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। वर्षों से यह हैंडपम्प नगरवासियों के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत रहा है, लेकिन नियमित साफ-सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से इसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। हैंडपम्प के आसपास न तो नाली की व्यवस्था है और न ही जल निकासी का कोई समुचित प्रबंध, जिसके कारण गंदा पानी चारों ओर जमा हो रहा है। इस जमा पानी में फैली गंदगी और बदबू से हालात और खराब हो गए हैं। स्थिति यह है कि हैंडपम्प की चहरी तक गंदगी पहुंच चुकी है, जिससे निकलने वाला पानी भी दूषित होने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गंदगी का आलम ऐसा है कि आसपास जमा पानी को पशु-पक्षी भी पीना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद लोगों के पास विकल्प न होने के कारण उन्हें यही पानी उपयोग में लेना पड़ रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द साफ-सफाई अभियान चलाने और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि पेयजल स्रोतों का संरक्षण और नियमित देखरेख बेहद जरूरी है, ताकि लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके और बीमारियों का खतरा टाला जा सके। प्रशासनिक स्तर पर इस दिशा में ठोस पहल की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

MP BIRLA GROUP
विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड
सीआईएनः L31300MP1983PLC002134
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
कार्पोरेट कार्यालयः 5वां तल, सिग्नेचर टावर–III, टावर सी, सेक्टर 15–II,
एनएच–8, निकट 32वां एवेन्यू, गुरूग्राम–122001 (हरियाणा)
टेलीफोनः (07662) 400400; फैक्सः (07662) 400591
ई–मेलः headoffice@vtlrewa.com; वेबसाइटः https://www.vtlrewa.com

**शेयरधारकों के लिए सूचना**
**भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और अभौतिकीकरण के लिए विशेष विंडो**

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेबी के सर्कुलर नंबर एचओ/38/13/11(2)2026–एमआईआरएसडी–पीओडी/आई/3750/2026 ("सेबी सर्कुलर"), दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक, एक वर्ष की अवधि के लिए उन निवेशकों के लिए खोली गई है, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पहले कंपनी की भौतिक प्रतिभूतियां बेची/खरीदी थीं, और (i) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा नहीं की थीं, या (ii) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा की थीं, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से उन्हें अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था/उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस विंडो की प्रयोज्यता के संबंध में अधिक स्पष्टता के लिए, कृपया नीचे दी गई मैट्रिक्स देखें:

| हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि | क्या आपने 1 अप्रैल, 2019 से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था? | क्या मूल सुरक्षा प्रमाणपत्र उपलब्ध है? | क्या आप वर्तमान समय सीमा में आवेदन करने के पात्र हैं? |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं (यह नया आवेदन है) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ (यह पहले अस्वीकार/वापस कर दिया गया था) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ | नही | × |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नही | नही | × |

इस प्रकार हस्तांतरित प्रतिभूतियाँ अनिवार्य रूप से केवल डीमैट मोड में ही हस्तांतरिती के खाते में जमा की जाएँगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन अवधि में रहेंगी। इस लॉक–इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार–अंकित/गिरवी नहीं रखा जा सकता है। हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों से संबंधित मामले और वे प्रतिभूतियाँ जिन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरित किया गया है, इस प्रक्रिया के अंतर्गत विचार के लिए नहीं ली जाएँगी।

शेयरधारको को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा अनुरोध किया जाता है कि वे मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र, शेयर हस्तांतरण विलेख, क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल) और उपरोक्त सेबी सर्कुलर में सूचीबद्ध सभी अन्ये दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूनिटः विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड), सी–101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083 को प्रस्तुत करें।

किसी भी पूछताछ के लिए, शेयरधारको से अनुरोध किया जाता है कि वे आरटीए को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी को investorgrievance@vtlrewa.com पर सेवा अनुरोध करें।

वास्ते विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड
हस्ता/-
(दिनेश कपूर)
कम्पनी सचिव
तिथि : 17 अप्रैल, 2026
स्थान : रीवा

# जल संरक्षण: तीन हजार कार्यों को पूर्ण करने तैयारी

जागरण अभियान

## सभी जनपद पंचायत में एक नदी का होगा पुर्नजीवन

## पांच नदी उद्गम स्थलों में पौधरोपण का कार्य शुरू

जागरण, सीधी



जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 से जल संरक्षण का कार्य अभियान चलाकर द्रुत गति से चल रहा है। अभियान के दौरान जल संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिससे भू-जल स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिल सके। इसके तहत पौधरोपण का कार्य भी वृहद स्तर पर चल रहा है। जिला पंचायत सीधी द्वारा माह नवंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक कुल 2095 कार्य पूर्ण किए गए हैं। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में कुल 3485 जल संरक्षण के कार्य में से 13 फीसद पूर्ण किए जा चुके हैं। 30 जून 2026 तक जल संरक्षण के कुल 3 हजार कार्यों को पूर्ण करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। नदी पुर्नजीवन हेतु समस्त जनपद पंचायत में एक-एक नदी का चयन किया जाकर कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान के दौरान चयनित नदी की साफ-सफाई के साथ ही अन्य आवश्यक कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। जिससे नदी अपने पुराने अस्तित्व पर लौट सके। जिले में पौधरोपण हेतु प्रत्येक जनपद पंचायत में एक लाख पौधरोपण किए जाने हेतु कुल 5 लाख पौधरोपण का लक्ष्य अनुसार स्थल चयन की कार्रवाई की जा रही है। बारिश होने के बाद अभियान चलाकर पौधरोपण का कार्य जोर-शोर से चलेगा। जिले में 5 नदी उद्गम स्थल में पौधरोपण का कार्य प्रगतिरत है। स्थानीय नदियों के उद्गम स्थल में पर्यावरण को प्राथमिकता देने के लिए पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। यहां रोपित किए जाने वाले पौधों को पानी का अभाव भी नहीं खलेगा और यह आगे चलकर वृक्ष का स्वरूप ले सकते हैं। इसी वजह से नदी उद्गम स्थलों को भी प्राथमिकता से पौधरोपण के लिए चयनित किया गया है। जिले में कुल 145 कंटूर ट्रंच के कार्य चयनित किए गए हैं। जिससे इसका लाभ भी संबंधित इलाके को मिलना शुरू हो सके। समस्त ग्राम पंचायतों में जन भागीदारी से प्याऊ एवं पक्षियों हेतु पानी की व्यवस्था की गई है। ग्रीष्म ऋतु में सूखे कंठों की प्यास बुझाने के लिए पानी की सर्वाधिक आवश्यकता मनुष्यों के साथ ही पक्षियों को भी होती है। इसी वजह से ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक प्याऊ के साथ ही पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था बनाई गई है। जिससे गर्मी के दिनों में आसानी से स्वच्छ एवं शीतल पेय जल उपलब्ध हो सके। सीधी जिले में कुल 736 शासकीय तालाब/अमृत सरोवर निर्मित हैं। उपरोक्त सभी तालाबों में मत्स्य पालन का लक्ष्य रखा गया है। जिससे तालाबों की उपयोगिता के साथ ही आय भी सुनिश्चित हो सके। पूर्व में निर्मित 176 तालाबों को नवीनीकरण/मरम्मत हेतु चयनित किया गया है। जन भागीदारी से 147 तालाबों में गाद निकासी का कार्य किया जा रहा है। जन भागीदारी के माध्यम से हो रहे साफ-सफाई कार्य के चलते तालाबों की उपयोगिता भी बढ़ेगी। जिले की पांच ग्राम पंचायतें जहां पानी की सर्वाधिक समस्या है उन्हें जल स्वावलंबी ग्राम पंचायत के रूप में चयन किया गया है। एवं उक्त ग्राम पंचायतों में 189 कार्यों का चिन्हांकन किया गया है। संबंधित ग्राम पंचायतों में जल स्वावलंबी के कार्य पूर्ण होने के बाद यहां पानी की समस्या का जहां निराकरण होगा वहीं लोगों को भी पानी को लेकर चल रही समस्या दूर हो जाएगी। इस तरह जिला पंचायत द्वारा गर्मी के दिनों में जल संरक्षण के कार्यों को विशेष प्राथमिकता में लेने के साथ ही आवश्यक धन राशि भी जारी की गई है। जिससे सभी कार्य पूर्ण हो सके।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में बढ़ी जन भागीदारी

जल गंगा संवर्धन अभियान का महत्व सामने आने के बाद इसको सफल करने के लिए लोगों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। जन भागीदारी के माध्यम से नदियों की साफ-सफाई का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। स्थानीय तालाबों की सफाई में भी लोगों की सहभागिता बढ़-चढ़कर देखी जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन-जन का अभियान बन चुका है। पानी के महत्व एवं उपयोगिता को समझते हुए लोग इसमें अपना पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों एवं तालाबों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। जन अभियान परिषद से संबद्ध स्वयंसेवी संस्थाएं जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई हैं। अभियान के तहत ग्रामीण जन भी नदियों की साफ-सफाई में अपना पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। गर्मी के दिनों में चलने वाले इस अभियान में लोगों की सहभागिता बढ़ने के साथ ही धरातल पर भी इसका असर दिखने लगा है। जो नदियां पूर्व में गाद के चलते प्रदूषित बनी हुई थी उनकी सफाई का काम विशेष प्राथमिकता में रखा गया है। प्रशासनिक सहयोग के माध्यम से कई नदियों की सफाई का वृहद अभियान भी चलाया जाएगा। जिससे नदियां अपने वास्तविक स्वरूप में फिर से आ सकें। साफ-सफाई के बाद बारिश के दिनों में नदियों में जल संचय का क्षेत्र भी ज्यादा नजर आएगा।

# महाकौशल के सुप्रसिद्ध दो डॉक्टर कल आएंगे सीधी हॉस्पिटल



## आर्थो एवं फेफड़े से संबंधित बीमारियों का होगा इलाज

जागरण, सीधी

प्रियदर्शनी नगर के मेन रोड़ में संचालित सीधी हॉस्पिटल में महाकौशल के सुप्रशिद्ध जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन, कंसल्टेंट ट्रामा एवं आर्थो सर्जन दिल्ली, मुंबई, इंदौर एवं भोपाल से प्रशिक्षित डॉ. राहुल शुक्ला कल 19 अप्रैल दिन रविवार को प्रियदर्शनी नगर में संचालित सीधी हॉस्पिटल में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे। आर्थो से संबंधित मरीज जिसमें घुटने एवं कूल्हे की रिप्लेसमेंट सर्जरी, घुटने, कूल्हे एवं कंधे की आर्थराइटिस, समस्त प्रकार के फ्रैक्चर, घुटने एवं कंध के लिगामेंट्स का टूटना, कमर एवं पीठ का दर्द, घुटने का टेंढ़ापन, स्पोट्स इंजरी, कंधे का जाम होना, झुनझुनाहट एवं सुन्नपन, ज्यादा दूर चलने पर पैरों में भारीपन, गर्दन, कमर, एवं पीठ दर्द से संबंधित मरीज समय पूर्व रजिस्ट्रेशन कराकर परामर्श ले सकते हैं एवं डॉ. अमरेन्द्र शुक्ला फेफड़ों एवं सांस से संबंधित बीमारियों का संपूर्ण समाधान के लिए एलजी, श्वांस, खांसी, निद्रा रोग विशेषज्ञ द्वारा फेफड़ो में पानी भर जाना, फेफड़ों का कैंसर, खांसी में खून आना, श्वास संबंधित तकलीफ, श्वास नली एवं फेफड़ो की जांच, चलते समय सांस का फूलना, लगातार खांसी व जुकाम, दमा( अस्थमा) एवं एलर्जी आदि फेफड़ों की बीमारियों से परेशान मरीज समय पूर्व रजिस्ट्रेशन कराकर डॉ. अमरेन्द्र शुक्ला से परामर्श ले सकते हैं। परामर्श के लिए आज ही सीधी प्रियदर्शनी नगर में संचालित सीधी हॉस्पिटल में जाकर संपर्क करें।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## रजनीश को मिली व्यापारी संघ मझौली की कमान



**जागरण, मझौली।** व्यापारी संघ मझौली की तहसील स्तर की कार्यकारणी गठन की बैठक जिला अध्यक्ष लालचंद्र गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष मझौली शंकर लाल गुप्ता के उपस्थिति में विगत 15 अप्रैल 2026 को मेन मार्केट स्थित राम मंदिर में की गई। जहां पर नगर के युवा व्यापारी रजनीश गुप्ता बल्लू को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया जाकर कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें रजनीश गुप्ता अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल उपाध्यक्ष, शिवराम सोनी उपाध्यक्ष, महेंद्र गुप्ता सचिव, अंबुज मिश्रा संयुक्त सचिव, राजेंद्र गुप्ता सह सचिव, प्रवेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, शुभम गुप्ता खड़ौरा सोशल मीडिया, विजय गुप्ता मीडिया प्रभारी, अशोक गुप्ता खड़ौरा सदस्य, जगन्नाथ गुप्ता करमाई सदस्य, पीतांबर गुप्ता उमरिया सदस्य, विपिन गुप्ता तिलबारी सदस्य, धनुष लाल बैस ताला सदस्य, जगत भान यादव सदस्य, बृजेश गुप्ता सदस्य रूप में शामिल किए गए हैं। बैठक में तहसील स्तर के लगभग दो दर्जन से अधिक व्यापारी शामिल रहे।

## स्वामी विवेकानंद एकेडमी का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**जागरण, मझौली।** जिले के मझौली जनपद शिक्षा केंद्र स्थित स्वामी विवेकानंद एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं का परिणाम 100 प्रतिशत प्रतिशत रहा। सभी छात्रों ने परीक्षा में उच्चतम अंक से उत्तीर्ण होकर माता-पिता के साथ विद्यालय के नाम रोशन किये है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों में श्लोक दीक्षित 96.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, हरिओम गुप्ता 95.6 प्रतिशत द्वितीय, महक गुप्ता 95 तीसरा, भूमिका गुप्ता 94.6, साक्षी गुप्ता 94.6 चौथे स्थान पर रहे। साथ ही विद्यालय में सभी 31 छात्रों में से के 25 प्रथम, 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण किये है। जहां विद्यालय की डायरेक्टर नेहा गुप्ता ने बच्चों के उत्कृष्ट सफलता पर शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय में कार्यरत प्राचार्य, उपप्राचार्या एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को बच्चों के इस सफलता के लिए आभार व्यक्त की है।

## नारी शक्ति का वंदन, विकसित भारत का अभिनंदन: रीता



**जागरण, सीधी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों को उड़ान देने वाला महायज्ञ है। दशकों से लंबित इस अधिकार को धरातल पर उतारकर भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि महिला नेतृत्व वाला विकास ही हमारे संकल्पों की सिद्धि का आधार है। अब नीति निर्धारण में माताओं-बहनों की गूंज और भी सशक्त होगी। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार अभियान के लिए नियुक्त पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना की सह प्रभारी रीता सोनी ने अपने जारी चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक बयान में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि देश की महिलाओं के लिए ये एक भावुक और गर्वपूर्ण क्षण है। पंचायतों से लेकर संसद तक, अब भारत की नारी नए भारत का भाग्य लिखेंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना अमृत काल का सबसे ऐतिहासिक क्षण है। ये हमारी बहनों के सामर्थ्य पर अटूट विश्वास का प्रतीक है।

# महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल



**जागरण, सीधी।** स्थानीय शास्त्री नगर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम में शानदार उपलब्ध हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बता दें कि विद्यालय में सत्र 2025-26 कक्षा दसवीं में कुल 45 छात्र थे, जिसमें 38 छात्रों ने प्रथम श्रेणी अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया, यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के संचालक श्रीमती मंजू रामजी शुक्ला ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी, उन्होंने कहा कि यह परिणाम न केवल छात्रों की लगन को दर्शाता है, बल्कि विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था का भी प्रमाण है। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों और समर्पण ने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंचा है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी, विद्यालय के प्राचार्य कमलेश देव पाण्डेय द्वारा बच्चों को बधाई दी गई, विद्यालय प्रबंधन श्रीमती मंजू रामजी शुक्ला ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी छात्र इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

## समय पर नहीं मिली अंत्येष्टि सहायता तो होगी कार्रवाई

**जागरण, सीधी।** जिला प्रशासन द्वारा अंत्येष्टि सहायता के मामलों में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए पंचायतों के मैदानी अमले, ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिवों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त शिकायतों में यह तथ्य सामने आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जरूरतमंद परिवारों को अंत्येष्टि सहायता समय पर नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें कठिन परिस्थितियों में अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, चुरहट।** शासकीय महाविद्यालय चुरहट में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 17 अप्रैल 2026 को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते तनाव के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेश त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जन अभियान परिषद से विनय कुमार सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तनाव एक सामान्य समस्या बन गया है, लेकिन उचित दिनचर्या, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर परामर्श लेने की भी सलाह दी। एनटीएफ की संयोजक डॉ. स्मृति शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शशी कुमार दुबे, डॉ. आशीष पाण्डेय, डॉ. एसके लगरखा, डॉ. सीके वर्मा, अखिलेश मनु, डॉ. मयूरी सिंह, डॉ. अपर्णा द्विवेदी एवं डॉ. मनीष पाण्डेय सहित अन्य शिक्षकगण, समाजसेवी व पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

## संदीपनि उमावि सेमरिया का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**जागरण, सेमरिया।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में संदीपनि विद्यालय सेमरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं में कुल 222 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 220 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। इनमें 200 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 20 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। इस प्रकार कक्षा 12 का कुल परीक्षा परिणाम 99.10 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 10वीं में 312 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 207 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 का कुल परीक्षा परिणाम 66.34 प्रतिशत दर्ज किया गया। मेधावी छात्रों में कला संकाय के हरिभगत कुशवाहा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मयूरी वर्मा ने 91 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मिश्रा ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे छात्रों एवं शिक्षकों की मेहनत का फल बताया।


RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

**Admission open** for session 2026-27 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068



सीधी हॉस्पिटल में महाकौशल से सुप्रशिद्ध जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन कंसल्टेंट ट्रामा सर्जन एवं ऑर्थोस्कोपी सर्जन, दिल्ली, मुंबई, इंदौर एवं भोपाल से प्रशिक्षित अब आपके शहर सीधी में

डॉ. राहुल शुक्ला

MBBS MS ORTHO (GMC BHOPAL)

जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन, कंसल्टेंट ट्रामा सर्जन एवं आर्थोस्कोपी सर्जन
उपलब्ध उपचार:- घुटने एवं कूल्हे की रिप्लेसमेंट सर्जरी, घुटने, कूल्हे एवं कंधे की आर्थराइटिस, समस्त प्रकार के फ्रैक्चर, घुटने एवं कंध के लिगामेंट्स का टूटना, कमर एवं पीठ का दर्द, घुटने का टेंढ़ापन, स्पोट्स इंजरी, कंधे का जाम होना, झुनझुनाहट एवं सुन्नपन ज्यादा दूर चलने पर पैरों में भारीपन, गर्दन, कमर, एवं पीठ दर्द।

डॉ. राहुल सर के लिए नम्बर लगवाने संपर्क करें - मो. 0724-7630605, 9713154247, 9752752157

डॉ. अमरेन्द्र कुमार शुक्ला

M.B.B.S, MD,DM (AIIMS ORTHO (GMC जोधपुर)
PDCC (SGPGI लखनऊ), EDARM(स्विट्जरलैंड)
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर (SEPM, NSCB मेडिकल कॉलेज जबलपुर
विन्ध्य क्षेत्र के पहले D.M.(AIIMS) पल्मोनोलॉजिस्ट

फेफड़ो एवं सांस से संबंधित बीमारियों का संपूर्ण समाधान

एलजी, श्वांस, खांसी, निद्रा रोग विशेषज्ञ

फेफड़ो में पानी भर जाना, फेफड़ों का कैंसर, खांसी में खून आना, श्वास संबंधित तकलीफ, श्वास नली एवं फेफड़ो की जांच, चलते समय सांस का फूलना, लगातार खांसी व जुकाम, दमा(अस्थमा) एवं एलर्जी।

डॉ. अमरेन्द्र सर के लिए नम्बर लगवाने संपर्क करें - मो. 8770227976, 9425179510, 07822-299095

दोनो डॉक्टर हर महीने के तीसरे रविवार को सीधी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे।

दिनांक - रविवार 19 अप्रैल 2026 मिलने का समय- सुबह 9:30 बजे से दोप. 1 बजे तक

मिलने का स्थान :- सीधी हॉस्पिटल श्री वेंकेटेश्वर भवन, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रियदर्शनी नगर, रीवा रोड, सीधी (म.प्र.)



गृह मंत्रालय भारत सरकार

# हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0037/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# मताधिकार की रक्षा हेतु कोर्ट की सराहनीय पहल

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और संवैधानिक पहरेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। संविधान केअनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को उन मतदाताओं के लिए पूरक सूची जारी करने का निर्देश दिया है, जिनकी अपीलों को ट्रिब्यूनल द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है। यह निर्णय न केवल प्रशासनिक सुधार और व्यक्तिगत अधिकारों के बीच संतुलन बनाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि पूर्ण न्याय के सिद्धांत में किसी भी वैध नागरिक का मताधिकार बलि न चढ़े।

पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान लगभग 27 लाख नामों का हटाया जाना कोई सामान्य प्रशासनिक घटना नहीं है। इतनी बड़ी संख्या में नाम हटने से स्वाभाविक रूप से नागरिक समाज और राजनीतिक गलियारों में चिंताएं पैदा हुईं। हालांकि चुनाव आयोग का तर्क मतदाता सूची को त्रुटिहीन और फर्जी नामों से मुक्त करना है, लेकिन इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता पर हमेशा से सवाल उठते रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची से नाम कटना केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक नागरिक को उसकी राजनीतिक पहचान और निर्णय लेने की शक्ति से वंचित करने जैसा है। हटाए गए नामों में से कई लोगों ने अपीलीय प्राधिकरणों (ट्रिब्यूनल) का दरवाजा खटखटाया। जब ट्रिब्यूनल यह स्वीकार कर लेता है कि किसी व्यक्ति का नाम गलत तरीके से हटाया गया था, तो उस व्यक्ति को तत्काल मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। यहीं पर सुप्रीम कोर्ट की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।
सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 142 का उपयोग यह दर्शाता है कि अदालत ने इस मामले को केवल एक कानूनी विवाद के रूप में नहीं, बल्कि मौलिक अधिकारों के हनन के रूप में देखा। अनुच्छेद 142 कोर्ट को वह शक्ति देता है जहाँ वह मौजूदा कानूनों की सीमाओं से परे जाकर न्याय सुनिश्चित कर सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि यदि किसी नागरिक ने अपनी नागरिकता और पात्रता सिद्ध कर दी है, तो चुनाव आयोग यह बहाना नहीं बना सकता कि अंतिम सूची पहले ही प्रकाशित हो चुकी है। अदालत द्वारा निर्धारित समय सीमा–21 अप्रैल और 27 अप्रैल–प्रशासनिक मशीनरी के लिए एक स्पष्ट संदेश है। यह समयबद्धता सुनिश्चित करती है कि न्याय केवल कागजों पर न रहे, बल्कि मतदाता को मतपेटी तक पहुँचने का वास्तविक अवसर मिले।

बहरहाल, इस आदेश ने चुनाव आयोग के सामने एक बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती खी कर दी है। चुनाव के बीचों-बीच पूरक संशोधित मतदाता सूची तैयार करना, उसे प्रकाशित करना और मतदान केंद्रों तक पहुँचाना एक कठिन कार्य है। लेकिन, लोकतंत्र में सुविधा से ऊपर संवैधानिकता होती है। 27 लाख लोगों के नाम हटने के बाद पैदा हुए अविश्वास के माहौल को कम करने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य था। यह प्रक्रिया यह भी सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के नाम पर किसी भी प्रकार की मनमानी न हो। वोट देने का अधिकार भले ही पूर्ण मौलिक अधिकार न हो, लेकिन यह संवैधानिक अधिकार है जो लोकतंत्र की नींव रखता है। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कार्यपालिका और चुनाव आयोग को उनकी जवाबदेही याद दिलाता है। 21 और 27 अप्रैल की समय सीमा केवल तारीखें नहीं हैं, बल्कि ये उन लाखों नागरिकों की लोकतांत्रिक उम्मीदों की अंतिम सीमा रेखा हैं। यह निर्णय इस बात पर जोर देता है कि डिजिटल और प्रशासनिक सुधारों के दौर में भी मानवीय त्रुटि या प्रशासनिक अति-सक्रियता के कारण किसी को हाशिए पर नहीं धकेला जाना चाहिए। अंततः एक स्वस्थ लोकतंत्र वही है जहाँ सूची से नाम हटाना जितना कठिन हो, एक वैध मतदाता का नाम वापस जोड़ना उतना ही सुलभ हो। कोर्ट ने इस आदेश से लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में समावेशिता की भावना को फिर से जीवंत कर दिया है।

## प्रसंगवश

# मानव विकास की प्रगति में कमी की आशंका

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यानी यूएनडीपी की पश्चिम एशिया युद्ध से भारत पर पड़ने वाले प्रभावों को उजागर करने वाली रिपोर्ट के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। रिपोर्ट बताती है कि ईरान-अमेरिकी युद्ध के चलते भारत में और 25 लाख लोग गरीबी की दलदल में फंस सकते हैं। साथ ही मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका पैदा हो गई है। रिपोर्ट इस बात का भी खुलासा करती है कि पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियों में वृद्धि से एशिया प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

रिपोर्ट बताती है कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से लोगों की घरेलू क्रयशक्ति घट रही है, जिससे खाद्य असुरक्षा भी बढ़ रही है। वहीं विकास कार्यों के लिए निर्धारित सरकारी बजट पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा आजीविका के अवसर कम हो रहे हैं। इस संकट में जहां पूरे विश्व में 88 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने की आशंका है, वहीं भारत में यह अनुमानित संख्या 25 लाख है।

रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में तनाव के चलते एशिया-प्रशांत में तकरीबन 299 अरब डॉलर तक का नुकसान होने की आशंका है।इससे भारत में गरीबी की दर बढ़ सकती है, जिसके 35.40 करोड़ होने की आशंका है। दरअसल, आज भी भारत करीब 90 फीसदी तेल जरूरतों के लिए आयात पर आश्रित है। हम कच्चे तेल का 40 फीसदी से अधिक और रसोई गैस का 90 फीसदी आयात पश्चिम एशिया से करते हैं। साथ ही हम अपने उर्वरकों का 40 फीसदी हिस्सा युद्धग्रस्त पश्चिमी एशिया से आयात करते हैं। एलएनजी की कीमतों में वृद्धि से कोयला आधारित बिजली पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर व्यापार व आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई। निस्संदेह, मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी की वजह से आयातित तेल आदि की कीमतों में वृद्धि हो रही है, जिससे हमारे आयात मूल्य में वृद्धि व निर्यात का नुकसान बढ़ा है। असर हमारी खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। वहीं खाद की आपूर्ति में बाधा का असर खरीफ की फसल पर पड़ने की आशंका है। इस सब के चलते बढ़े दामों का प्रभाव आम आदमी की जेब पर हो रहा है, जिसका रोजगार और आय के मामले में असर बड़ी आबादी पर नजर आ रहा है।

हाल ही में नोएडा और मानेसर में श्रमिक असंतोष को इसकी परिणति के रूप में महसूस किया जा सकता है। दरअसल, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है। आर्थिक परेशानियों के चलते आम आदमी अब अपने जरूरी खर्चों में कटौती कर रहा है। वजह है उसकी आय के साधन सीमित होना। वहीं निम्न आय वर्ग के लोगों में इससे भरण-पोषण का संकट पैदा हो रहा है। श्रमिक असंतोष के बीच आक्रोश उभरा कि महंगाई के अनुपात में उनकी आमदनी नहीं बढ़ रही, फलतः जीवनयापन कठिन होता जा रहा है।

सरकार की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया कि मार्च में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.4 हो गई है, जिसकी वजह पश्चिमी एशिया से उपजा संकट बताया जा रहा है। सवाल यह है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास सिरे क्यों नहीं चढ़ रहे हैं। यदि कदम प्रभावकारी हैं तो फिर महंगाई क्यों बढ़ रही है। वास्तव में खाद्य पदार्थों के दामों में वृद्धि को महंगाई का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

यद्यपि सरकार की दलील है कि खुदरा महंगाई दर केंद्रीय बैंक की रेड लाइन चार फीसदी से नीचे है। लेकिन वास्तव में स्थिर आय के चलते महंगाई अधिक महसूस की जा रही है। लेकिन लोगों की चिंता यह है कि यदि पश्चिम एशिया संकट का शीघ्र समाधान नहीं निकलता है तो महंगाई की मार असहनीय हो सकती है। यदि समय रहते सरकार की तरफ से ठोस प्रयास किए जाते हैं तो महंगाई पर अंकुश लगाना संभव हो पायेगा।



## ऊर्जा संकट
### सबसे सीधा उपाय है कि पेट्रोलियम उत्पादों की खपत कम की जाए

# तेल के झटकों से लें ऊर्जा सुरक्षा के सबक

किरीट एस पारिख

तेल संकट ने यह साफ कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा अब बहुत जरूरी हो गई है। भारत को इस संकट से निपटने के लिए तुरंत कदम उठाने होंगे क्योंकि आने वाले समय में स्थिति और भी खराब हो सकती है। ऐसे में सवाल यह है कि हमारे पास विकल्प क्या हैं? भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों को लगभग 85 फीसदी कच्चे तेल के आयात से पूरा करता है। ऐसे में सबसे सीधा उपाय है कि पेट्रोलियम उत्पादों की खपत कम की जाए।
वर्ष 2025-26 में भारत की कुल खपत लगभग 27 करोड़ टन रहने का अनुमान है। इसमें से 13.2 करोड़ टन (करीब 54 फीसदी) केवल परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल होता है। परिवहन ईंधन में लगभग 6 करोड़ टन हाई-स्पीड डीजल भारी और हल्के व्यावसायिक ट्रकों में लगता है, 2.2 करोड़ टन डीजल अन्य वाहनों में, 4 करोड़ टन पेट्रोल वाहनों में और लगभग 1 करोड़ टन हवाई ईंधन में उपयोग होता है।
वर्ष 2025-26 में कच्चे तेल का आयात लगभग 22.5 करोड़ टन रहेगा। यदि कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल होती है, तो कच्चे तेल के लिए सालाना आयात बिल लगभग 160 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जबकि 60 डॉलर प्रति बैरल पर यह लगभग 80 अरब डॉलर होता। इस बढ़ते खर्च का असर यह हुआ है कि भारतीय रुपया भी गिरकर लगभग 95 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंच गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे।
देश में 6 करोड़ टन हाई-स्पीड डीजल में से करीब 5 करोड़ टन डीजल, भारी ट्रकों द्वारा लंबी दूरी तक माल ढुलाई में इस्तेमाल होता है। यदि कुछ सुधार किए जाएं तब इस माल परिवहन को रेल मार्ग पर स्थानांतरित किया जा सकता है। जिस तरह आधुनिक रेल परियोजनाओं पर ध्यान दिया गया है, उसी तरह माल ढुलाई को तेज, भरोसेमंद, समय पर चलने और शहर के भीतर डिलीवरी के लिए भी निवेश करना होगा।
आज सामानों की ढुलाई के लिए ट्रकों को रेल की तुलना में ज्यादा प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि रेल महंगी पड़ती है। वहीं ट्रक समय पर पहुंचने वाले और भरोसेमंद होते हैं, घर-घर डिलीवरी करते हैं, सामान सुरक्षित रहता है और रेल में कई बार लदान करने और उसे उतारने की जरूरत होती है। लेकिन रेलवे इन सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है।
उदाहरण के लिए, गुजरात के पालनपुर से हरियाणा के रेवाड़ी तक बना वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से 630 किलोमीटर की दूरी केवल 12 घंटे में तय हो जाती है। हालांकि, अभी फ्लैट वैगनों की भी कमी है जिन पर ट्रकों



को रखा जाता है। इस समस्या का समाधान 'ट्रक-ऑन-ट्रेन'मॉडल से किया जा सकता है, जिसमें भरे हुए ट्रकों को सीधे ट्रेन पर चढ़ाया जाता है और गंतव्य पर उतार दिया जाता है। इससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। ऐसी व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए रेलवे को अपने माल भाड़े को कम करना चाहिए क्योंकि अभी यह यात्री किराये को सब्सिडी देने के कारण अधिक है। मौजूदा तेल संकट रेलवे के किराये और माल भाड़े को संतुलित करने का अच्छा अवसर है। साथ ही, रेलवे में फ्लैट वैगनों की संख्या भी जल्द बढ़ाई जानी चाहिए ताकि माल ढुलाई को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। अन्य निर्माणाधीन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए और बड़े शहरों के बीच छोटी दूरी के मार्गों पर भी नियमित मालगाड़ी सेवाएं शुरू की जानी चाहिए। लक्ष्य यह होना चाहिए कि 2030 तक लंबी दूरी के माल परिवहन का 50 फीसदी जो अभी ट्रकों से होता है, उसे रेलवे पर स्थानांतरित किया जाए और 2035 तक इसे 90 फीसदी तक बढ़ाया जाए।
इससे वर्ष 2030 तक ट्रकों में डीजल की खपत लगभग 2.5 करोड़ टन तक कम हो सकती है, जिससे कुल पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में लगभग 10 फीसदी की कमी आएगी और 2035 तक यह कमी 20 फीसदी तक पहुंच सकती है। अन्य वाहनों में इस्तेमाल होने वाले 8.2 करोड़ टन पेट्रोलियम उत्पादों को कम करने के भी बड़े अवसर हैं। भारत पहले से ही कार, टैक्सी, थ्री-व्हीलर और बसों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही, पेट्रोल में 20 फीसदी एथनॉल मिलाने का लक्ष्य भी पूरा किया जा चुका है। हालांकि, एथनॉल की ऊर्जा दक्षता पेट्रोल की तुलना में लगभग आधी होती है। इसलिए 20 फीसदी एथनॉल मिश्रण से माइलेज लगभग 10 फीसदी कम हो सकता है। अगर लोग उतनी ही दूरी तय करते हैं तब कुल ईंधन खपत लगभग 10 फीसदी बढ़ सकती है लेकिन पेट्रोल की खपत में कमी आएगी।
कुल मिलाकर पेट्रोल की खपत में लगभग 12 फीसदी की कमी हो सकती है। भारत एथनॉल का उत्पादन देश में ही कर रहा है, लेकिन इसका बड़ा हिस्सा मक्के से बनता है जो सबसे अच्छा विकल्प नहीं है। बेहतर होगा कि इसे फसल के बचे हुए अवशेष से बनाया जाए। नई तकनीकों और एंजाइम्स की मदद से बना सेलुलोसिक एथनॉल अब सस्ता हो गया है। सरकार ऐसे संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहन भी दे रही है। पीएम-जी-वन योजना के तहत लगभग 150 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाती है और 5 साल तक ब्याज में 6 फीसदी तक छूट भी मिलती है ताकि ऐसे संयंत्र लगाए जा सकें।
हाल ही में दो बड़े एथनॉल संयंत्र शुरू किए गए हैं मसलन भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बारगढ़ में और दूसरा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा पंजाब के बठिंडा में। इन संयंत्रों की आमदनी को ग्रीन प्लास्टिक और बायोचार के लिए लिग्निन जैसे उप-उत्पाद बेचकर और बढ़ाया जा सकता है।
अमेरिका में तो एथनॉल से विमान ईंधन भी बनाया जा रहा है जिसे स्वच्छ ईंधन प्रोत्साहन के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि, भारत में अभी कृषि अपशिष्ट को इकट्ठा करने और उसे संयंत्र तक पहुंचाने की व्यवस्था को और बेहतर बनाना होगा। गांव स्तर पर छोटे-छोटे ब्रिकेट बनाने वाले संयंत्र जिन्हें स्थानीय उद्यमी चलाते हैं, किसान से पराली खरीदकर उसे ब्रिकेट में बदलते हैं। इससे पराली को इकट्ठा करना और उसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाना आसान हो जाता है।
इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहन सबसे बड़ा अवसर देते हैं। भारत का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 30 फीसदी निजी कारें, 70 फीसदी व्यावसायिक वाहन, 40 फीसदी बसें और 80 फीसदी दो/तीन-पहिया वाहन इलेक्ट्रिक हो जाएं। कुल मिलाकर, सड़क पर चलने वाले 30 फीसदी वाहनों को ईवी बनाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के हिसाब से वर्ष 2030 तक लगभग 8 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन होंगे। इससे ट्रकों की डीजल खपत कम होगी क्योंकि कई हल्के वाणिज्यिक वाहन ईवी हो जाएंगे।
हाल में कई शहरों में पेट्रोल और डीजल पंपों पर लंबी कतारें देखी गई हैं, जिससे ईवी अपनाने की गति और बढ़ सकती है। इससे भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में भी मदद मिलेगी जिन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 25 मार्च 2026 को मंजूरी दी गई थी। इस तरह के बहुआयामी प्रयास भारत को ऊर्जा सुरक्षा के करीब ले जा सकते हैं। मौजूदा तेल संकट एक अवसर है, जिसका सही उपयोग करके भारत अपने विकास के रास्ते को अधिक मजबूत और टिकाऊ बना सकता है।

## खुला मंच

# नेपाल, तुम ऐसा क्यों करते हो?

प्रशांत बोराडे

मैं नेपाल की निंदा करता हूँ। हर भारतीय को नेपाल की निंदा करनी चाहिए! सरकार को तुरंत नेपाल को कड़ी चेतावनी देनी चाहिए और ऐसे व्यवहार की सख्त आलोचना करनी चाहिए। जरूरत पड़े तो सेना को भी तैयार रहने के लिए कहा जाना चाहिए!
जरा सोचिए, कर्नाटक का एक 35 साल का रैपर, जो स्ट्रक्चरल इंजीनियर बना, उसे आप काठमांडू का मेयर बना देते हैं और अब नेपाल का प्रधानमंत्री! नेपाल, तुम कुछ भी कर देते हो! पिछले साल तुमने उस जेन जी ग्रुप को लाकर सरकार ही पलट दी। नेपाल, तुम ऐसा क्यों करते हो? तुम्हारी हरकतें हम भारतीयों को बहुत परेशान करती हैं; वाकई बहुत ज्यादा। हम नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं, लेकिन तुम हर दिन कुछ नया कर देते हो!
बालेंद्र शाह नेपाल में एक नई सुबह लाने की कोशिश कर रहा है। वह लोगों से घुलता-मिलता है, काले चश्मे पहनता है, सेल्फी क्लिक करता है। वह प्राइवेट स्कूल और कॉलेज बंद कर रहा है, वीआईपी कल्चर खत्म कर रहा है, और मंत्रियों को आम नागरिकों की तरह व्यवहार करना सिखा रहा है। वह पूरी तरह से युवा कैबिनेट बना रहा है। ये क्या हो रहा है! क्या तुमने कभी सोचा है कि इसका तुम्हारे पड़ोसी भारत पर क्या असर पड़ेगा?
नेपाल तुम सिर्फ अपने देश मे ही बदलाव नहीं ला रहे बल्कि तिरछी नजर रखने वाले पड़ोसियों को भी अपनी शर्ते मानने पर मजबूर कर ले रहे हो। हाल ही मे तुमने चीन के सामने दस परियोजनाओ के संबंध मे अपनी शर्ते रखीं और ताज्जुब की बात यह है की अड़ियल चीन को मानना पड़ा। नेपाल तुम ऐसा कैसे कर लेते हो। तुमने बिना आंखे तरेरे चीन को समझ दिया कि रिश्ते तो रहेंगे, लेकिन पहले नफा नुकसान का आकलन करेंगे फिर आगे बात होगी। वही हम रात दिन दूसरों की चौधराई के तले दबे रहते है।
हमारे देश में राजनीति बुजुर्गों के दम पर चलती है। हम उसी पुरानी पीढ़ी को सत्ता में बनाए रखते हैं। वे अपने तंत्र को इसलिए सहजता से चलाते हैं क्योंकि वे युवाओं के दिमाग में नए विचारों को प्रवेश नहीं करने देते। लेकिन तुम नेपाली लोगों ने पूरी तरह से पुरानी पीढ़ी के केपी शर्मा ओली, प्रचंड, शेर बहादुर देउबा को किनारे कर दिया है और अब नई, युवा, शिक्षित और विशेषज्ञ लोगों को कैबिनेट में ला रहे हो ! तुमने तो एक सरकारी अस्पताल में नर्स रही लड़की को देश का स्वास्थ्य मंत्री तक बना दिया। कम से कम थोड़ा तो सोचो। अगर कल भारत के युवा मोबाइल से नजर उठाकर बगावत पर उतर आए तो हम क्या करेंगे? जो नेपाली यहाँ रात में गश्त करते थे और 'सलाम साब' कहते थे, वे अब इतनी बड़ी बौद्धिक क्रांति से गुजर चुके हैं। हम इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। '

## पारिस्थितिक तंत्र
### उपयुक्त पेड़ों के बिना जंगल बीज फैलाने वाले पक्षियों और स्तनपायी जीवों को खो सकते हैं

# जंगलों की ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने की क्षमता घट रही

मुकुल व्यास

दुनिया के जंगल हमारे पारिस्थितिक तंत्र का आधार हैं और ग्लोबल वार्मिंग से लड़कर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन अब उनकी विशिष्ट भूमिका कमजोर हो रही है क्योंकि जंगलों में तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों की भरमार हो रही है और लंबे समय तक जीने वाली प्रजातियां तेजी से गायब हो रही हैं। स्थिर और लंबे जीवनकाल वाले पेड़ों की जगह तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों को रखना टिम्बर इंडस्ट्री और जंगल की आग के बाद जल्दी संभलने के लिए फायदेमंद है लेकिन बदलते मौसम का सामना करते समय यह जंगलों को बहुत ज्यादा खतरे में डालता है।

डेनमार्क की ओरहुस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने 31,001 पेड़ों की प्रजातियों का वैश्विक विश्लेषण करके बताया है कि तेजी से बढ़ने वाले पेड़ किन जंगलों में हावी हो रहे हैं। डेनिश वैज्ञानिक जेन्स-क्रिश्चियन स्वेनिंग ने नक्शों का इस्तेमाल करके दिखाया कि धीरे-धीरे बढ़ने वाले, खास किस्म के पेड़ तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियों के आगे हार रहे हैं। स्वेनिंग ने उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय इलाकों में ऐसे कई छोटे पेड़ों का उल्लेख किया है जिनके गायब होने की संभावना सबसे ज्यादा है। एक बार जब तेजी से बढ़ने वाले पेड़ किसी जगह पर हावी हो जाते हैं, तो तूफान, सूखा और कीड़े उस जंगल के बड़े हिस्से को एक साथ गिरा सकते हैं।

दरअसल, लकड़ी काटने, सड़क बनाने और आग लगने से खुली धूप वाली जगहें बन जाती हैं, जहां तेजी से बढ़ने वाले पेड़ बहुत जल्दी फैल जाते हैं। हल्की पत्तियों और मुलायम लकड़ी की वजह से ये पेड़ तेजी से बढ़ते हैं। सूखे या गर्मी की वजह से पानी की कमी होने पर भी ऐसे पेड़ों का बढ़ना जारी रहता है। इन पेड़ों में लकड़ी का घनत्व कम होता है, जिसकी वजह से इनके तने आसानी से टूट जाते हैं और जल्दी सूख जाते हैं। विषम परिस्थितियों में हल्की लकड़ी वाले पेड़ों के मरने की संभावना अधिक होती है। लंबे समय तक चलने वाले पेड़ धीरे-धीरे बढ़ते थे। मौसम खराब होने पर उनकी गहरी जड़ें और मजबूत तने जंगल को एक साथ बनाए रखते थे। घनी लकड़ी और मजबूत पत्तियों ने उन्हें सूखे और कीड़ों से बचने में मदद की।

हाल ही में आई एक रिपोर्ट ने ऐसे पेड़ों के टिकाऊपन को जलवायु सुरक्षा से जोड़ा है। इस तरह के पेड़ जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं और स्थिरता और कार्बन भंडारण में योगदान देते हैं। जैसे-जैसे तूफान,



कटाई और गर्मी से जंगलों पर दबाव बढ़ता है, पेड़ों की बाहरी प्रजातियां रोशनी, पानी और पोषक तत्वों के लिए मूल पौधों को घेर लेती हैं। यह दबाव दुर्लभ स्थानीय पेड़ों को खत्म होने के करीब ला सकता है। उष्णकटिबंधीय जंगलों में कई पेड़ों की प्रजातियां छोटे-छोटे इलाकों में मिलती हैं, इसलिए कुछ पेड़ों के खत्म होने से पूरा खाद्य चक्र तेजी से कम हो सकता है।

जंगल कार्बन सिंक का काम करते हैं, वे जितना कार्बन छोड़ते हैं उससे कहीं ज्यादा मात्रा में उसे हटाते हैं। धीरे-धीरे बढ़ने वाले घने पेड़ों ने दशकों तक तनों में कार्बन को बंद रखा, क्योंकि ठोस लकड़ी के हर इंच में ज्यादा पदार्थ समा सकता है। तेजी से बढ़ने वाले पेड़ अक्सर कम उम्र में मर जाते हैं। उनके तने हल्के होते हैं, इसलिए उनमें जमा कार्बन तूफान और क्षय से जल्दी हवा में वापस चला जाता है। इससे जंगल लंबे समय तक कार्बन जमा करने में कम असरदार हो जाते हैं। सही पेड़ों के बिना जंगल उन पक्षियों और स्तनपायी जीवों को खो सकते हैं जो बीज फैलाते हैं, जिससे तूफान या आग के बाद जंगल में रिकवरी धीमी हो जाती है। जंगल के प्रबंधक अक्सर जल्दी फसल के लिए तेजी से बढ़ने वाले पेड़ों को पसंद करते हैं, लेकिन जब पौधों में धीमी गति से बढ़ने वाली प्रजातियां भी शामिल होती हैं, तो जंगल लंबे समय तक अपनी मजबूती बनाए रख सकते हैं। ज्यादा पेड़ चुनने से दुर्लभ आनुवांशिकी सुरक्षित रहती है और जब मौसम का तनाव बढ़ता है, यह जंगल में पुराने विकास वाले गुणों को बनाए रखती है।

एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने जंगलों की एक और भूमिका को उजागर किया है। अध्ययन में पाया गया कि वन की मिट्टी जलवायु परिवर्तन में जितना योगदान दे रही है, उसका हमें अंदाजा नहीं है। यह साल दर साल चुपचाप हवा से मीथेन को अवशोषित करती रहती है। दक्षिण-पश्चिम जर्मनी में लिए गए नए दीर्घकालिक मापों से पता चलता है कि कुछ वनों में यह भूमिगत मीथेन अवशोषण क्षमता कम होने के बजाय मजबूत होती जा रही है। जर्मनी के गोटिंगेन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने लगभग 25 वर्षों तक 13 वन भूखंडों में मीथेन के मूवमेंट का अध्ययन किया और पाया कि मिट्टी की मीथेन अवशोषण क्षमता में प्रति वर्ष लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह निरंतर वृद्धि नम और शुष्क दोनों मौसमों और धीरे-धीरे बढ़ते तापमान के दौरान देखी गई। यह वृद्धि इस धारणा को चुनौती देती है कि जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की मीथेन अवशोषण क्षमता में एक समान कमी आएगी।


नया अध्ययन इस बारे में भी नए सवाल खड़े करता है कि कुछ वन दूसरों की तुलना में तेजी से क्यों बेहतर हो रहे हैं। वनों के सूक्ष्मजीव मीथेन को अवशोषित करते हैं। कम वर्षा के कारण मिट्टी में वायु के लिए अधिक स्थान बचता है, जिससे मीथेन सतह के पास रहने के बजाय तेजी से नीचे की ओर जा सकती है। शुष्क मिट्टी में हवा से भरे छिद्र अधिक होते हैं जिससे मीथेन और ऑक्सीजन दोनों मिट्टी में आसानी से प्रवाहित हो जाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि मीथेन का उपभोग करने वाले सूक्ष्मजीवों को कार्य करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। जांचे गए भूखंडों में शोधकर्ताओं ने मीथेन के अधिक अवशोषण को मिट्टी की कम नमी और धीरे-धीरे बढ़ने वाले मिट्टी के तापमान से जोड़ा। मीथेनोट्रॉफ्स नामक सूक्ष्मजीव मीथेन का ईंधन के रूप में उपयोग करते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अत्यधिक शुष्क परिस्थितियां सूक्ष्मजीवों की गतिविधि को दबा सकती हैं, जबकि लंबे समय तक गीली मिट्टी ऑक्सीजन के स्तर को कम कर देती है और मीथेन उत्पादक सूक्ष्मजीवों को हावी होने का अवसर देती है।

नासा के अनुसार मीथेन कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में अधिक ऊष्मा अवशोषित करती है, लेकिन यह केवल 7 से 12 वर्षों तक ही बनी रहती है। जब मिट्टी मीथेन को अवशोषित करती है, तो यह वायुमंडल में पहुंचने वाली मीथेन की मात्रा को कम कर देती है, जिससे आने वाले वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग का दबाव कम हो जाता है। वन की मिट्टी को इस सेवा के लिए अक्सर श्रेय नहीं दिया जाता। अधिक मीथेन अवशोषण से समस्या का समाधान अपने आप नहीं हो जाएगा, लेकिन इससे उत्सर्जन में कटौती होने तक कुछ समय मिल सकता है।

## जीवन दर्शन

# स्वतंत्रता की अनुपस्थिति में बोझिल जाता है प्रेम

यदि दो लोग इस बात पर सहमत हो जाएं कि उनका संबंध उनकी आध्यात्मिक साधना का माध्यम होगा, तो यह उनके जीवन को एक नई दिशा दे सकता है। ऐसे संबंधों में संवाद केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं रहता, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति और आत्म-बोध का माध्यम बन जाता है। जब भी कोई विचार या भावना मन में उत्पन्न हो, उसे सहजता और ईमानदारी से व्यक्त करना आवश्यक होता है, ताकि कोई भी अनकही भावना भीतर जमा होकर दूरी या भ्रम का कारण न बने। भावनाओं को व्यक्त करते समय सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनमें आरोप या दोषारोपण का भाव न हो।
जब हम बिना किसी पर दोष डाले अपनी बात रखते हैं, तो संवाद अधिक स्पष्ट और स्वस्थ बनता है। उसी प्रकार, अपने साथी की बात को खुले मन से, बिना किसी बचाव या प्रतिक्रिया की जल्दबाजी के सुनना भी उतना ही आवश्यक है। सुनना केवल शब्दों को ग्रहण करना नहीं, बल्कि उस भावना को समझना है, जो कहे गए शब्दों के पीछे छिपी होती है। इसके अलावा, जब हम अपने साथी को अपने विचार और भावनाएं व्यक्त करने के लिए पर्याप्त स्थान और आजादी देते हैं, तब संबंधों में सहजता और विश्वास



का विकास अपने आप होने लगता है। बिना स्वतंत्रता के प्रेम धीरे-धीरे सीमित और बोझिल हो जाता है। वर्तमान क्षण में उपस्थित रहना इस पूरी प्रक्रिया का मूल आधार है। जब व्यक्ति खुद को अपने विचारों या मानसिक मान्यताओं से जोड़कर नहीं देखता, तब उसके भीतर एक गहरी शांति और स्पष्टता उत्पन्न होती है। यदि दोनों साथी इस अवस्था को प्राप्त कर लें, तो उनका संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच जाता है। तब वे एक-दूसरे में अपनी पीड़ा या अचेतनता का प्रतिबिंब नहीं देखते, बल्कि अपने भीतर के प्रेम को एक-दूसरे में पहचानने लगते हैं।
यह प्रेम किसी अपेक्षा या निर्भरता पर आधारित नहीं होता, बल्कि उस गहरी अनुभूति से जन्म लेता है कि हम सभी एक ही अस्तित्व का हिस्सा हैं। इस अवस्था में संबंध किसी आवश्यकता की पूर्ति का साधन नहीं रहता, बल्कि यह एक साझा विकास का मार्ग बन जाता है। ऐसे संबंध में दोनों व्यक्ति परस्पर विकास में सहायक बनते हैं। वे एक-दूसरे को बदलने की कोशिश नहीं करते, बल्कि एक-दूसरे को समझने और स्वीकार करने का प्रयास करते हैं। जब यह स्वीकृति आती है, तब संबंधों में सहजता और गहराई स्वतः विकसित होती है। यही वह प्रेम है, जिसका कोई विरोधी नहीं होता। यह न तो परिस्थितियों पर निर्भर करता है और न ही समय के साथ बदलता है। यह एक स्थायी अनुभूति है, जो तब प्रकट होती है, जब हम अपने भीतर और अपने संबंधों में सच्ची जागरूकता, स्वीकृति और उपस्थिति को स्थान देते हैं। जब दो लोग अपने संबंध को आध्यात्मिक साधना मानकर ईमानदारी से संवाद करते हैं, बिना दोष दिए एक-दूसरे को समझते हैं, और अहंकार से ऊपर उठकर प्रेम को पहचानते हैं, तब उनका रिश्ता अपेक्षाओं से मुक्त होकर गहरी शांति, विश्वास और जागरूकता का स्रोत बन जाता है। यही जीवन को संतुलित, सार्थक और सच्चे प्रेम से परिपूर्ण करता है।

**एक्हार्ट टॉल्ल**

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**बलवानप्यशक्तोऽसौ धनवानपि निर्धन :!**
**श्रुतवानपि मूर्खो सौ यो धर्मविमुखो जनः !!**

**भावार्थ**

जो व्यक्ति अपने कर्तव्य से विमुख हो जाता है वह व्यक्ति बलवान होने पर भी असमर्थ, धनवान होने पर भी निर्धन व ज्ञानी होने पर भी मुर्ख होता है।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं : मंत्री सम्पतिया उइके



## जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने व वन समितियों की भूमिका बढ़ाने पर जोर

**जागरण मंडला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जिला योजना भवन में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, डीएफओ पूर्व श्रीमती प्रीता एसएम, डीएफओ पश्चिम श्री एमएस मौर्य, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्रीमती उइके ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कई निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कार्यों की समय-सीमा पूर्ण हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए। जनजातीय कार्य विभाग एवं ईई आरईएस विभाग क्रमांक 1 व 2 के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण होने थे वह समयावधि से अधिक है। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा लंबित कार्यों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। मंत्री ने पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और जहां कार्य लंबित हैं, वहां आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्यों को गति देने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण किया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। इसके लिए अमृत सरोवर, खेत तालाब, चैकडेम, स्टॉपडेम आदि जल संरचनाओं का निर्माण बेहद जरूरी है जो जल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। बैठक में मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में वन समितियों के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही, जल स्रोतों की नियमित निगरानी एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। जिले के क्षेत्रों में दोना पत्तल वन उत्पाद के द्वारा रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इसके लिए अभी से ऐसे स्थानों का चयन करें जहां दोनापत्तल का कार्य आर्थिक गतिविधि के रूप में बेहतर तरीके से किया जा सकता है। डीएफओ पूर्व एवं पश्चित द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि ग्राम स्तर पर लगातार प्रचार-प्रसार कर आवश्यक जानकारी दी जा रही है कि जंगल में महुआ बीनने लोग अकेले न जाएं। गर्मी के मौसम में वनाग्नि की घटनाएं आमतौर पर अधिक होती है। बरसात के मौसम के पूर्व वृहद स्तर पर पौधारोपण करने की कार्ययोजना पहले से ही तैयार कर ली जाए। इसके तहत जिन पौधों को रोपित करना है उसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित कर लें। छायादार एवं फलदार वृक्षों को इसमें शामिल करें। ऐसे निर्माण कार्य जो वन विभाग की भूमि के अंतर्गत आने से पेंडिंग है उसकी भी जानकारी प्रदान करें। जिससे कि आवश्यक समाधान निकालकर निर्माण कार्य पूरे किए जा सकें। शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित ऐसे भवनविहीन शालाओं की सूची तैयार करें। किसी भी स्थिति में विद्यालय का संचालन जीर्णशीर्ण भवनों में न हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें।

# युवक को 9 टुकड़ों में काटकर सेप्टिक टैंक में डाला

## कपड़े में लिपटे थे बॉडी पार्ट्स, परिजन बोले- बड़े भाई ने हत्या कर शव छिपाया

**जागरण मंडला।** मध्यप्रदेश के मंडला में एक युवक की हत्या कर शव के 9 टुकड़े कर उन्हें घर के सेप्टिक टैंक में छिपाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। टैंक से कपड़े में लिपटे बॉडी पार्ट्स बरामद हुए हैं। परिजनों ने इस हत्याकांड में मृतक के बड़े भाई पर शक जताया है।पूरे मामले का खुलासा तब हुआ, जब घर के सेप्टिक टैंक से तेज बदबू आने लगी। पिता मुन्नालाल साहू ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंक खुलवाया तो अंदर कपड़े में लिपटे शव के कई हिस्से मिले। हालात देखकर मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। बाद में परिजनों ने कपड़ों और अन्य पहचान के आधार पर शव की पहचान आशीष साहू के रूप में की।



## 11 अप्रैल से लापता था युवक

आशीष 11 अप्रैल से घर से गायब था। शुरुआती दिनों में परिवार ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 15 अप्रैल को अंजनिया चौकी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद उसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई।

## हत्या के बाद शव छिपाने की आशंका

घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और कर शव के टुकड़े किए गए और पहचान छिपाने के लिए उन्हें सेप्टिक टैंक में डाल दिया गया।

## परिवार के शक के घेरे में बड़ा भाई

जांच के दौरान शक परिवार के भीतर ही केंद्रित हो गया है। मृतक के बड़े भाई घनश्याम साहू पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने संदेह जताया है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच पहले भी विवाद की स्थिति बनती रही थी।पुलिस के अनुसार, वर्ष 2019 में परिवार में हुए विवाद के बाद दोनों भाइयों की मां घर छोड़कर चली गई थी और तब से वह लापता है। इस पारिवारिक पृष्ठभूमि को भी जांच के एंगल से देखा जा रहा है।

## ट्रैक्टर खरीदने के बाद बदल रहे थे हालात

स्थानीय लोगों के मुताबिक, आशीष ने हाल ही में ट्रैक्टर खरीदा था और उसी से काम कर रहा था, जबकि घनश्याम एक फैक्ट्री में नौकरी करता है।पुलिस परिवार के आर्थिक और आपसी संबंधों को भी जांच में शामिल कर रही है। फिलहाल हत्या के कारण, समय और तरीके को लेकर हर एंगल से जांच जारी है।

# अवैध बोरिंग पर प्रशासन का शिकंजा, मशीन जब्त

**जागरण, सीधी।** जिले के चुरहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसमहर में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे बिना अनुमति के बोरिंग का कार्य किया जा रहा था। यह कार्य गांव के प्राथमिक स्कूल से महज 100 मीटर की दूरी पर संचालित हो रहा था, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना हुआ था। जानकारी मिलते ही एसडीएम विकास कुमार आनंद ने तत्काल संज्ञान लिया और तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष कुमार मिश्रा को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचकर तहसीलदार ने बोरिंग कार्य करवा रहे लोगों से दस्तावेजों की मांग कीए लेकिन कोई भी वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। जांच में सामने आया कि जिस स्थान पर बोरिंग हो रही थी, वह जमीन लक्ष्मीकांत प्रजापति की है, जबकि बोरिंग कार्य कराने का जिम्मा एजेंट जितेंद्र चतुर्वेदी के पास था। दोनों ही पक्षों द्वारा आवश्यक अनुमति नहीं ली गई थी, जिससे यह कार्य पूरी तरह अवैध पाया गया। दस्तावेजों के अभाव में प्रशासन ने तत्काल बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया।

# मंडला में संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव, शरीर पर चोट के निशान, पुलिस ने जताई हत्या की आशंका

**जागरण मंडला।** मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र के ग्राम घुरनेर में एक अधेड़ महिला का शव संदिग्ध हालत में मिला है।महिला के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं, जिससे उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतिका की पहचान तुलसा बाई के रूप में हुई है।लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की सूचना मिलते ही निवास थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।पुलिस ने जताई हत्या की आशंका पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गौर कर रही है। फिलहाल,



पुलिस हत्या और अन्य संभावित कारणों की दिशा में जांच कर रही है।

# ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के मेधावियों ने बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास

## आरना खरे 99 प्रतिशत के साथ जिले में रहीं शीर्ष स्थान पर




**जागरण मंडला ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा से सफलता का नया इतिहास रचा है। विद्यालय ने न केवल 100त परिणाम हासिल किया, बल्कि जिले की प्रावीण्य सूची में भी अपनी जगह बनाई है।विद्यालय की छात्रा आरना खरे ने 99त अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि अपने उपलब्धि से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। सफलता की इस कड़ी में ख्याति अग्रवाल ने 97त अंकों के साथ द्वितीय स्थान और पार्थ कुशवाहा ने 94त अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।आंकड़ों के अनुसार,विद्यालय के 30त छात्र 90त से अधिक अंक लाने में सफल रहे, वहीं 80त छात्रों ने 80त से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण दिया।ब्रेन चाइल्ड एकेडमी की इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यालय के समग्र विकास मॉडल को जाता है। विद्यालय में सुदृढ़ शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ-साथ छात्रों को निरंतर इंडस्ट्री एक्सपोजर और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाता है। विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली करियर गाइडेंस ने छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट रहने और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्राचार्या डॉ. दिव्या शुक्ला का कुशल नेतृत्व और विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन एव राजुल सिंहानी का प्रभावी प्रबंधन रहा है। इनके साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों के अथक परिश्रम और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने हर विद्यार्थी की सफलता सुनिश्चित की।अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# देवहार की उचित मूल्य दुकान में अमानक चावल वितरण पर बड़ी कार्रवाई



## गुणवत्ता सर्वेयर सेवा से पृथक, तीन पर प्रकरण दर्ज

**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न सुनिश्चित करने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में तहसील नारायणगंज के ग्राम देवहार की उचित मूल्य दुकान में खराब चावल वितरण की पुष्टि होने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। ग्राम देवहार में अमानक चावल वितरण की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री धोटे के निर्देश के परिपालन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नारायणगंज एवं जिला प्रबंधक, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन द्वारा संयुक्त रूप से दुकान का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मौके पर वितरित किया जा रहा चावल शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों अनुरूप नहीं पाया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर खराब चावल को वितरण हेतु स्वीकृत करने वाले गुणवत्ता सर्वेयर की लापरवाही को अक्षम्य मानते हुए जिला प्रबंधक द्वारा उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है। संबंधित विक्रेता, प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम (श्वष्ट 、ष्ह्ल) की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से आम नागरिकों को वितरित किए जाने वाले राशन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी यदि किसी केंद्र या दुकान पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राओं की राह हुई आसान, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न

**जागरण मंडला।** छात्राओं के भविष्य को सही दिशा देने और उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों से अवगत कराने के उद्देश्य से स्थानीय पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाराजपुर में एक दिवसीय %करियर काउंसलिंग% कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

**विशेषज्ञों ने दिए सफलता के मंत्र :** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मंगलायतन यूनिवर्सिटी, जबलपुर से आए प्रसिद्ध करियर काउंसलर रूपल ज्योतिषी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक कोर्सेज के साथ-साथ आधुनिक युग के नए और उभरते करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी अत्यंत रोचक ढंग से दी। विशेषज्ञों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के मन में उठने वाली शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।



**विषय चयन पर विशेष जोर :** स्कूल की करियर प्रभारी लता गुरवानी ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कक्षा 10वीं के बाद सही विषय का चुनाव करना भविष्य की नींव रखने जैसा है। सही समय पर मिला यह मार्गदर्शन छात्राओं को भटकाव से बचाएगा।

**स्कूल प्राचार्या का रहा मार्गदर्शन :** यह पूरा आयोजन स्कूल प्राचार्या विभा मिश्रा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं, बस आवश्यकता है तो सही दिशा और कड़े परिश्रम की। इस कार्यक्रम से विद्यालय की सैकड़ों छात्राएं लाभान्वित हुईं।

MP BIRLA GROUP
बिरला केबल लिमिटेड
सीआईएनः L31300MP1992PLC007190
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
टेलीफोन नंबरः +91–7662–400580; फैक्स नंबरः +91–7662–400680
ई–मेलः headoffice@birlacable.com; वेबसाइटः https://www.birlacable.com

शेयरधारकों के लिए सूचना

भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और अभौतिकीकरण के लिए विशेष विंडो

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेबी के सर्कुलर नंबर एचओ/38/13/11(2)2026–एमआईआरएसडी–पीओडी/आई/3750/2026 ("सेबी सर्कुलर"), दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक, एक वर्ष की अवधि के लिए उन निवेशकों के लिए खोली गई है, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पहले कंपनी की भौतिक प्रतिभूतियां बेची/खरीदी थीं, और (i) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा नहीं की थीं, या (ii) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा की थीं, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से उन्हें अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था/उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस विंडो की प्रयोज्यता के संबंध में अधिक स्पष्टता के लिए, कृपया नीचे दी गई मैट्रिक्स देखें:

| हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि | क्या आपने 1 अप्रैल, 2019 से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था? | क्या मूल सुरक्षा प्रमाणपत्र उपलब्ध है? | क्या आप वर्तमान समय सीमा में आवेदन करने के पात्र हैं? |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं (यह नया आवेदन है) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ (यह पहले अस्वीकार/वापस कर दिया गया था) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ | नही | × |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नही | नही | × |

इस प्रकार हस्तांतरित प्रतिभूतियाँ अनिवार्य रूप से केवल डीमैट मोड में ही हस्तांतरिती के खाते में जमा की जाएँगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन अवधि में रहेंगी। इस लॉक–इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार–अंकित/गिरवी नहीं रखा जा सकता है। हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों से संबंधित मामले और वे प्रतिभूतियाँ जिन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरित किया गया है, इस प्रक्रिया के अंतर्गत विचार के लिए नहीं ली जाएँगी।

शेयरधारको को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा अनुरोध किया जाता है कि वे मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र, शेयर हस्तांतरण विलेख, क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल) और उपरोक्त सेबी सर्कुलर में सूचीबद्ध सभी अन्ये दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूनिटः बिरला केबल लिमिटेड), सी–101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083 को प्रस्तुत करें।

किसी भी पूछताछ के लिए, शेयरधारको से अनुरोध किया जाता है कि वे आरटीए को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी को investorgrievance@birlacable.com पर सेवा अनुरोध करें।

वास्ते बिरला केबल लिमिटेड

हस्ता/-
(सुमन)
कम्पनी सचिव

तिथि : 17 अप्रैल, 2026
स्थान : रीवा

# माई नदी घाट पर चला विशेष सफाई अभियान



**जागरण, कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां सतत संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 14 राजीव गांधी वार्ड स्थित माई घाट पर विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया जिसमें जल स्त्रोतों की स्वच्छता के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। निगम प्रशासन द्वारा आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। अभियान के तहत जनसहयोग के माध्यम से श्रमदान किया जाकर घाट के जल में तैर रहे प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर तसले के माध्यम से वाहन तक पहुंचाकर सुरक्षित निपटान हेतु भेजा गया। इस दौरान उपस्थित जनों द्वारा घाट परिसर में फैली गंदगी की व्यापक सफाई की गई। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप नगर निगम द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई, कचरा प्रबंधन एवं जन जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता दी जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल स्त्रोतों के संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा नदी तालाबों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर तिलक महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र छात्राएं एवं निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा इस प्रकार के अभियान निरंतर संचालित कर स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ साथ जल संरक्षण की दिशा में भी सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी किए जाने हेतु संघ ने सौंपा ज्ञापन




**कटनी।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी के मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि 17 अप्रैल को संघ प्रधान शाखा भोपाल के निर्देशानुसार कटनी जिले के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के समस्त विभागों में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की श्रेणी में किया जाने हेतु एक सूत्रीय मांग का मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल को सौंपा गया। शासन से मांग की गई है कि अंशकालीन कर्मचारी जो कि विगत 20 से 22 वर्षों से कार्यरत है और नियमित कर्मचारियों की भांति सेवाएं दे रहे हैं जिनको शासन मजदूरी आवंटन बजट के तहत कोषालय के द्वारा वेतन भुगतान किया जाता है जो कि आज महंगाई के दौर में अल्पवेतन में परिवार की जीवन यापन पालन पोषण करना कठिन हो गया है और आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है अतः संघ मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन से अनुरोध करता है कि उक्त माँग का सहानुभूति पूर्वक निराकरण करने की कृपा करें ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय संगठन प्रचार सचिव पूर्णेश उइके, अजय गौतम, उप प्रांताध्यक्ष नीलेश पौराणिक, अजीमुद्दीन शाह, मनोज श्रीवास, अमृत लाल दुबे, भगीरथ तिवारी, चंद्रमोहन, गणेशन पिल्लई रामपाल सिंह अन्य ने सौंपा।

# राज्य सेवा एवं वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

## जिले में बनाये गये 4 परीक्षा केन्द्र, सुरक्षा के लिये उड़नदस्ता दल गठित

**कटनी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2026 आगामी रविवार 26 अप्रैल को जिले में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिले में 4 परीक्षा केन्द्र निर्धारित करते हुये केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में संपन्न होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित होगा।

### निर्धारित परीक्षा केन्द्र और केन्द्राध्यक्ष

जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज की केन्द्राध्यक्ष प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात होंगी। जबकि परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट हा.से.स्कूल माधवनगर की केन्द्राध्यक्ष प्राचार्य श्रीमती संध्या बेन को बनाया गया है। इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के केन्द्राध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य डॉ.एन बरखेडकर और परीक्षा केन्द्र शासकीय तिलक कॉलेज के केन्द्राध्यक्ष कॉलेजे के प्राचार्य डॉ.सुनील कुमार वाजपेई को बनाया गया है।

### निगरानी हेतु उड़नदस्ता दल गठित

परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिये कलेक्टर ने एक विशेष उड़नदस्ता दल गठित किया है। कलेक्टर ने एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को उड़नदस्ता दल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया और नायब तहसीलदार गैर न्यायालय मझगवां कन्हवारा श्रीमती साक्षी शुक्ला उड़नदस्ता दल की सहयोगी अधिकारी होंगी। कलेक्टर ने इस उड़नदस्ता दल को परीक्षा तिथि पर प्रथम एवं द्वितीय पारी में संचालित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 में सभी परीक्षा केन्द्रों में जांच करने एवं शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही दल को प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों की वीडियोग्राफी कराने और साथ ही उक्त कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्न पत्रों को निकालने व रखने की वीडियोंग्राफी कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

# रामपुर नैकिन जनपद जाने से डरते हैं आरईएस के उपयंत्री

## ईई के निर्देश के बाद भी ज्वाइन नहीं कर रहे उपयंत्री

## भरतपुर सेक्टर में दो माह से नहीं हैं उपयंत्री, कार्य प्रभावित

जागरण, सीधी




ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपयंत्री आयुष सिंह जनपद पंचायत रामपुर नैकिन जाने से डर रहे हैं। उन्हें जो भी विभागीय कार्य दायित्व सौंपा गया है गैर हाजिरी के चलते प्रभावित हो रहे हैं। दरअसल उपयंत्री आयुष सिंह को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत सेक्टर कुंआ एवं भरतपुर के साथ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा चुरहट का विभागीय कार्य दायित्व सौंपा गया था। किंतु उपयंत्री अभी तक कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए। जिसके कारण सेक्टर की ग्राम पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। तत्संबंध में बताया गया है कि वर्तमान में जहां जल संवर्धन को लेकर शासन की महत्वाकांक्षी कार्य हो रहे हैं। उक्त कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करना भी आवश्यक है। ग्राम पंचायतों में कार्य तो शुरू हैं लेकिन किए जा रहे कार्यों को मूल्यांकन उपयंत्री के न रहने से नहीं हो पा रहा है। इस वजह से मजदूरी का भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा है। यदि उपयंत्री का अभाव इसी तरह बना रहा तो निश्चित ही जल्द ही जो भी जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं उनकी प्रगति प्रभावित हो सकती है। मूल्यांकन न होने से जहां मजदूरों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है वहीं अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों की ओर से लगातार जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से इसकी शिकायत की जा रही है। फिर भी उपयंत्री जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में आने से डर रहे हैं। चर्चा है कि उपयंत्री पता नहीं किस कारण से जनपद पंचायत रामपुर नैकिन आना ही नहीं चाह रहे हैं। इसी वजह से विभागीय कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है। उपयंत्री के न आने को लेकर तरह-तरह के कयास लग रहे हैं कि आखिर क्या कारण है कि उपयंत्री यहां की जनपद में काम ही नहीं करना चाह रहे हैं। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी भी उपयंत्री आयुष सिंह की कार्यशैली से काफी हैरत में हैं। उनके द्वारा जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में क्यों काम नहीं करना चाहते इसको लेकर विभागीय अधिकारी भी अभी कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं।

### जनपद सीईओ ने लिखा पत्र

उपयंत्री के लगातार गैर हाजिर रहने से पंचायतों का कार्य काफी प्रभावित हो रहा है। तत्संबंध में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र क्रमांक 9211, दिनांक 15 अप्रैल 2026 को भेजा गया है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपयंत्री आयूष सिंह को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत सेक्टर कुंआ एवं भरतपुर के साथ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा चुरहट का विभागीय कार्य दायित्व सौंपा गया है किंतु संबंधित उपयंत्री अभी तक कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए हैं। जिसके कारण सेक्टर की ग्राम पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। सेक्टर भरतपुर एवं कुंआ की ग्राम पंचायतों में जल संवर्धन एवं संरक्षण 2026 के साथ अन्य कई महत्वपूर्ण एवं समयावधि में पूर्ण होने वाले कई निर्माण कार्यों को समय पर मूल्यांकन नहीं होने के कारण कार्य में संलग्न श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है। वहीं योजना की प्रगति भी प्रभावित हो रही है। आवंटित सेक्टर के कई ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा उपयंत्री की व्यवस्था किए जाने का अनुरोध किया जा रहा है ताकि श्रमिकों की मजदूरी का समय पर भुगतान हो सके।

# वित्तीय अनियमितता के तीन प्रकरणों में सीईओ ने की वन टू वन सुनवाई

**कटनी।** वित्तीय अनियमितता एवं आर्थिक गड़बड़ियों के प्रकरणों में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत तीन प्रकरणों में सात ग्राम पंचायतों की वन टू वन सुनवाई की। सुनवाई के दौरान जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत हीरापुर कोड़ियां, जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बनगवा एवं जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की सनकुई, खमतरा, इमलिया, लालपुर और बरही ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं कार्यरत सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और उपयंत्री आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा ( म.प्र. )**

क्रमांक 66/विशेष विवाह 2025 रीवा, दिनांक 15.05.26

**इश्तहार**

आवेदक मुकेश कुमार मौर्या पिता श्री रामदुलारे मौर्या उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पकड़ी बरामद देउबारी तहसील रूद्रपुर थाना मदनपुर जिला देवरिया उत्तर प्रदेश एवं आवेदिका काजल साकेत पुत्री इन्द्रमणि साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पो. देवगांव, थाना व तहसील मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/- रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक. 15/05/2026

**विवाह अधिकारी**
**जिला रीवा ( म.प्र. )**

R- 85029

# अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध हुई कार्यवाही



## 14 हजार से अधिक की देसी एवं अंग्रेजी मदिरा जब्त, 4 प्रकरण दर्ज

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 1 और 2 में अंतर्गत ग्राम बड़ेरा, टिकरवारा, मोहन नगर, आईबीपी ढाबा, कैलवारा कलाँ बाईपास रोड में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दबिश के दौरान 68 पाव देशी मदिरा मसाला, 40 पाव देशी मदिरा प्लेन, 17 बियर केन एवं 8 पाव गोवा व्हिस्की जब्त की गई। जब्त की गई अवैध मदिरा की कीमत 14 हजार रूपये से अधिक आंकी गई। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, आंचल प्रजापति एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

## स्कूल के समय में परिवर्तन, सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित होंगी कक्षाएं

**कटनी।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के छात्र छात्राओं के लिए शाला संचालन समय में परिवर्तन किया गया है।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
**कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)**
**Mob. - 9425601511/9340714903**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा, मऊगंज, सीधी, पन्ना, अनूपपुर, छतरपुर एवं टीकमगढ़ में विभिन्न मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/ TENDER No. 2026_MPPHC_501175, 501178, 501179, 501180, 501181, 501182 & 501183_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.05.2026 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/125383/2026 **परियोजना यंत्री**

**कार्यालय वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल सतना, ( म.प्र. )**
**( मुख्त्यारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन सतना )**
E-Mail- dfotsatna@mp.gov.in Phone No- 07672-223355

क्रमांक/स्था./3640 सतना, दिनांक 15.04.2026

**विज्ञप्ति सूचना का प्रकाशन**

विषय:- श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक के द्वारा विभागीय जांच में जांच उपपत्ति में अंतिम बचाव उत्तर प्रस्तुत करने बावत्।

विषयांतर्गत श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक वन परिक्षेत्र उंचेहरा मे पदस्थ थे, पदस्थिति अवधि में लगातार दिनांक 17.05.2021 से स्वेच्छापूर्वक, मनमानीतौर से लगातार आज दिनांक तक कर्तव्य से अनुपस्थित है। विभागीय जांच में आरोप पत्र तामील होने के फलस्वरूप भी विभागीय जांच कार्यवाही से भी अनुपस्थित है तथा आरोप पत्र का जवाब भी प्रस्तुत नही किया गया।

इस प्रकार दिनांक 17.05.2021 से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दीर्घशस्ति अधिरोपित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है, जिसमें जांचकर्ता अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकूट के द्वारा भी विभागीय जांच में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र भेजा गया जिसकी पावती अभिस्वीकृत भी आपके द्वारा दी गई थी।

अत: श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक को सूचित किया जाता है, कि आपके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई, तदानुसार जांचकर्ता अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकूट के कार्यालय में उपस्थित होकर आरोप पत्र का जवाब पुस्तुत करने हेतु पत्र जारी किये गये साथ ही सामाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचना प्रकाशित कराई गई। आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत न किये जाने पर एवं विभागीय जांच कार्यवाही मे भी आप अनुपस्थित रहे है। जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा आरोप सिद्ध पाया गया है, जिसमें जांच उपपत्ति की प्रति आपकी ओर भेजी गई हे, साथ ही जांच उपपत्ति पर जबाब प्रस्तुत न करने की दशा में क्यों न अनुपस्थित अवधि का दीर्घशास्ति अंतर्गत सेवा समाप्त की कार्यवाही की जावें। तदानुसार आपकों सूचित किया जाता है, कि दिनांक 24.04.2026 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित कर दिया जावेगा।

**वन मण्डल अधिकारी**
**वन मंडल, सतना ( म.प्र. )**

G- 11699/26

**नोटिस अंतर्गत धारा 138 एन.आई.ए.**

अंकित चौरसिया पिता दुर्गा चौरसिया उम्र 33 वर्ष प्रोपाइटर दुर्गा इंटरप्राइजेज निवासी मऊगंज वार्ड क0 03 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 मो0नं0-9893001423 - नोटिसदाता

**बनाम**

अनिल कुमार गुप्ता पिता रामसुमेर गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम करही पो0 भरिगवां थाना व तहसील नईगढी जिला मऊगंज म0प्र0 मो0नं0-9753626061

- नोटिसग्रहिता

**नोटिस म्यादी 15 दिवस**

यह कि आप नोटिसग्रहिता द्वारा नोटिसदाता की दुकान से जनवरी 2026 मे 5 लाख रू0 का सामान लिया गया था उक्त सामान के एवज मे आप नोटिसग्रहिता द्वारा दिनांक 03-02-2026 को अपने एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा मऊगंज के खाता क0-50100772390249 का चेक क0 000002 नोटिसदाता को दिया जाकर कहा गया कि उक्त चेक के माध्यम से उक्त चेक को अपने खाते मे जमा करके अपनी बकाया राशि वापस प्राप्त कर लेना नोटिसदाता द्वारा दिनांक 04-02-2026 को उक्त चेक को अपने इंडियन बैंक शाखा मऊगंज के खाता नं0-50461213401 मे चेक जमा कर दिया गया था किन्तु नोटिसदाता के बैंक द्वारा उक्त चेक को उसी दिनांक 04-02-2026 को ही अनादरित कर इस मेमोरण्डम के साथ उक्त चेक को नोटिसदाता को वापस कर दिया गया कि आप नोटिसग्रहिता के खाते मे चेक मे दर्शित राशि पर्याप्त नही है जिसके पश्चात नोटिसग्रहिता को दिनांक 16-02-2026 को आपके बैक पते पर प्रथम बार नोटिस रजिस्टर्ड डाक क0 - EI766511180IN भेजी गई थी जो कि डाक विभाग द्वारा इस टीप के साथ दिनांक 23-03-2026 को नोटिसदाता के अधिवक्ता को वापस कर दी गई है कि जिस कारण से पुन: नोटिसदाता द्वारा द्वितीय नोटिस दिनांक 26-03-2026 को आप नोटिसग्रहिता के बैंक पते पर जरिये रजिस्टर्ड डाक क्र० - EI766518418IN से भेजी गई किन्तु उक्त नोटिस भी इस टीप के साथ वापस प्राप्त हुई कि नोटिसग्रहिता घर पर नही है जिस कारण से उक्त नोटिस को दैनिक अखबार मे प्रकाशित कराया जा रहा है।

अत: आप नोटिसग्रहिता को जरिये इस अखबार मे प्रकाशित नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के भीतर नोटिसदाता को 5 लाख रू0 की राशि वापस दिये जाकर उसकी रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा आपके विरूद्व सक्षम न्यायालय मे परक्राम्य लिखित अधि0 1881 की धारा 138 के अंतर्गत सक्षम न्यायालय मे परिवाद पत्र प्रस्तुत किया जावेगा।

दिनांक- 17-04-2026

**नोटिसदाता**
**अंकित चौरसिया पिता दुर्गा चौरसिया**
**प्रोपाइटर दुर्गा इंटरप्राइजेज निवासी मऊगंज वार्ड क0 03 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0**

RN-85030

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# शनिजा अफ़रोज़ ख़ान ने सीबीएसई बोर्ड से 10वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक अर्जित किया



**कटनी।** कैमोर के प्रतिष्ठित उद्योगपति समाजसेवी एवं कटनी भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष इंजीनियर नवाब ख़ान की पुत्री शनिजा अफ़रोज़ ख़ान ने सीबीएसई बोर्ड से 10 वीं की परीक्षा में 97ल अंक अर्जित कर प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर कैमोर के साथ कटनी ज़िले को गौरवान्वित किया।कुमारी शनिज़ा ने,द्व विषय में 100 अंक में से 100 अंक अर्जित किए है। छात्रा भोपाल दिल्ली पब्लिक स्कूल में अध्ययन रत है इंजीनियर नवाब ख़ान वर्तमान में भोपाल में निवासरत है आपकी बड़ी बेटी एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है और पुत्र नायाब 9 वी क्लास में अध्ययन रत है जी की राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में स्कूल का प्रतिनिधित्व कर चुके है साथ पढ़ाई में भी अव्वल श्रेणी में रहते है शानिज़ा की सफलता के लिए सभी ने परिवारजनों को शुभकामनाएँ दी है इंजीनियर नवाब ख़ान की धर्म पत्नी शबीना अफ़रोज़ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर है लेकिन ग्रहणी वरूप में बच्चों की शिक्षा में अपना पूरा समय देती है। श्री नवाब ख़ान ने स्कूल प्रबंधन गुरूजनों शुभचिंतकों इष्टमित्रों का आभार जताया है।

# संबल योजना में आयु संशोधन पर सख्ती, मृत्यु के बाद बदलाव पूरी तरह प्रतिबंधित

**कटनी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में पंजीकृत श्रमिकों की आयु संबंधी प्रावधानों को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि समग्र पोर्टल में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर ही संबल पोर्टल पर श्रमिक की आयु की गणना की जाएगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसारए किसी भी पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु के बाद उसकी आयु जन्म तिथि में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/ 1831 to 1836 / PWD/2026 विदिशा, दिनांक:- 10/04/2026

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेंडर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1831 | 2026_UAD_499975_1 | Rates for Materials to be Hired for Various Events by the Electrical Department vidisha ULB in the Year 2026-27 | I Call | 3500000.00 | 26250.00 | 5000.00 | 12 Month | 15/05/2026 |
| 2 | 1832 | 2026_UAD_499984_1 | Supply of Pesticides Regarding to be put in the parks of the municipal body. | II Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 3 | 1833 | 2026_UAD_499993_1 | Supply of various material in Ramvindra nath taigore building VIP guest rooms vidisha. municipality. | III Call | 250000.00 | 2500.00 | 2000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 4 | 1834 | 2026_UAD_500004_1 | Reparinig work of AC and Electric light in Ravindranath tegor bhawan vidisha | I Call | 700000.00 | 7000.00 | 2000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 5 | 1835 | 2026_UAD_500038_1 | Dead Cattle Bone Leather Contract Financial Year 2025-26 vidisha Municipality. | I Call | 65000.00 | 1300.00 | 1000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 6 | 1836 | 2026_UAD_500495_1 | Animal registration contract Financial year 2026-27 vidisha Municipality. | I Call | 1250000.00 | 12500.00 | 2000.00 | 12 Month | 15/05/2026 |

1-निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद विदिशा**

## संक्षिप्त खबरें

### बैंड आरक्षक के 679 पदों के आवेदन 30 तक



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस बैंड आरक्षक के 679 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार अब इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। इन पदों पर केवल पुरुष आवेदक ही आवेदन कर सकेंगे। पीएचक्यू से मिली जानकारी के मुताबिक इन पदों पर पात्र पुरुष अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के वेबपोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन भर सकेंगे। इस भर्ती का जिम्मा पीएचक्यू की विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) शाखा को सौंपा गया है। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद इन पदों के लिए लिखित परीक्षा की तारीख तय की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में अब हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना के लिए ये भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है।

### 20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की उज्जैन यूनिट ने गुरुवार को रतलाम जिले की सैलाना तहसील के हल्का नंबर 26 के पटवारी कैलाश वडाख्या को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ग्राम अडवानिया निवासी जितेंद्र पाटीदार ने अपने पिता ईश्वर लाल पाटीदार की 5 हेक्टेयर कृषि भूमि के सीमांकन के लिए जनवरी माह में लोकसेवा केंद्र के जरिए आवेदन किया था। तीन माह बीतने के बाद भी जब सीमांकन नहीं हुआ तो पटवारी से संपर्क किया। पटवारी कैलाश वडाख्या ने इसके एवज में 30 हजार रुपये मांगे, जिस पर 23 हजार में सौदा तय हुआ और पटवारी ने तत्काल 3 हजार रुपये ले लिए। गुरुवार को जैसे ही पटवारी ने तहसील कार्यालय के नायब नाजिर कक्ष में शेष 20 हजार रुपये की रकम ली, पहले से तैयार टीम ने उसे दबोच लिया। पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।



### फ्री में अपग्रेड करा सकेंगे टूजी और थ्रीजी सिम

**भोपाल।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने पुराने ग्राहकों को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए पुरानी टूजी और थ्रीजी सिमों को फोरजी में मुफ्त अपग्रेड करने की योजना की अवधि को कुछ और समय के लिए बढ़ा दिया है। कंपनी ने यह फैसला ग्राहकों की मांग के बाद किया है। बीएसएनएल के अनुसार रिप्लेसमेंट के तहत ग्राहकों को अब स्वदेशी फोरजी तकनीक पर आधारित सिम दी जाएगी, जिससे न केवल हाई-स्पीड इंटरनेट मिलेगा बल्कि वॉयस कॉलिंग भी बेहतर होगी। बीएसएनएल के अनुसार अभी तक जिन ग्राहकों ने अपनी पुरानी सिम को नहीं बदला है, वे अपने निकटतम उपभोक्ता सेवा केंद्र पर जाकर सिम को बदलवा सकते हैं। हालांकि, कंपनी ने यह साफ कर दिया है कि यह सुविधा केवल एक सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध रहेगी।

### वेबिनार पुस्तिका का विमोचन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुरुवार को शासकीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार की पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के इस प्रयास को विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक उपयोगी शैक्षणिक पहल बताया।

# एमपी में 52 फीसदी पंचायती राज पर नारी शक्ति की कमान

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से प्रदेश के विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों की भी बदलेगी तस्वीर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** संविधान में 106वें संशोधन के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा और विधानसभा में भी आधी आबादी बराबरी से नजर आने लगेगी। हर दूसरी सीट पर महिला जनप्रतिनिधि विराजमान होंगी। यह सुखद नजारा वर्ष 2029 से बनेगा, लेकिन नारी शक्ति के सशक्तिकरण का मध्यप्रदेश पहले से ही रोल मॉडल बना हुआ है। जहां पंचायती राज व्यवस्था में 52 फीसदी से ज्यादा पद महिलाएं संभाल रही हैं। ग्राम सरकारों के साथ ही नगर सरकार भी महिलाएं बखूबी चला रही हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। राज्य में ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत स्तर तक 2 लाख 90 हजार 41 निर्वाचित महिला जन प्रतिनिधि अपने दायित्वों को निभा रही है,यह पंचायती राज में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का 52.84 प्रतिशत हैं। इनमें 26 जिला पंचायतों की कमान महिलाओं के पास बतौर अध्यक्ष के रूप में है, जबकि 444 जिला पंचायत सदस्य महिलाएं है। यह दोनों संख्या पुरुषों के अनुपात में 50 से 53 प्रतिशत तक ज्यादा है। इसी तरह 179 जनपद अध्यक्ष व 3425 जनपद सदस्य महिलाएं हैं। जबकि राज्य की 11683 पंचायतों को अध्यक्ष के रूप में महिला प्रतिनिधियों द्वारा चलाया जा रहा है। महिला पंचों की संख्या भी 1 लाख 93 हजार 284 है।




### परिसीमन बिल से बढ़ेगी सीटों की संख्या

संसद में परिसीमन बिल भी पेश किया गया है। जिसके लागू होने के उपरांत मध्यप्रदेश में विधानसभा और लोकसभा सीटों में काफी बड़ी वृद्धि होगी। जानकारों की माने तो मध्यप्रदेश विधानसभा की सीटें 230 से बढ़कर 345 तक पहुंच सकती हैं। इसमें महिला आरक्षण लागू होने पर 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाएंगी। सरकार का भी आकार बढ़ेगा। 230 सदस्यों वाली मौजूदा मध्यप्रदेश विधानसभा में सरकार में सीएम सहित 35 विधायक मंत्री बन सकते है। लेकिन परिसीमन के बाद मंत्रियों की संख्या लगभग 52 तक पहुंच सकती है। परिसीमन के उपरांत लोकसभा में भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। ऐसा बताया जा रहा है कि लोकसभा की राज्य से लगभग 14 सीटें बढ़ सकती है,जो वर्तमान 29 सीटे से बढ़कर 43 तक पहुंच सकती है।

### ऐसी बनेगी विधानसभा-लोकसभा की तस्वीर

संसद में संसोधन बिल पर चर्चा के बीच सत्ताधारी दल ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को वर्ष 2029 के चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मन बना लिया है। बिल लागू होने के बाद मध्यप्रदेश की राजनीतिक और चुनावी तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। माना जा रहा है कि विधानसभा में 114 सीटों से चुनाव जीतकर महिलाएं सदन में पहुंचेंगी, जिससे मौजूदा स्थिति की तुलना में महिलाओं की भागीदारी प्रदेश की राजनीति में कई गुना बढ़ जाएगी। अगर मध्यप्रदेश के लोकसभा सीटों पर गौर करें, तो आरक्षण के बाद महिला सांसदों की संख्या में भी काफी वृद्धि होगी। वर्तमान में मध्यप्रदेश से 6 महिला सांसद है,जो नए आरक्षण के उपरांत 14 तक संसद के लिए निर्वाचित हो सकेगी।

### महिला जनप्रतिनिधि का लेखा-जोखा

| पंचायत प्रकार | जनप्रतिनिधि | महिला जनप्रतिनिधि | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **ग्राम पंचायत** | | | |
| सरपंच | 23011 | 11683 | 50.77 |
| पंच | 364895 | 93284 | 52.96 |
| **योग** | **387906** | **204967** | **52.83** |
| **जनपद पंचायत** | | | |
| अध्यक्ष | 313 | 179 | 57.18 |
| सदस्य | 6458 | 3425 | 53.03 |
| **योग** | **6771** | **3604** | **53.22** |
| **जिला पंचायत** | | | |
| अध्यक्ष | 52 | 26 | 50.00 |
| सदस्य | 823 | 444 | 53.94 |
| **योग** | **875** | **470** | **53.71** |
| **कुल योग** | **395552** | **209041** | **52.84** |

### नगरीय निकायों में भी बढ़ेगी महिलाओं की ताकत

मध्यप्रदेश में अगले वर्ष होने वाले निकाय चुनावों में प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होना है, यानि महिला नेत्रियां भी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सीधे मतदाताओं द्वारा चुनी जाएंगी, उन पर जनता का विश्वास बढ़ेगा। यह महिलाओं के लिए राजनीतिक चुनौती की तरह होगा और वे अपने समाज व शहर विकास के लिए पुरुषों की तरह जवाबदेह होंगी। मध्यप्रदेश में दोनों राजनीतिक दलों ने इन संभावनाओं को देखते हुए महिला नेत्रियों को चिन्हित करने का काम भी प्रारम्भ कर दिया है। सत्ता पर बैठी भाजपा निकाय चुनावों में महिलाओं को टिकट देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रेडिट लेने का प्रयास करेगी,तो कांग्रेस भी महिला उत्थान के लिए उनकी सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जनता को जानकारी देगी।

# गुजरात की तरह निष्क्रिय कांग्रेस जिलाध्यक्षों की होगी विदाई

## संगठन सृजन अभियान द्वारा रिव्यू के बाद एक दर्जन जिलाध्यक्षों पर कार्यवाही संभव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने पदाधिकारियों की सक्रियता का आकलन कर रही है। सूत्रों की मानें तो गुजरात की तरह मध्यप्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों पर रिव्यू के बाद गाज गिरना तय है। प्रदेश कांग्रेस के दफ्तर में संगठन सृजन अभियान के प्रभारी वामसी चंद रेड्डी द्वारा पिछले दो दिनों में पांच संभागों के जिलाध्यक्षों से वन टू वन किया गया, तो उनके द्वारा अगले दो दिनों में शेष सभी संभागों के जिलाध्यक्षों की कार्यशैली का रिव्यू किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्षों को संगठन द्वारा सौंपे गए कार्यो के बारे में जानकारी ली जा रही है। सूत्रों की मानें तो अब तक एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों की परफार्मेंस को लेकर संगठन खुश नहीं है। इनमें से कुछ को जिलाध्यक्ष के पद से मुक्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत गुजरात और मध्यप्रदेश में जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। पिछले दिनों गुजरात में संगठन सृजन अभियान से जुड़ी टीम द्वारा वहां के जिलाध्यक्षों की कार्यशैली और उनकी सक्रियता का रिव्यू किया गया था। जिसके बाद वहां के 8 जिलाध्यक्षों को उनकी निष्क्रियता के चलते पद से मुक्त कर दिया गया था। मध्यप्रदेश में भी युवक कांग्रेस के 3 जिलाध्यक्षों सहित 30 पदाधिकारियों के पद होल्ड किए गए हैं। इसी क्रम में जिला कांग्रेस के अध्यक्षों पर निष्क्रियता के चलते उनके पद का संकट आ सकता हैं। इस संबंध में संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ संजय कामले का कहना है कि यदि किसी जिलाध्यक्ष की सक्रियता मापदण्ड पर खरी नहीं उतरती हैं, तो उसे पद से भी हटाया जा सकता है। इसमें लगभग एक माह का समय लग सकता हैं।




### आज तीन संभागों की बैठक

गुरुवार को पीसीसी में सागर, रीवा और इंदौर संभाग के जिलाध्यक्षों से संगठन सृजन अभियान के प्रभारी बामसी चंद रेड्डी ने वन टू वन चर्चा की और उनसे संगठन को लेकर कई सवाल किए। अगले दो दिन बचे हुए संभागों के जिलाध्यक्षों के साथ वन टू वन चर्चा की जाएगी।

### रूठे नेताओं को मनाएंगे

नाराजगी की वजह से घर बैठे नेताओं को मनाने वरिष्ठ नेताओं को घरों तक भेजा जाएगा। गुरुवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि जिन नेताओं में टिकट या पद को लेकर नाराजगी है उन्हें मनाने वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके घर भेजा जाएगा। वर्मा ने बताया कि जब भी पार्टी के कार्यक्रम आहुत होंगे,उनमें इन नेताओं को सक्रिय रूप से शामिल करने की जल्द ही रणनीति तैयार की जाएगी।

# प्रगणकों, पर्यवेक्षकों को मिला मकान सूचीकरण का प्रशिक्षण

## जनगणना: समय सीमा में अपलोड करनी होगी जानकारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत गुरुवार को नगर निगम भोपाल की सीमा अंतर्गत आने वाले सभी 21 चार्ज केंद्रों पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत पहले चरण के तहत होने वाले मकान सूचीकरण और गणना कार्य को लेकर फील्ड ट्रेनर्स ने कर्मचारियों को बारीकियां सिखाईं। इस बार की जनगणना में तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स ने एचएलओ एप के उपयोग और इसकी विभिन्न तकनीकी अवधारणाओं को विस्तार से समझाया। प्रगणकों को बताया गया कि किस प्रकार सीएमएमएस पोर्टल पर डेटा एंट्री की जानी है, ताकि जानकारी सटीक और समय पर अपडेट हो सके।

### प्रशिक्षण के दौरान इन बारीकियों पर दिया जोर

- **ब्लॉक सीमा का निर्धारण :** प्रत्येक प्रगणक को उनकी निर्धारित जनगणना ब्लॉक की सीमाओं के भीतर ही जनगणना करनी होगी। ब्लॉक की सीमाओं के बाहर नहीं जाना है।
- **शून्य त्रुटि का लक्ष्य :** प्रत्येक जनगणना परिवार की गणना अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की दोहरी प्रविष्टि या चूक नहीं होनी चाहिए।
- **विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन :** प्रत्येक जोन में दो-दो अनुभवी फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जिन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों, परिभाषाओं और जटिल प्रक्रियाओं की जानकारी प्रकणकों और पर्यवेक्षकों को दी।

# नहीं बिकीं 100 से ज्यादा वाइन शॉप रिजर्व प्राइज में 45 फीसदी कटौती

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में शेष बची लगभग 100 से अधिक शराब दुकानों की नीलामी के लिए आबकारी विभाग ने एक बार फिर आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइज) में कटौती कर दी है। बार-बार टेंडर बुलाने के बावजूद दुकानों के न बिकने से परेशान विभाग ने अब तय किया है कि ये मदिरा दुकानें अपने मूल आरक्षित मूल्य से 45 प्रतिशत कम तक की कीमतों पर बेची जा सकेंगी। आबकारी विभाग द्वारा जारी नए निर्देश के अनुसार इन वाइन शॉप के लिए अब 22वें राउंड की नीलामी ई-टेंडर के जरिए होगी। विभाग ने साफ किया है कि 21वें चरण में जिन दुकानों के लिए आरक्षित मूल्य के 40 फीसदी से नीचे के ऑफर मिले थे, उन्हें अब 22वें चरण में फिर से ई-टेंडर में शामिल किया जाएगा।



### ठेकेदारों को लुभाने के लिए नई गाइडलाइन

विभाग ने अपनी नई गाइडलाइन में ऑफसेट प्राइज आरक्षित मूल्य से अधिकतम 45 प्रतिशत नीचे तक रखने की अनुमति दे दी गई है। यानी अब ठेकेदार इन वाइन शॉप के लिए आरक्षित मूल्य के 55 प्रतिशत रकम से बोली लगा सकेंगे। ई-टेंडर के जरिए केवल सिंगल दुकानों की नीलामी होगी ताकि छोटे ठेकेदार भी इसमें रुचि ले सकें। विभाग ने साफ कर दिया है कि इन दुकानों को केवल ई-टेंडर के जरिए बेचा जाएगा और कोई खुली नीलामी (ऑक्शन) नहीं की जाएगी। विभाग इस दौर में उन ठेकेदारों को भी शामिल करेगा जिन्होंने पिछले राउंड में आरक्षित मूल्य से 40 प्रतिशत से नीचे के ऑफर दिए थे, जिन्हें विभाग ने होल्ड पर रख दिया था। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इन ठेकेदारों को अब दोबारा बयाना राशि भी जमा करने की जरूरत नहीं होगी। ये टेंडर शुक्रवार को ओपन होंगे।

# राजगढ़ में फिर अफसरों पर उखड़े विधायक, अफसरों के हटने पर ही सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाने का ऐलान

## अस्पताल में ओटी के लोकार्पण में नहीं बुलाने पर नाराज, सीएम तक पहुंची शिकायत

**जागरण, राजगढ़।** राजगढ़ जिले में एक बार फिर अधिकारयों और जनप्रतिनिधियों के बीच तनातनी गर्मा गई है। भाजपा विधायक अमर सिंह यादव जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से बुरी तरह नाराज हो गए हैं। उन्होंने खुले तौर पर ऐलान कर दिया है कि जब तक दोषी अफसरों को हटा नहीं दिया जाता, वे किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। अपनी नाराजगी वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक भी पहुंचा चुके हैं, लेकिन दो दिन बाद भी सत्ता और संगठन स्तर से कोई कार्रवाई न होने से उनकी नाराजगी बढ़ती जा रही है। भाजपा के राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव की नाराजगी जिला अस्पताल में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर के लोकार्पण समारोह के दौरान सामने आई थी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक यादव के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष को भी न तो बुलाया गया था और न विधिवत सूचना ही भेजी गई थी। अपनी अनदेखी से तमतमाए विधायक यादव ने जिले के दो अधिकारियों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया। उन्होंने अपने इस अपमान के लिए सीधे तौर पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल और जिला खेल अधिकारी शर्मीला डाबर को जिम्मेदार बताया। विधायक ने मौके पर ही ऐलान कर दिया कि जब तक दोनों अधिकारियों को हटाया नहीं जाता अथवा निलंबित नहीं किया जाता, वे किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं जाएंगे। विधायक के इस ऐलान से प्रशासनिक और सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। अपनी अनदेखी से नाराज विधायक यादव ने पूरे मामले



### आपसी खींचतान भी सामने आई

विधायक और अधिकारियों के बीच तनातनी के बीच भाजपा में आपसी खींचतान भी सामने आ गई है। विधायक यादव की नाराजगी इस बात से भी है कि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी में उनका अपमान किया गया। राज्यमंत्री ने इस पर आपत्ति भी नहीं की। वहीं अब दोषी अधिकारियों को बचाने के आरोप भी राज्यमंत्री पर लगने से आपसी खींचतान को लेकर चर्चाएं गरम हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के अलावा जिले के भाजपा पदाधिकारियों को भी कार्यक्रम से दूर रखने से विधायक की नाराजगी को समर्थन मिल रहा है।

### यह भी लगाए आरोप

विधायक ने दोनों महिला अधिकारियों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहाकि अस्पताल सेवा का स्थान होता है, लेकिन कुछ लोगों ने इसे अड्डा बना रखा है। गलत तरीके से खरीदी हो रही है, फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं, जिला अस्पताल में गलत तरीके से कैंटीन दे दिया गया। ऐसे कई मामले हैं, जिनकी मैं पूरी जांच करवाऊंगा।

### कलेक्टर से नाराज थे सांसद

राजगढ़ जिले में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच विवाद का यह कोई नया मामला नहीं है। पंचायत स्तरों पर तो विवाद सामने आते ही रहते हैं। सांसद और कलेक्टर के बीच भी खासी तनातनी हो चुकी है। जब जनवरी में तत्कालीन कलेक्टर निधि निवेदिता ने सांसद रोडमल नागर की रैली को अनुमति देने से मना कर दिया था। कलेक्टर ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए सांसद की रैली रोकने के लिए धारा 144 तक लगा दी थी।

# जागी नर्सिंग काउंसिल, अनफिट से फिट कॉलेज में स्टूडेंट्स की शिफ्टिंग शुरू

**925** छात्र-छात्राओं के लिए 1776 सीटें

**100** सुईटेबल कॉलेजों में दिया जाएगा प्रवेश

**नगर संवाददाता, भोपाल।** नर्सिंग घोटाले में हुई सीबीआई जांच की रिपोर्ट वर्ष 2024 में आई थी। इस रिपोर्ट में प्रदेश के सौ से अधिक कॉलेज अनसुईटेबल यानि पढ़ाई के लिए उपयुक्त नहीं पाए गए थे। इस रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2025 में मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल को आदेश दिया कि वह अनसुईटेबल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सुइटेबल कॉलेज में शिफ्ट करे। हाइकोर्ट के इस आदेश पर अमल करने में मप्र नर्सेस रजिस्ट्रार ऑफ काउंसिल को एक साल से ज्यादा का समय लग गया। काउंसलिंग अब अप्रैल में शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू की है, जो कि 5 मई तक चलेगी। देर से शुरू हो रही इस प्रक्रिया के कारण एक हजार स्टूडेंट्स का भविष्य चोपट हो रहा है।

### किस कोर्स में कितने स्टूडेंट्स

काउंसिल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 के बीएससी, पोस्ट बीएससी एवं एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों को शिफ्ट किया जा रहा है। जानकारी अनुसार बीएससी नर्सिंग के 24 अनुपयुक्त कॉलेजों के 778 छात्र-छात्राओं को 99 उपयुक्त कॉलेजों की 1008 रिक्त सीटों पर शिफ्ट किया जाएगा। इसी प्रकार पोस्ट बीएससी नर्सिंग के 02 अनुपयुक्त कॉलेजों के 55 विद्यार्थियों को 35 उपयुक्त कॉलेजों की 612 रिक्त सीटों पर तथा एमएससी नर्सिंग के 08 अनुपयुक्त कॉलेजों के 92 विद्यार्थियों को 23 उपयुक्त कॉलेजों की 156 रिक्त सीटों पर स्थानांतरित किया जाएगा।

### वर्ष 2030 में पूरी होगी पढ़ाई, कौन देगा नौकरी

काउंसिल की लेटलतीफी प्रक्रिया पर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आपत्ति ली है। परमार का कहना है कि जिन स्टूडेंट्स को शिफ्ट किया जा रहा है, वह शैक्षणिक सत्र 2022-23 के प्रवेशित हैं। अब इन्हें शिफ्ट किया जा रहा है, इनमें से कई ऐसे छात्र हैं जो बीएससी संकाय है, इनकी पढ़ाई 2030 में जाकर पूरी होगी। उस समय इन्हें कौन नौकरी देगा। रवि परमार ने कहा कि जो कार्य समय पर किया जाना चाहिए था, वह अब देरी से किया जा रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है।

# नदी के पुनरुद्धार के लिए कार्य योजना बनाएं

**जबलपुर।** एनजीटी ने बैतूल की माचना नदी के पुनरुद्धार के लिए दीर्घकालिक कार्य योजना बनाने का आदेश दिया है। वैज्ञानिक व सतत सफाई उपाय अपनाने पर भी जोर दिया है। यह कदम नदी की खराब स्थिति की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उठाया गया। रिपोर्ट के अनुसार लगभग सात लाख लोगों की जीवनरेखा मानी जाने वाली माचना नदी जलकुंभी और अन्य जलीय खरपतवारों से गंभीर रूप से प्रभावित है। कई स्थानों पर नदी का जल दिखाई भी नहीं देता, जिससे जल में आक्सीजन की कमी, मच्छरों का प्रकोप व डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

# विधायक पुत्र ने थार से पांच लोगों को मारी टक्कर, एफआईआर दर्ज

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश में शिवपुरी जिले के करैरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे ने जिले की सियासत और कानून-व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया। पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी के पुत्र दिनेश लोधी पर आरोप है कि उन्होंने तेज रफ्तार थार से 5 लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें तीन बाइक सवार मजदूर और दो पैदल महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना सुबह करीब 7.30 बजे थाने के सामने की बताई जा रही है। दतिया जिले के संहेड़ा निवासी संजय परिहार अपने साथियों आशीष और अंशुल के साथ बाइक से मजदूरी के लिए जा रहे थे, उनके आगे सीता वर्मा और पूजा सोनी पैदल चल रही थीं। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार थार ने पहले बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और फिर दो महिलाओं को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा- विधायक के लिए पुत्र-परिवार बड़ा नहीं होता, जनता सर्वोपरि होती है। पुलिस-प्रशासन से उम्मीद है कि करैरा पीड़ितों को न्याय दिलवाए। चश्मदीदों के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल सड़क पर तड़पते रहे, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### एकात्म पर्व: एकात्मता के संदेश ...

के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। इस मौके पर द्वारका शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती एकात्म धाम की संकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि प्राणी मात्र में परमात्मा का दर्शन करने वाला ही एकात्मता सिद्ध कर सकता है। व्यक्ति में एकात्म बोध होना आवश्यक है। ब्रह्म, भगवान और आत्मा तीनों एक हैं। प्राणी मात्र में विद्यमान आत्म तत्व का ज्ञान ही एकता का आधार है। सद्-चित-आनंद का भाव ही एकता है। इस जगत से जगदीश्वर को प्राप्त करना ही हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि गौमाता, धरती माता और जन्म देने वाली माता का सम्मान होना आवश्यक है। गौमाता की सेवा और रक्षा को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, संस्कारों से समृद्ध होती है। व्यक्ति विश्व को जानना चाहता है, लेकिन अपनी आत्मा से साक्षात्कार नहीं करना चाहता है। प्राणी मात्र में आत्मा रूपी जो तत्व विद्मान है, वहीं एकात्म है। तत्व को समझते हुए हमें अपने लक्ष्य और उसकी प्राप्ति की जानकारी होनी चाहिए। शरीर केवल भोग-विलास के लिए नहीं है, इस दृश्य जगत से हमें अदृश्य ईश्वर को प्राप्त करना है। एकात्मा को सिद्ध करने के लिए वेदों की आवश्यकता है। वेदों में कही गई बातों का पालन करना चाहिए। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की उपाध्यक्ष निवेदिता भिड़े ने कहा कि हम सभी की आत्मा एक है, शरीर मात्र एक साधन है। मनुष्य शरीर, एकात्म का सबसे सुंदर उदाहरण है, शरीर में कई अंग है, लेकिन चेतना एक है। संपूर्ण विश्व में हम सभी ईश्वर की कोशिकाओं की तरह हैं, इन कोशिकाओं का प्राण ईश्वर ही है, जो सर्वथा एक है। हमारे वेदों में विद्यमान क्वांटम फिजिक्स और पर्यावरण के सिद्धांतों को विश्व आज समझ रहा है। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के प्रो. जयकिशोर एस. शास्त्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के अंतर्गत आचार्य शंकर की 108 फीट एकात्म प्रतिमा का लोकार्पण 2023 में हो चुका है। ओंकारेश्वर में 2400 करोड़ की लागत से आचार्य शंकर का अद्वैत लोक संग्रहालय का कार्य प्रगति पर है।

### 15 मिनट में 5 बदमाशों ...

लोगों को नहीं लगी। बदमाश अपने साथ कपड़े का बोरा और पिट्ठू बैग लेकर आए थे। हैरानी की बात है कि इस शाखा से रोजाना लाखों का कारोबार होता है, लेकिन इसके बाद भी बैंक की इस ब्रांच में वारदात के वक्त कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। जानकारी के मुताबिक लुटेरे बैंक की हर गतिविधि से पूरी तरह वाकिफ थे और बकायदा उन्होंने बैंक की रेकी की थी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और पूरे जिले की नाकाबंदी कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक से भागे डकैतों की तस्वीरें बैंक के सामने और मेन रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं। पुलिस ने घटना के बाद स्पेशल टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश में रवाना कर दी हैं, जो जगह-जगह छापे मारकर आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं।

**भागते समय गिरा कट्टा** घटना के बाद पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें तीन बदमाश बाइक पर बैठकर भागते हुए नजर आए। भागते समय बदमाशों का देसी कट्टा बैंक से कुछ दूर गिर गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# दिनदहाड़े बैंक में धावा, फायरिंग के बीच लाखों की लूट, सिंगरौली में हाई अलर्ट

## बैढ़न के व्यस्त इलाके में वारदात 4-5 हथियार बंद बदमाशों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा को बनाया निशाना




जागरण, वैढ़न

जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े बैंक लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। टॉकीज चौराहे के पास स्थित ठंदा वि डींतींजतं की शाखा में 4-.5 हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर लाखों रुपये लूट लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों ने बैंक में घुसते ही कर्मचारियों और ग्राहकों को हथियारों के बल पर काबू में कर लिया। दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की गई और कुछ कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान बैंक परिसर में अफरा.तफरी मच गई और लोगों को जमीन पर बैठने के लिए मजबूर किया गया। बदमाश कुछ ही मिनटों में कैश लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री मौके पर पहुंचे। पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी करते हुए नाकाबंदी कर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई लूट से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आईजी रीवा गौरव राजपूत पहुंचे सिंगरौली

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैंक ऑफ़महाराष्ट्र में हुई सनसनीखेज बैंक डकैती के मामले की जानकारी एवं अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर रीवा आईजी गौरव राजपूत सिंगरौली पहुंच गए हैं। देर रात पहुंचेंगे प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना देर रात सिंगरौली पहुंचेंगे, डकैती मामले की करेंगे जांच प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डीजीपी कैलाश मकवाना आज देर रात` सिंगरौली पहुंचेंगे। उनके दौरे को लेकर पूरे जिले के पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। डीजीपी का यह दौरा हाल ही में बैक ऑफ महाराष्ट्र बैंक में बंदूक की नोक पर दिनदहाड़े हुई लूटपाट की गंभीर घटना के मद्देनजर बेहद अहम माना जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार डीजीपी स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की गहन जांच करेंगे और अब तक की पुलिस कार्यवाही की समीक्षा करेंगे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर भी कड़े निर्देश दिए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि डीजीपी मकवाना कल पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी करेंगे। इस बैठक में जिले में बढ़ते अपराध पुलिसिंग की स्थिति और लापरवाही के मामलों पर विस्तार से चर्चा होगी। जानकारी के मुताबिक डीजीपी आज रीवा पहुंचेंग जहां से वे सीधे सिंगरौली के लिए रवाना होंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैंक लूट जैसी संगीन वारदात के बाद डीजीपी का यह दौरा न केवल जांच की दिशा तय करेगा बल्कि जिले की कानून.व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश भी देगा। अब देखना होगा कि इस दौरे के बाद पुलिस विभाग में क्या बड़े बदलाव सामने आते हैं।

## नगर निगम आयुक्त ने स्व गणना को लेकर नगरवासियों को किया प्रेरित

**जागरण वैढ़न।** नगर निगम आयुक्त ने स्व.गणना अभियान को लेकर शहरवासियों से बड़ी अपील करते हुए कहा है कि 16 से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में प्रत्येक नागरिक अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज करें। नगर निगम आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने स्वयं भी स्व.गणना कर नगरीय क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जनगणना को सरल पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। आयुक्त ने बताया कि स्व.गणना की प्रक्रिया बेहद आसान है और इसे मात्र एक मिनट में पूरा किया जा सकता है। नागरिकों को अपने घर से जुड़ी आवश्यक जानकारी जैसे मकान की स्थिति कच्चा या पक्का पेयजल की उपलब्धता उपयोग किए जाने वाले अनाज तथा घर में उपलब्ध वाहनों की जानकारी साझा करनी होगी जिससे आंकड़े अधिक सटीक और विश्वसनीय बनेंगे। उन्होंने युवाओं एवं बच्चों से विशेष रूप से इस अभियान में जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी से शहर और देश के विकास को नई गति मिलेगी।आयुक्त ने नागरिकों से निर्धारित समयावधि में स्व.गणना पूर्ण करने का आग्रह किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन को जागरूक करते हुए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करें। इस अवसर सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सिंह जनगणना संचालनालय भोपाल से जनगणना अधिकारी हुसैन अली उपस्थित रहे।

## जनगणना-27 तीसरे दिन व्यावहारिक प्रशिक्षण पर रहा जोर



### तीसरे दिन फील्ड कार्य की बारीकियों पर मिला विशेष प्रशिक्षण

**जागरण, वैढ़न।** शासकीय महाविद्यालय बैढ़न के विज्ञान भवन में आयोजित जनगणना-27 के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन का सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख जनगणना अधिकारी नगरीय सविता प्रधान गौंड के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर कार्य निष्पादन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं डेटा की शुद्धता बनाए रखने तथा डिजिटल प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। वहीं जनगणना संचालनालय भोपाल से सिंगरौली के जनगणना अधिकारी हुसैन अली चार्ज अधिकारी एच.एम. श्रीवास्तव एवं प्रवीण गोस्वामी ने प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना अधिकारी बैढ़न जोन एच.एम. श्रीवास्तव ने कहा कि सभी प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को आत्मसात कर त्रुटिरहित जनगणना का कार्य संपादित करें। तीसरे दिन प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों प्रपत्रों के सही संधारण तथा डिजिटल डेटा एंट्री में सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए निर्धारित सत्र को पूर्ण किया। प्रशिक्षण उपरांत आईडी कार्ड एवं नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## कुटुंबकम संस्थान कनपुरा बाल विवाह के प्रति कर रहा जागरूक



**जागरण, वैढ़न।** अक्षय तृतीया में बाल विवाह रोकने हेतु संस्था कनपुरा कुटुंबकम संस्थान जो कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की पार्टनर संस्था है के द्वारा जिला सिंगरौली में गांव.गांव प्रचार प्रसार किया जा रहा है अक्षय तृतीया में अच्छी लगन होने की वजह से ज्यादा शादियां की जाती हैं जिला सिंगरौली में संस्था द्वारा गांव.गांव में प्रचार प्रसार कर अक्षय तृतीया में बाल विवाह को रोके जाने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है संस्था द्वारा सभी धर्म गुरुओं के साथ बातचीत की जा रही है सभी धर्म गुरुओं से निवेदन किया जा रहा है कि बाल विवाह मुक्त सिंगरौली बनाने में अपना योगदान दें अगर बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल सरपंच महिला बाल विकास विभाग या पुलिस डिपार्टमेंट को दें साथ ही लोगों को बताया जा रहा है की बाल विवाह में जो सम्मिलित होते हैं तो उन्हें 2 साल की सजा एवं 100000 तक का जुर्माना भी हो सकता है इस पूरे अभियान को संचालित करने में महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ जितेंद्र गुप्ता एवं बाल संरक्षण अधिकारी नीरज शर्मा का योगदान बराबर प्राप्त हो रहा है संस्था की कोऑर्डिनेटर वंदना विश्वकर्मा ने बताया कि हम अक्षय तृतीया पर गांव.गांव बाल विवाह रोकने पर नजर बनाए हुए हैं हमारे वालंटियर इस काम के लिए पूरी तत्परता से लगे हुए हैं।

### एएन वर्मा पूर्व कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन एनटीपीसी लिमिटेड के नेतृत्व में

## मास्टरिंग ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप कार्यशाला का समापन



**जागरण, शक्तिनगर।** ऑन्टोलॉजिकल लीडरशिप फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम मास्टरिंग ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप् का सफलतापूर्वक समापन 15 एवं 16 को एनटीपीसी सिंगरौली में हुआ। यह कार्यशाला मध्य एवं वरिष्ठ नेतृत्व के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई जिसमें संगठनात्मक परिवर्तन नैतिक नेतृत्व एवं विजन.आधारित संस्कृति निर्माण पर गहन विचार.विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के निदेशक एवं पूर्व कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन एनटीपीसी लिमिटेड ए. एन. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के जटिल और परिवर्तनशील कार्य.परिदृश्य में नेतृत्व केवल निर्णय लेने तक सीमित नहीं है बल्कि यह व्यक्ति की सोचए दृष्टिकोण और मूल्यों से संचालित होता है। उन्होंने ऑन्टोलॉजिकल सिद्धांतों के माध्यम से नैतिक एवं प्रभावशाली निर्णय.निर्माण एडैप्टिव लीडरशिप के महत्व तथा विजन.ड्रिवन संस्कृति के निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के अनुरूप नेतृत्व कौशल विकसित करनेए संवाद की स्पष्टता बनाए रखने तथा संगठनात्मक परिवर्तन को सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों सिमुलेशन केस स्टडी एवं समूह प्रस्तुतियों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। प्रतिभागियों ने अपने फीडबैक में कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी प्रासंगिक एवं प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे प्राप्त सीख उनके दैनिक नेतृत्व कार्यों में तुरंत लागू की जा सकेगी। उन्होंने विशेष रूप से कार्यक्रम की सहभागितापूर्ण शैली और वास्तविक उदाहरणों को अत्यंत प्रभावशाली बताया। कार्यक्रम के शुभारंभ में संदीप नायकपरियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने संदेश में कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली जैसे बड़े एवं गतिशील परियोजना में परिवर्तनकारी नेतृत्व की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को समय की मांग बताते हुए कहा कि इससे न केवल नेतृत्व क्षमता का विकास होता है बल्कि संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए सिद्धार्थ मंडल मानव संसाधन प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली ने कहा कि यह कार्यशाला केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं बल्कि नेतृत्व दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन का एक सशक्त मंच है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारने टीमों को प्रेरित करने तथा संगठनात्मक उद्देश्यों के साथ स्वयं को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन में नवाचार सहयोग एवं उत्कृष्टता की संस्कृति को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा किया गया एवं प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान के अनुपालन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के संयोजन में राहुल प्रसाद उप महाप्रबंधक कर्मचारी विकास केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिनके समन्वय एवं सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संकाय ए. एन. वर्मा एवं योगी बालकृष्ण के प्रति उनके ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सत्रों के लिए आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यशाला प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने संगठनात्मक परिवर्तन को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

## सीएसआर पहल के तहत जिला 22वीं एथलेटिक्स मीट को मिला प्रोत्साहन







### उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच

**जागरण विंध्यनगर।** जिले में आयोजित 22वीं जिला एथलेटिक्स मीट में खेल प्रतिभा का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। जिला एथलेटिक एसोसिएशन सिंगरौली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 22 स्कूलों के कुल 390 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत इस आयोजन को प्रायोजित कर खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतियोगिता में 85 ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा आयोजित की गईं जिनमें दौड़ कूद और थ्रो इवेंट शामिल रहे। ये प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 और अंडर 20 में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल उपस्थित रहे। उनके साथ श्रीमती रूमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल एवं प्रणव वर्मा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। यह वार्षिक एथलेटिक्स मीट खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही है जहां विजेता खिलाड़ी अगस्त 26 में जबलपुर में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स मीट में सिंगरौली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद उन्हें नेशनल इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

## जनगणना प्रशिक्षण का प्रथम सत्र समाप्त प्रतिभागियों को नियुक्ति आदेश मिले

### प्रशिक्षण पूरा, प्रगणक अब फील्ड के लिए तैयार



**जागरण, वैढ़न।** जनगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए आयोजित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति आदेश एवं आधिकारिक पहचान पत्र वितरित किए गए। चार्ज अधिकारी एच.एम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में आगामी जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से पूरी निष्ठा एवं सटीकता के साथ डेटा संग्रह करने का आह्वान किया। श्जनगणना देश की नीतियों और योजनाओं का आधार होती है इसलिए इसमें शत.प्रतिशत सटीकता बेहद आवश्यक है।इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए और फील्ड कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी चुनौतियों के समाधान बताए। नियुक्ति आदेश प्राप्त करने के बाद सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अब अपने.अपने आवंटित क्षेत्रों में कार्य करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जनगणना कार्य को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।

## पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी को आम आदमी पार्टी में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी



**जागरण, वैढ़न।** आम आदमी पार्टी सिंगरौली के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी को आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपी है ज्ञात हो कि राजेश सोनी के सिंगरौली जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में सिंगरौली नगर निगम महापौर एवं पार्षदों ने जीत हासिल की थी साथ ही राजेश सोनी के नेतृत्व में ही आम आदमी पार्टी ने बरगवां नगर परिषद में नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं पार्षदों की जीत हासिल की थीएपिछले 2 वर्षों से पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नवागत प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने बिना किसी पद पर रहे ही आम आदमी पार्टी के बैनर तले सिंगरौली की गंभीर समस्याओं जैसे बेरोजगारी भ्रष्टाचार सड़क दुर्घटना को रोकने एवं बड़े कोल वाहनों के लिए अलग सड़क बनाने के मुद्दे को उठाते हुए कोल वाहनों एवं राखड़ वाहनों को अलग सड़क की मांग को लेकर उच्च न्यायालय का रुख किये थे सिंगरौली जिले के डीएमएफ फण्ड को जिले में खर्च करने एवं अन्य जिले प्रदेशों में जाने से रोकने पर भी हमेशा मुखर हो कर आवाज उठाते रहे इसके अलावा एनटीपीसी के हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कमी एवं अच्छी चिकित्सा ब्यवस्था के लिए लड़ाई निरंतर लड़ते रहे सिंगरौली जिले के दूरदराज में पीने की पानी एवं आवागमन के लिए सड़क रेलवे जैसे सुविधाओं का मुद्दा उठाते रहे हैं पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नवागत प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने एनसीएल सिंगरौली में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ में हो या सिंगरौली के युवाओं के रोजगार के लिए कोयला खदान में आंदोलन करना हो ऐसी लड़ाई लड़ते रहते हैं जिसको देखते हुए आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर ने राजेश सोनी को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा ने भरी हुंकार निकाली स्कूटी रैली




**जागरण, वैढ़न।** महिला सशक्तीकरण की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए ऐतिहासिक कदम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आज ऊर्जाधानी सिंगरौली भगवा रंग में रंगी नजर आई। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह के कुशल नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा एक स्कूटी रैली और विशाल नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्ग से हुआ जहाँ सैकड़ों की संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी स्कूटियों पर सवार होकर निकलीं। हाथों में पार्टी के ध्वज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते पोस्टर लिए इन महिलाओं ने शहर के मुख्य चौराहों से गुजरते हुए अधिनियम का जोरदार स्वागत किया। स्कूटी रैली जिस मार्ग से भी गुजरी वहाँ आम नागरिकों ने भी नारी शक्ति के इस उत्साह का अभिवादन किया। यह भव्य स्कूटी रैली भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री ऋचा सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तथा कलात्मक नवाचार की प्रभारी महिला मोर्चा जिला मंत्री वर्षा दुबे शर्मा के नेतृत्व मे केंद्रीय विद्यालय में कलात्मक नवाचार का प्रदर्शन कर प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नारी शक्ति आत्मनिर्भरता और विकास को चित्रित कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी धन्यवाद ज्ञापित किया। रैली के पश्चात आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में मातृशक्ति एकत्रित हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को अब विधायी संस्थाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं बल्कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी देने का एक पवित्र संकल्प है जो अब धरातल पर मूर्त रूप ले रहा है। उपस्थित महिला वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दशकों से लंबित इस मांग को पूरा कर भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया है कि मोदी है तो मुमकिन है। वक्ताओं ने कहा कि अब देश की बेटियां और महिलाएं राजनीति के उच्च शिखरों पर बैठकर राष्ट्र निर्माण में अपना सीधा योगदान देंगी। सम्मेलन के अंत में पदाधिकारियों ने गांव.गांव जाकर केंद्र सरकार की इस उपलब्धि को बताने और महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा वरिष्ठ नेत्री मधु जा देवंती गुप्ता कुसुम शाह आशा पांडे रीता सोनी साबरमती कुशवाहा रजनी सिंह सत्यभामा सिंह महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा ज्योति चौरसिया समेत सैकड़ों मातृशक्तिगण शामिल रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी चौपाल का आयोजन



**पन्ना ।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा शाहनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत बिसानी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी चौपाल के आयोजन सहित गांव के तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने इस अवसर पर किसानों को पानी के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में अवगत कराया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित टपक सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई एवं पोर्टेबल सिंचाई योजना के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सभी उपस्थित किसानों को इन योजनाओं में पंजीयन करवाकर लाभ प्राप्त करने की सलाह दी गई। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी यमन सिंह ने विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा तालाब की साफ-सफाई कर ग्रामीणों से तालाब को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की गई। इस दौरान तकनीकी सहायक निधि बागरी एवं मानसी श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

## अजयगढ़ के तालाब में किया श्रमदान



**पन्ना ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद अजयगढ़ द्वारा खोए तालाब में जनसहभागिता से सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रमदान के जरिए जल स्रोतों के संरक्षण व पुनरूद्धार का संकल्प भी लिया गया। विकासखंड समन्वयक क्षमा खरे सहित नवांकुर संस्था प्रमुख महेन्द्र यादव, सभी परामर्शदाता एवं गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए और नदी घाट की सफाई में योगदान दिया। जन अभियान परिषद द्वारा दीवार लेखन के जरिए भी अभियान के महत्व के बारे में आमजनों को जागरूक किया जा रहा है।

## आरटीई के अंतर्गत चयनित स्कूलों में अब 25 अप्रैल तक अभिभावक विद्यार्थियों का करा सकेंगे एडमिशन

**पन्ना ।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था। आवंटन के बाद अभिभावकों को 3 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों का प्रवेश आवंटित विद्यालय में कराने के निर्देश दिए गए थे। अभिभावकों की मांग व विद्यार्थियों के हित को देखते हुए अब प्रथम चरण में आवंटित विद्यालय में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 25 अप्रैल 2026 कर दी गई है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी पालक द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि उनके बच्चे को आवंटित निजी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और जिला परियोजना समन्वयक मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित अशासकीय विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे। साथ ही संबंधित बच्चे को आवंटित विद्यालय में प्रवेश मिल जाए यह भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर इस पूरी प्रक्रिया की दैनिक समीक्षा के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे।

## सड़क निर्माण में लापरवाही



**पन्ना ।** अजयगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत नयागांव अंतर्गत पयारी से परनियापुर मुख्य सड़क को जोड़ने वाले सड़क निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है और ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा। जहां पहले सड़क मौजूद थी, उसी को केवल समतल कर दिया गया है और बिना मिट्टी व मुरूम डाले सीधे गिट्टी बिछा दी गई है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का निर्माण कार्य भविष्य में सड़क को जल्दी खराब कर सकता है, जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग होगा। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि निर्माण स्थल पर न तो कोई इंजीनियर निरीक्षण के लिए पहुंच रहा है और न ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। इससे ठेकेदार की मनमानी और भी बढ़ गई है। ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित हो सके। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह सड़क निर्माण कार्य भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक और उदाहरण बन सकता है।

# जिला प्रशासन के अधिकारी मानव अधिकारों से संबंधित प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करें

### अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग द्वारा दिए गए निर्देश




**जागरण, पन्ना ।** म.प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने पन्ना प्रवास के दौरान शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में मानव अधिकार हनन एवं उल्लंघन से संबंधित विभिन्न शिकायतों, प्रकरणों एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित मामलों का संज्ञान लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। प्रारंभ में जिला कलेक्टर,एस पी व एनी अधिकारियों द्वारा मा.अध्यक्ष का स्वागत किया गया।डॉ सिंह ने कहा कि नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण अधिकारियों का संवैधानिक दायित्व है। इस दौरान आयोजित जनसुनवाई में पुराने 15 एवं 9 नवीन आवेदक नागरिकों की समक्ष में गंभीरतापूर्वक समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में पन्ना टाईगर रिजर्व सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, वन, शिक्षा, आबकारी, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास तथा श्रम विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को आयोग अध्यक्ष द्वारा सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रीष्मकाल के दौरान स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न आर्थिक सहायता के मामलों में लंबित बकाया राशि के तत्काल भुगतान के संबंध में निर्देशित किया। इस दौरान मौके पर ही कुछ मामलों का त्वरित निराकरण भी किया गया।

आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करें, जिससे समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। उन्होंने पुलिस प्रकरणों में भी तत्परता से जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर आमजनों की हरसंभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें तथा अपने दायित्वों एवं कर्त्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन भी करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि समाज के प्रत्येक नागरिक के मूल एवं मानव अधिकारों का संरक्षण हो सके। अध्यक्ष ने समाज में बढ़ते पारिवारिक विवादों पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों को आपसी समझ और सुलह के माध्यम से घरों में ही सुलझाने का प्रयास किया जाए। इससे सामाजिक समरसता का वातावरण मजबूत होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि समाज जितना जागरूक होगा, उतने ही नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। आयोग की जनसुनवाई के मौके पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदता नायडू द्वारा भी लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में की गई कार्रवाई विषयक जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर सहित जिले के अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गैस की किल्लत से परेशान हो रहे हैं क्षेत्रवासी



**जागरण, पन्ना ।** अजयगढ़ तहसील क्षेत्र में इन दिनों गैस को लेकर काफी परेशानी व्यक्तियों को हो रही है ऑनलाइन बुकिंग करने के बावजूद भी गैस सही समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गैस की कालाबाजारी का खेल जारी है। कई व्यक्तियों को सुबह से शाम तक लाइन में लगे हुए हैं लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ता है रासूखदारों को तत्काल गैस उपलब्ध कराई जाती है। जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर नहीं है कोई ध्यान राम भरोसे चल रही है व्यवस्थाएं। एक एक सिलेंडर के लिए ग्रामीण 25- 30 किलोमीटर से अजयगढ़ आते हैं लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पाता है तेज धूप में भी अपनी बारी का करते रहते हैं इंतजार इसके बावजूद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। एवं लोगों का कहना है कि होम डिलीवरी का पैसा लिया जा रहा है परंतु होम डिलीवरी घर पर नहीं पहुंच पा रही है चार्ज बराबर लग रहा है होम डिलीवरी का परंतु घर नही आ रहा है गांव के लोगों को एवं नगर के लोगों को तेज धूप में खड़े होकर सिलेंडर की लाइन में अपनी बारी का इंतजार रहता है परंतु शाम होते ही सभी की बारी का खत्म हो जाती है। जिस कारण नहीं मिल पाता है वह अपने घर वापस जाना पड़ रहा है। पुलिस सुरक्षा के बीच अजयगढ़ में गैस वितरण करना पड़ रही है। क्या शासन के पास पर्याप्त स्टॉक नहीं है कई व्यक्तियों को सिलेंडर पाने के लिए रात में सपने देखने पड़ते हैं कब मिलेगा। अजयगढ़ में मचा है गैस के लिए हाहाकार। अजयगढ़ थाने में गैस वितरित होती है लेकिन वहां नहीं है कोई पानी की व्यवस्था ना कोई छाया की व्यवस्था दिनभर व्यक्ति परेशान होते हुए दिखाई दिए।

# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने किया पवई एवं अजयगढ़ में नवनिर्मित मीडिएशन सेंटर का ई-लोकार्पण

### पवई में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास भी लोकार्पित

**जागरण, पन्ना ।** तहसील विधिक सेवा समिति पवई एवं अजयगढ़ में नवनिर्मित मीडिएशन सेंटर एवं तहसील पवई में न्यायिक अधिकारियों के लिये निर्मित आवासीय भवनों का ई-लोकार्पण 17 अप्रैल को शाम 5 बजे मुख्य न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक संजीव सचदेवा के करकमलों एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर विवेक रूसिया की अध्यक्षता एवं न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय म.प्र. एवं पोर्टफोलियोज जज पन्ना देवनारायण मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न किया गया। तहसील पवई के मध्यस्थता केन्द्र के ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पवई सोम पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीता चौहान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार गौड़, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ तहसील पवई राजेश कुमार नगायच सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, न्यायिक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं आईटी टीम भी उपस्थित थी। तहसील अजयगढ़ के मध्यस्थता केन्द्र के ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान तृतीय जिला न्यायाधीश अरविन्द शर्मा, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति उपमा भार्गव, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, लोक निर्माण विभाग पीआईयू के अनुविभागीय अधिकारी यशवंत सिंह, न्यायिक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। तहसील पवई में न्यायिक अधिकारियों के लिये निर्मित आवासीय भवनों के ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शरतचन्द्र सक्सेना, विशेष न्यायाधीश प्रदीप कुशवाहा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित शर्मा सहित पीडब्ल्यूडी, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारीगण के साथ-साथ आई.टी. टीम एवं न्यायिक कर्मचारीगण भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा ई-लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में नवनिर्मित मध्यस्थता केन्द्रों, जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों के भवनों एवं न्यायिक अधिकारियों के आवासीय भवनों के निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त संबंधितों को शुभकामनाएं प्रदान कीं एवं कहा कि भवन का निर्माण करना जितना महत्वपूर्ण है, उससे अधिक कहीं चुनौतीपूर्ण कार्य उसका सतत् संरक्षण एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित करना है। ज्ञात हो कि जहां मध्यस्थता केन्द्र विवादों के त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के भार को कम करने में सहायक सिद्ध होंगे, वहीं न्यायिक अधिकारियों हेतु बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होने से कार्यकुशलता एवं सेवाओं की गुणवत्ताओं में वृद्धि होगी।

## सामाजिक सुरक्षा एवं ई—सेवा का लाभ देने शिविर का किया गया आयोजन



**जागरण,अजयगढ़ ।** जनपद पंचायत की एक दर्जन ग्राम पंचायतो में आधार शिविर का आयोजन किया गया । आज के समय में डिजीटल सेवा महत्वपूर्ण सेवा हो गई है। आधारकार्ड,आयुष्मान ,ई—श्रमकार्ड ,आभा कार्ड,ईकेवायसी, संबल जैसी बहुत सेवा ग्रामीण क्षेत्रो में दी जा रही है। जगरूकता के अभाव में ग्रमीण भटकते है और दुगुना दाम देकर सेवा लेने मजबूर होते है। समय भी लगता हे और परेशानी अलग से। प्रशासन समय—समय पर सामुदाय की मांग आवश्यकतानुसार ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर का आयोजन करती है। जिला ई—गवर्नेस सोसायटी ने मुख्य कार्लपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी एवं जनपद पंचायत अजयगढ़ के सहयोग से आधार आपरेटर के माध्यम से शिविर का आयोजना किया । आयोजन में स्थानीय स्तर पर समर्थन संस्था ने रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग एवं समर्थन के .बीआर.सी अजयगढ के सहयोग से अतिरिक्त आपरेटर देकर आयुष्मान ,आभा कार्ड ईकेवायसी, पेशन आदि का लाभग ग्रमीणो को दिलाने में सहयोग किया गया । टीम लीडर आशीष कुमार झा,मीत पटेल,रोहिणी सिंह,नवनीत बघेल एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना एवं मांग पत्र तैयार कर जिला स्तर प्रेषित कर आग्रह किया की शिविर का आयोजन किया जाय । ईगवर्नेस सोसायटी के अधिकारी तरूण चौरसिया ने तुरंत संज्ञान में लेकर शिविर का आयोजन कराया । आधार आपरेटर का सहयोग अजयगढ़ के आधार आपरेटर मानसिंह लोधी,विनितेश द्विवेदी,कमल किशोर सिंह,विनोद पटेलकामता प्रजापति एवं समर्थन से अर्जुन कुशवाहा एवं सतीश सिंगरोल ने शिविर में आपरेटर की भूमिका का निर्वहनकर 566 पात्र लोगो को लाभ प्रदान किया एवं दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण अभी भी कुछ परिवार वंचित रह गये । दस्तावेज सुधार का अभियान चलाया जा रहा है— ग्रामीण क्षेत्र में बहुत से लोग है जो दस्तावेज गलत होने के कारण योजना सें वंचित है। आधार,जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र गलत होने की बजह योजना से बचित है। संस्था के कार्यकर्ता ज्ञानेनद्र तिवारी एवं दिवाकर बागरी ने संपूर्ण 12 ग्राम पंचायत के शिविर का समन्वय किया एवं सफल बनाने में सहयोग किया।

## जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर प्राथमिक शिक्षक मनोज कुमार खम्परिया निलंबित



**पन्ना ।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार ने तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी तहसील पवई के प्रतिवेदन पर पवई विकासखंड की माध्यमिक शाला पटनाकला के प्राथमिक शिक्षक मनोज कुमार खम्परिया को जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शाहनगर निर्धारित किया गया है। इस दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। विदित हो कि प्राथमिक शिक्षक को जनगणना कार्य के दृष्टिगत प्रगणक का दायित्व सौंपा गया था। गत 15 अप्रैल से आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम दिवस शिक्षक द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। व्यक्तिगत नंबर पर कई बार संपर्क करने पर फोन भी रिसीव नहीं किया गया और न ही रिटर्न कॉल की गई। प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा प्राथमिक शिक्षक का कृत्य शासकीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही का द्योतक पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## शासकीय उमावि मोहन्द्रा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



**जागरण, पन्ना ।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन्द्रा के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामो में बेहतर प्रदर्शन कर, विद्यालय, गुरुजनों एवं अपने परिजनों का नाम रोशन किया जो अत्यंत हर्ष का विषय है , विद्यालय की जिन छात्रों द्वारा हाई सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उनमें ओम चौरसिया पिता जगत राम चौरसिया जी ,अंक 95त्ननमन त्रिपाठी पिता मुकेश त्रिपाठी ,अंक 94.2त्न-दशरथ चौरसिया पिता प्रकाश चौरसिया ,अंक 90त्न ऋषि शुक्ला पिता चंद्रशेखर शुक्ला ,अंक 89, इसी क्रम में दसवीं में अन्य सभी छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया इस प्रकार कक्षा दसवीं का कुल वार्षिक परीक्षा परिणाम 74त्न रहा इसी प्रकार, कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है जिसमें कक्षा 12वीं का कुल वार्षिक परीक्षा परिणाम 95त्न रहा जिसमें शामिल छात्र सत्यम पटेल पिता कलुआ पटेल जी ,अंक 90.4त्न शिवांशी शुक्ला श्री ज्ञान प्रसाद शुक्ला जी ,अंक 84.6त्नदीपेश लोधी श्रीराम मनोज ,अंक 83.8 मूलचंद प्रजापति पिता शरण ,अंक 80.8त्न अन्य सभी छात्रों ने जो 75त्न से अधिक है अर्जित किए हैं ! उनकी संख्या 50 है। जिन्हें 25000 की मेधावी राशि दी जानी है ।उक्त विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की तथा अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया जिन्होंने लगातार पढ़ाई हेतु प्रेरित किया और मार्गदर्शन दिया संस्था के प्राचार्य शालिग्राम शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे मुख्य रूप से

सरदार सिंह राजपूत , हेमंत चौधरी, सुरेंद्र विश्वकर्मा चंद्रपाल प्रजापति, वीरेंद्र सिंह राजपूत, कन्हैयालाल कचेर (प्रधानाध्यापक ), राम प्रसाद चौरसिया मती पूनम राजपूत, रविंद्र कुशवाहा, चंद्रशेखर सूर्यवंशी, अनिल अवसर पर उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर किया संवाद



**पन्ना ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर पन्ना के तत्वाधान में वार्ड क्रमांक 17 के आंगनबाड़ी क्रमांक 40 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संध्या यादव के सहयोग से नारी शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर संवाद किया गया। इस अवसर पर सखी सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय एवं काउंसलर भूमिका यादव ने उपयोगी एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, बालिका स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित वन स्टॉप सेंटर की भूमिका एवं दायित्वों के बारे में महिलाओं को अवगत करवाया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की समीक्षा

### विभागवार समन्वित प्रयास से जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने दिए विस्तृत निर्देश




**जागरण, पन्ना ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर जल संवर्धन और संरक्षण का कार्य कर मध्यप्रदेश को देश में अलग पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में ठोस और परिणाममूलक कार्य होना चाहिए। इसके लिए सभी कलेक्टर्स निरंतर प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि कलेक्टर्स समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करें, रात्रि विश्राम कर लोगों की समस्याएं सुनें और उनका निराकरण भी करें तथा लोगों की समस्याओं के निराकरण में अपनी दक्षता को भी साबित करें।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान एवं संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सांदीपनि स्कूलों को मॉडल स्कूलों के तौर पर प्रोजेक्ट करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सांदीपनि स्कूलों में अच्छी शिक्षा दी जा रही है। यह संदेश आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इन स्कूलों में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने तथा सांदीपनि स्कूल परिसरों में जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में पौधरोपण की सभी तैयारियां अभी से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नदियों के किनारे फलदार पौधों का रोपण प्राथमिकता के साथ कराएं। वहीं वन विभाग वन क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए जल संरचनाओं का निर्माण भी कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रम विभाग और सामाजिक न्याय विभाग द्वारा महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा मजदूरों को सीधा लाभ देने वाली योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। इन योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग भी कराई जाना सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गेहूं उपार्जन कार्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन कार्य सहजता से होना चाहिए। किसानों को मंडी परिसरों में शुद्ध पेयजल एवं उनके बैठने के लिए छायादार स्थान उपलब्ध होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर समय-समय पर मंडियों का आकस्मिक निरीक्षण करें। मंडियों के सतत निरीक्षण के लिए दल का गठन भी करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने पेयजल व्यवस्था को और अधिक बेहतर और कारगर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल संबंधी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराएं। बस स्टैंडों पर बेहतर पेयजल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की।

**पन्ना कलेक्टर एवं जिपं सीईओ से चर्चा कर की सराहनाः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पन्ना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भवन अनुज्ञा एवं ग्राम पंचायतों में कर संग्रहण तथा आय बढ़ोत्तरी के प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने शाहनगर एवं मड़ला ग्राम पंचायत के आय संग्रहण एवं विकास कार्यों की जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला साबित होगा

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मजबूत होगी विकसित भारत की नींव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।

“ नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है यह आरक्षण लोकसभा, राज्य विधानसभाओं में लागू होगा। इसके वर्ष 2029 तक क्रियान्वित होने की संभावना है यह आरक्षण कानून अगले 15 वर्षों के लिए प्रभावी होगा। जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

### विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में






## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगा बेटियों का मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वतः ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जब पेशवा की सेना राज्य पर आक्रमण करने आई तो माता अहिल्याबाई ने सेना तैयार की, जिसका नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था। उन्होंने अपनी युक्ति और बुद्धि से पेशवाओं को सचेत किया कि बहनों से युद्ध करने पर इतिहास में इसका परिणाम किस प्रकार देखा जाएगा। बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गए तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा कि उन्होंने पूरी ताकत से लड़ते हुए राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी, अगर सेना पराजय की स्थिति में आए तो तुम मेरी जीवन लीला समाप्त कर देना। रानी दुर्गावती ने राज्य की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।




### महिला शक्तियां रही हैं हमारी आदर्श

विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। सनातन संस्कृति में नारी को सदैव ज्ञान, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। पंचायत राज संस्थाओं में आधे स्थानों पर महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने पर देश की हर बेटी ऐतिहासिक निर्णयों में अपनी भूमिका निभा पाएगी।

### नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की

लता मंगेशकर ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर इंदौर की नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मंच पर कई वर्गों में कार्य कर रही नारियों ने अपनी सहभागिता की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारी सब दर्शक दीर्घा में बैठे। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।




## लाड़ली से लक्ष्मी तकः सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में आधी आबादी को मिल रही नई ताकत’

“ मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार लगातार कई अहम कदम उठा रही है। बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और महिलाओं की आर्थिक मजबूती तक, योजनाओं के जरिए एक व्यापक बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है। इन पहलों का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### योजनाओं से बदलती सोच

राज्य में चलाई जा रही योजनाओं का मकसद सिर्फ आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव लाना है। बेटियों को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को सम्मान देने की दिशा में यह एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

### शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर

जहां पहले कई परिवारों में बेटियों की पढ़ाई को नजरअंदाज किया जाता था, वहीं अब स्थिति बदल रही है। अभिभावक बेटियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता से वे अपने खर्च खुद संभालने लगी हैं और छोटे-छोटे काम भी शुरू कर रही हैं।

### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

सरकार का मानना है कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, तब ही समाज में संतुलन स्थापित होगा। अब महिलाएं परिवार के फैसलों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिससे उनकी सामाजिक स्थिति मजबूत हो रही है।




### सरकार का नजरिया और चुनौतियां

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार इन योजनाओं को अपनी बड़ी उपलब्धि मानती है। हालांकि विपक्ष समय-समय पर इन योजनाओं पर सवाल उठाता रहा है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसका लक्ष्य साफ है—महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना।

### सशक्त महिला, मजबूत समाज

कुल मिलाकर ये पहलें सिर्फ योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का माध्यम बन रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाकर एक मजबूत और संतुलित समाज की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### मिशन महिला-शक्ति के स्वर्णिम दो वर्ष सुश्री निर्मला भूरिया

मध्यप्रदेश में बीते दो वर्ष महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा, सम्मान और समग्र विकास के अद्वितीय कालखंड के रूप में दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील दृष्टिकोण से प्रदेश में महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा स्पष्ट रही है—हर महिला को सुरक्षित जीवन, हर बालिका को प्रोत्साहन तथा हर बच्चे को बेहतर भविष्य का अधिकार मिले। इन्हीं लक्ष्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक पहलें की गईं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की व्यापक लहर उत्पन्न हुई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मैं यह बताते हुए गर्व का अनुभव करती हूँ कि मिशन वात्सल्य के माध्यम से प्रदेश में हजारों बच्चों को नए जीवन अवसर प्रदान किए गए हैं। स्पॉन्सरशिप योजना ने कमजोर परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य किया है, जिसके अंतर्गत प्रति माह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता ने परिवारों और संस्थाओं दोनों को सशक्त बनाया है। वर्ष 2024-25 में 20,243 बच्चों को इस सहायता का लाभ मिला और वर्ष 2025-26 के लिए 32,896 बच्चों के प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने चौबीसों घंटे त्वरित सेवा उपलब्ध कराते हुए दो वर्षों में लगभग 48,872 बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सबसे क्रांतिकारी पहलों में से एक रही है। कई राज्यों ने इसका अनुसरण किया है।

## सुशासन, संवेदना और महिला सशक्तिकरण : मध्यप्रदेश में ‘मोहन मॉडल’ का सजीव अनुभव

*जब आज से दो वर्ष पूर्व डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी, तभी यह आभास होने लगा था कि उनका नेतृत्व केवल प्रशासनिक स्थिरता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह शासन को एक ‘नैतिक, सामाजिक और मानवीय दिशा’ देने का प्रयास करेगा। सत्ता की बागडोर संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर यह स्पष्ट संकेत मिलने लगे थे कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विश्वासपात्र मुख्यमंत्रियों की सूची में शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान सुनिश्चित करेंगे। इसका कारण केवल राजनीतिक सामंजस्य नहीं, बल्कि नीति, नीयत और क्रियान्वयन का संतुलन था।*

*मैं स्वयं एक साधारण श्रमिक पृष्ठभूमि से आती हूँ। जीवन में संघर्ष, अभाव और श्रम का अनुभव मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुझे मंत्रीमंडल का हिस्सा बनाना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह उस समावेशी सोच का प्रमाण था, जिसमें पृष्ठभूमि नहीं, प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को महत्व दिया जाता है। मंत्रीमंडल में उन्होंने सभी साथियों के साथ समभाव और समानता का व्यवहार रखा और व्यवहार में उस लोककथन को चरितार्थ किया।*

***‘मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान सब एक’ :** यह केवल कहावत नहीं, बल्कि उनके शासन का स्वभाव बन चुका है। आज डॉ. मोहन यादव की पहचान केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि ‘सबके भैया’ के रूप में बन चुकी है। मेरे मंडला जिले में आयोजित एक सामूहिक कार्यक्रम के दौरान मैंने सहज भाव से कहा था ‘हमारे भैया आज सब बहनों के भाई बन गए हैं।‘*

*आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो गर्व होता है कि वह नारा प्रदेश की लाखों बहनों की भावना बन गया। यह पहचान किसी प्रचार अभियान से नहीं बनी, बल्कि उनके व्यवहार, संवाद और संवेदना से निर्मित हुई है।*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यकाल के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि महिला सशक्तिकरण उनकी सरकार के लिए केवल एक योजनागत प्राथमिकता नहीं, बल्कि नैतिक प्रतिबद्धता है। यही कारण है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं को न केवल निरंतरता दी गई, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यापक स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष आग्रह पर कई नई योजनाओं की शुरुआत की गई, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक स्तरों पर सशक्त बनाना था।*



*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लिखे गए ब्लॉग में यह दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए यह भरोसा दिलाया कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनका यह कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जब महिलाएँ आर्थिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त होंगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होंगे। लाड़ली बहना योजना आज मध्यप्रदेश सरकार की पहचान बन चुकी है। लगभग 1.26 करोड़ महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि का नियमित अंतरण न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि राज्य और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु भी है। इस राशि को चरणबद्ध रूप से 3 हजार रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार इस योजना को अल्पकालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक निवेश के रूप में देख रही है।*

*इस योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इससे महिलाएँ डिजिटल लेन-देन से जुड़ रही हैं और वित्तीय निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में योजना की 31वीं किश्त जारी करते हुए मुख्यमंत्री का यह कहना कि ‘बहनों का आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी ताकत है’, उनके नेतृत्व की भावनात्मक गहराई को दर्शाता है।*

*महिला सशक्तिकरण को केवल प्रत्यक्ष सहायता तक सीमित न रखते हुए सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने पर विशेष ध्यान दिया है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए प्रति वर्ष एक लाख रुपये की आय का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना महिलाओं को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।*

*आज यह तथ्य अत्यंत उत्साहवर्धक है कि प्रदेश में 47 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देना और ‘एक बगिया माँ के नाम’ योजना के अंतर्गत फलदार पौधरोपण-ये सभी पहल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि आर्थिक भागीदार बनाना चाहती है।*

*महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सुरक्षा और अवसर भी उतने ही आवश्यक हैं। इसी सोच के तहत राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। संपत्ति पंजीयन शुल्क में एक प्रतिशत की छूट और कामकाजी महिलाओं के लिए ‘सखी निवास’ के रूप में सुरक्षित आवास सुविधाओं का विस्तार, ये सभी निर्णय महिला हितों के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाते हैं।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अपने पुत्र का विवाह सार्वजनिक सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराना आज के समय में एक विरल उदाहरण है। जब विवाह सामाजिक प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हों, तब यह कदम उन परिवारों के लिए आशा का संदेश है, जो सीमित साधनों में बच्चों के भविष्य की चिंता करते हैं। यह उदाहरण सिद्ध करता है कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।*


*मध्यप्रदेश में पिछले दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो कार्य हुए हैं, वे अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। फिर भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहते हैं कि उन्हें प्रशंसा नहीं केवल बहनों का आशीर्वाद चाहिए। यही आशीर्वाद उन्हें निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।*

*एक मंत्री, एक महिला और एक जनप्रतिनिधि के रूप में मुझे गर्व है कि मैं इस परिवर्तनकारी यात्रा की सहभागी हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज सुशासन, संवेदना और समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है।*

D-19022/26

## डबल हेडर आजः दिल्ली बनाम बेंगलुरु मैच दोपहर 3.30 बजे से, शाम को सीएसके और हैदराबाद की भिड़ंत

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| विराट (आरसीबी) | 228 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |
| पाटीदार (आरसीबी) | 222 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 10 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 10 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 09 |



### बाउंड्री मीटर

424 छक्के

752 चौके

52 अर्धशतक



क्विंटन डिकॉक आईपीएल में तीन-तीन अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस मैच में नाबाद 112 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने लखनऊ (2022, नाबाद 140 रन) और दिल्ली (2016, 108 रन) के लिए शतक जड़ा

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 09 | 7 | 1.067 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.503 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | - 0.029 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.804 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.076 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 | -1.383 |

# संघर्षरत दिल्ली के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दोपहर 3.30 बजे से होने वाले मैच में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं दिल्ली चार में से दो मुकाबले जीत और दो मुकाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में आरसीबी को 20, जबकि दिल्ली को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला रद्द हुआ था। बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुकाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे। पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं।



### अक्षर लगा सकते हैं विराट पारी पर ब्रेक

पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके कोहली को अगर रोकना है, तो दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को खुद नई गेंद थामनी होगी। अक्षर ने कोहली को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं। अक्षर, कोहली के सलामी जोड़ीदार फिल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके खिलाफ सिर्फ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सॉल्ट, अक्षर के खिलाफ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है। वैसे कोहली को रोकना हो तो दिल्ली को दुश्मांता चमीरा को मौका देना चाहिए, जिन्होंने कोहली को चार टी-20 पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि कोहली उन पर सिर्फ 104 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

# तालिका में स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स और सीएसके

**जेएनएन, हैदराबाद**

प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को शाम में होने वाले आईपीएल मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। दोनों ही टीमों को पांच में से दो में जीत और तीन में हार मिली है, हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण हैदराबाद चौथे, जबकि सीएसके आठवें स्थान पर है। दोनों के बीच अब तक कुल 22 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें सीएसके 15-7 से आगे है। हालांकि 2022 से मुकाबला लगभग बराबरी का है और दोनों टीमों ने छह में से तीन-तीन मुकाबले जीते हैं। हैदराबाद में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती है और मेजबान हैदराबाद यहां पर 3-2 से आगे है। अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा।



### किशन पर लगाम लगा सकते हैं चौधरी

इशान किशन इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। टी-20 विश्व कप के बाद आईपीएल में हैदराबाद की कप्तानी मिलने के बाद उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ा है। हालांकि सीएसके के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी उन पर लगाम लगा सकते हैं, जो कि चोटिल होकर बाहर हो चुके खलील अहमद की जगह सीएसके की एकादश का हिस्सा हो सकते हैं। चौधरी ने किशन को दो पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि किशन उन पर सिर्फ छह रन ही बना पाए हैं। हालांकि अभिषेक शर्मा, चौधरी पर 211 के स्ट्राइक रेट से प्रहार करते हैं, लेकिन चौधरी ने उन्हें भी तीन पारियों में एक बार आउट किया ही है। अभिषेक को राहुल चाहर भी तीन पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 71 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

### रुतुराज के लिए चुनौती बन सकते हैं हर्ष

सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का फॉर्म फिलहाल कुछ खास नहीं चल रहा है और अभी तक वह इस सीजन की पांच पारियों में एक बार भी 30 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। इस मैच में भी यह सिलसिला जारी रह सकता है। गायकवाड़ इस सीजन में पांच में से दो बार बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ आउट हुए हैं। हैदराबाद के पास हर्ष दुबे के रूप में बाएं हाथ का स्पिन विकल्प मौजूद है, जिन्होंने इस सीजन पांच पारियों में पांच विकेट लिए हैं। ऐसे में गायकवाड़ की चिंता इस मैच में भी बढ़ सकती है।

## नौवाक जोकोविच चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटे

**मैड्रिड, जेएनएन।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लंबे समय से चली आ रही चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परीबस ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है। वह दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन से बाहर रहे थे और मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया। जोकोविच ने शुक्रवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, दुर्भाग्यवश, मैं इस साल मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। मैं जल्द वापसी के लिए अपनी रिकवरी जारी रखे हुए हूं। हस्ता प्रोंतो (जल्द ही फिर मिलेंगे)। टूर्नामेंट की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि आप जल्द ही यहां वापसी करेंगे, ताकि हम काजा मागिका (मैंड्रिड ओपन की मेजबानी करने वाले स्टेडियम) में एक बार फिर आपके खेल का आनंद ले सकें। जैसा कि हमने पहले कई बार किया है।



## वनडे सीरीज के लिए मई-जून में पाक का दौरा करेगा ऑस्ट्रेलिया

**कराची, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम लाहौर और रावलपिंडी में तीन मैच की वनडे सीरीज खेलने के लिए मई के अंत में पाकिस्तान का दौरा करने के लिए तैयार है। यह सीरीज क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) और पीसीबी के बीच हुए एक समझौते का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम ने टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान का दौरा किया था और लाहौर में तीन मैच खेले थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ इस दौरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन मैच संभावित रूप से 30 मई से पांच जून के बीच होंगे। सूत्र ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान से बांग्लादेश के लिए रवाना होगी, जहां उसे नौ जून से वनडे सीरीज खेलनी है। पाकिस्तान को पाकिस्तान सुपर लीग के समापन के बाद आठ से 20 मई के बीच में दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करना है, लेकिन उनकी इस साल सबसे अहम सीरीज अगस्त और सितंबर में इंग्लैंड में तीन टेस्ट की है जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है।

## इंग्लैंड के बैंटन की जगह दक्षिण अफ्रीका के कोनोर टाइटंस से जुड़े

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गुजरात टाइटन्स ने इंग्लैंड के चोटिल खिलाड़ी टॉम बैंटन की जगह टीम में दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजन को शामिल किया। 24 साल के कोनोर ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। कोनोर का पदार्पण शानदार रहा जिसमें उन्हें दो बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया।

## वीर चोटरानी हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**हैम्बर्ग, जेएनएन।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कांद्रा को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए।

# हमें कुछ कठिन सवालों के जवाब ढूंढने होंगे और जिम्मेदारी लेनी होगीः हार्दिक

### आईपीएल में मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी हार

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने आईपीएल में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी। मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा और वह केवल दो अंकों के साथ तालिका में नौवें स्थान पर है। पंड्या ने मैच के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा। इस तरह से पंड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा कि अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी होगी। सूर्यकुमार ने अब तक एक अर्धशतक बनाया है, लेकिन उनके अन्य स्कोर 16, 06, 33 और 00 रहे हैं, जबकि तिलक वर्मा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने 20, 00, 14, 01 और 08 रन बनाए हैं। बुमराह पांच मैचों में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 8.63 रन लुटाए हैं। पंड्या ने हालांकि पंजाब किंग्स को जीत का श्रेय देते हुए कहा कि पंजाब किंग्स को इसका श्रेय जाता है। गेंद रिवर्स स्विंग करने लगी थी। दूसरी पारी में ओस भी गिरी। उन्होंने हमें हरा दिया। उनकी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण हम से बेहतर था।



## अर्शदीप का प्रदर्शन असाधारणः पोंटिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अर्शदीप सिंह के खराब दौर की अटकलों को खारिज करते हुए मुंबई के खिलाफ टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कार्यशैली की सराहना की। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अर्शदीप की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है। पोंटिंग ने मैच के बाद 'ड्रेसिंग रूम डायरीज' में कहा, हम अक्सर खिलाड़ियों के लय हासिल करने की बात करते हैं, लेकिन अर्शदीप ने पहले ओवर में शानदार लय दिखाते हुए गेंद को स्विंग कराया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। उनका यह प्रदर्शन असाधारण था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अर्श, मुझे पता है कि तुम इसे अपना खराब दौर मान रहे हो, लेकिन हममें से कोई ऐसा नहीं सोचता। पिछले कुछ दिनों में तुमने जो मेहनत की, उसका परिणाम आज देखने को मिला। पहली ही गेंद से सटीक लाइन-लेंथ, शुरुआती दो विकेट और अंत में आकर अच्छी गेंदबाजी करना-यह तुम्हारी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने गेंदबाजी इकाई की तारीफ करते हुए बीच के ओवरों में शशांक सिंह के योगदान की सराहना की।

## कनाडा का एक टी-20 विश्व कप मैच एंटी करप्शन यूनिट के जांच के घेरे में


**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईसीसी क्रिकेट कनाडा के खिलाफ अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के कथित उल्लंघन की जांच कर रहा है, जिसमें टी-20 विश्व कप में 17 फरवरी को चेन्नई में खेला गया मैच भी शामिल है, जिसमें उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। चेपॉक में खेले गए उस मैच में कनाडा आठ विकेट से हार गया था। हाल ही में प्रसारित एक डॉक्यूमेंट्री में भ्रष्टाचार के आरोपों को उजागर किए जाने के बाद आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) इसकी गहन जांच कर रही है। कनाडा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य केवल 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। ग्लेन फिलिप्स (39 गेंदों पर नाबाद 59 रन) और रचिन रविंद्र (36 गेंदों पर नाबाद 76 रन) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। एसीयू क्रिकेट कनाडा से जुड़े आरोपों की जांच कर रहा है। इसमें दो सक्रिय जांच शामिल हैं, जिनमें क्रिकेट कनाडा पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। ये आरोप 43 मिनट की डॉक्यूमेंट्री से सामने आए हैं, जिसका शीर्षक 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' है। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा के खोजी कार्यक्रम 'द फिफ्थ एस्टेट' ने किया था और जिसे सीबीसी ने शुक्रवार को प्रसारित किया था। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा क्रिकेट में भ्रष्टाचार और शासन संबंधी मुद्दों के बारे में व्यापक दावे करती है। डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप मैच की बारीकी से जांच की जा रही है, खासकर कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा द्वारा किए गए पांचवें ओवर की। ऑलराउंडर बाजवा को टूर्नामेंट से तीन सप्ताह पहले ही कप्तान नियुक्त किया गया था। यह ऑफ स्पिनर तब गेंदबाजी करने के लिए आया था जब न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 35 रन था। उन्होंने ओवर की शुरुआत नोबॉल से की, उसके बाद लेग साइड में वाइड गेंद फेंकी और कुल 15 रन लुटाए। आईसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के अंतरिम महाप्रबंधक एंड्रयू एफग्रेव ने कहा कि अपनी स्थापित संचालन प्रक्रियाओं के अनुरूप एसीयू डॉक्यूमेंट्री में निहित किसी भी आरोप पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी जांच के कनाडा पूर्व कोच खुर्रम चौहान से जुड़ी एक लीक हुई फोन रिकॉर्डिंग से संबंधित है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि बोर्ड के कुछ सीनियर सदस्यों ने उन पर कुछ खिलाड़ियों को चुनने के लिए दबाव डाला था।

## डगआउट में फोन का उपयोग करने पर रॉयल्स के मैनेजर पर 1 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान और आरसीबी के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की एसीयू ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सैकिया ने बताया कि एसीयू भिंडर के जवाब से संतुष्ट नहीं थी, जिसके बाद उन्हें दोषी पाया गया। आईपीएल खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के अनुसार, डगआउट में फोन का इस्तेमाल वर्जित है, जबकि ड्रेसिंग रूम में इसकी अनुमति है। उन्होंने कहा, शरद कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने भिंडर के जवाब की जांच की और उन्हें दोषी पाया। नोटिस पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था। सैकिया ने कहा, उन्हें प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। चूंकि यह पहली बार का अपराध है, इसलिए उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और चेतावनी जारी की गई है।

## एस्टन विला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

### अब मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से



**बर्मिंघम, जेएनएन।** ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा। एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया, जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की। फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई।

## मेसी ने बार्सिलोना में पांचवां डिवीजन सॉकर क्लब खरीदा

**बार्सिलोना, जेएनएन।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी अब स्पेन के पांचवें डिवीजन के एक फुटबॉल क्लब के मालिक बन गए हैं। एफसी बार्सिलोना में अपने दो दशकों के दौरान मेसी अपनी पीढ़ी के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने कई खिताब और बैलन डिओर पुरस्कार जीते। उन्होंने 2021 क्लब छोड़ दिया था। कॉर्नेला एक साधारण क्लब है। क्लब ने गुरुवार को खरीद से जुड़ी ज्यादा जानकारी दिए बिना सौदे की घोषणा की। क्लब ने एक बयान में कहा कि मेसी का आना क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है। कॉर्नेला की शुरुआत 1951 में हुई थी। इसने आर्सेनल के गोलकीपर डेविड राया और बार्सिलोना के पूर्व डिफेंडर जोर्डी अल्बा जैसे खिलाड़ियों को तैयार करने में मदद की है, जो इंटर मियामी में मेसी के साथ भी खेले थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

## समर कैंप नए स्वरूप में एक मई से

**भोपाल, खेप्र।** एक मई से ग्रीष्मकालीन समर कैंप 'आरोह-2026' की शुरुआत होगी। समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए 18 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। अधिकारिक वेबसाइट और क्यूआर कोड को स्केन कर प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने समर कैंप को नए स्वरूप में आयोजित करवाने का निर्णय लिया है। उन्होंने गुरुवार को टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित बैठक में प्रदेश के सभी खेल अधिकारियों को संबोधित करते हुए समर कैंप में नई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल विभाग के इस समर कैंप की जानकारी हो और लोग इसमें शामिल हो। यह समर कैंप एक मूवमेंट के रूप में जाना जाए, जैसे फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छता अभियान आदि। खेल अधोसंरचना का विकास, प्रतिभाओं को निखारें वाले कोच और प्रतिभाएं तलाशना हमारा मुख्य उद्देश्य है। बैठक में खेल संचालक अंशुमान यादव एवं संयुक्त संचालक बीएस यादव सहित प्रदेश के खेल अधिकारी मौजूद थे।



## आदित्य की शानदार गेंदबाजी से जीती अरेरा क्रिकेट अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य सोलंकी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अरेरा क्रिकेट अकादमी ने प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में अकीरा अकादमी को 33 रनों से शिकस्त दी। पूल-ए में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 166 रन बना। टीम के लिए रूद्र टंगोरिया 51 ने अर्धशतक जड़ा। सुधांशु ने 28 रन का योगदान दिया। अकीरा अकादमी के राघव ने 3 विकेट हासिल किए। वहीं दिशांत पाटीदार और अर्जुन को दो-दो सफलता मिली। जवाब में अकीरा अकादमी 30 ओवर में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य पांडे ने 41 रन बनाए। एक समय 10 ओवर में 69 रन एक विकेट गंवाकर मजबूत स्थित में थी। अरेरा के आदित्य सोलंकी ने 4 और विराज चतुर्वेदी ने 2 विकेट लिए।




## इंदौर जोन और सागर की टीम जीती

**भोपाल, खेप्र।** इंदौर जोन और सागर ने डीजीपी कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 28वें संस्करण में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। पुलिस क्रिकेट ग्राउंड नेहरू नगर पर इंदौर जोन ने पहले खेलते हुए 146 रन बनाए। रोहित ने 66 और मनीष ने 18 रन की पारी खेली। एसएएफ भोपाल के अरुण और केके को 3-3 विकेट मिले। जवाब में भोपाल की टीम 136 रन पर सिमट गई। निर्भय ने 29, गौरव ने 25 और अरुण ने 19 रन का योगदान दिया। इंदौर जोन के गौरव और रितिक ने 3-3 विकेट झटके। दिन के अन्य मैच में साइबर टेलीकॉम ने अनुराग (50) और रियाज इकबाल (38) की पारियों की बदौलत 175 रन बनाए। सागर जोन के आशीष ने चार और आनंद ने दो विकेट लिए। जवाब में सागर ने 19.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। नीतीश ने 56, श्रुत ने 32 और सूरज ने 20 रन का योगदान दिया। साइबर टेलीकॉम के भागवत ने 3 और नरेंद्र ने 2 विकेट लिए। रोहित और आशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार उप पुलिस महानिरीक्षक रियाज इकबाल, कमांडेंट नागेंद्र सिंह, आईपीएस नरेंद्र रावत और भोपाल रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर ने प्रदान किया।



### नगर परिषद नागौद में मतदाता सूची तैयार करने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**सतना।** नगर परिषद नागौद की वार्ड क्र-13 के पार्षद का पद न्यायालय द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के फलस्वरूप रिक्त हो गया है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के संबंध में शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन कार्यालय सतना में आयोजित की गई। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के कार्यक्रम से अवगत कराया गया।

### डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र वर्मा होंगे नागौद एसडीएम

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य आईएएस के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के फलस्वरूप अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद के प्रभार से शनिवार 18 अप्रैल की पूर्वान्ह से भारमुक्त कर दिया है। प्रशासनिक कार्य की सुविधा की दृष्टि से प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सतना श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद को प्रभार सौंपा गया है।


Divisa

आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा

असर पहले दिन से

100% Ayurvedic

Helps in :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

Dr. Juneja's EYE Mantra ®

Clinically Tested*

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores


## सम्मान, साधन से नहीं, बल्कि मिलता है साधना से

# अध्ययन के लिए समर्पित हों, तो संसाधन कोई मायने नहीं रखते

### ● हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी में प्रदेश की मेरिट में आये जिले के 17 छात्रों का सम्मान

**जागरण सतना**

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में सतना जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में अपना स्थान बनाने वाले सभी 17 छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत सतना के सभाकक्ष में समारोहपूर्वक अभिनंदन और सम्मानित किया गया। इस मौके पर हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में आये 6 छात्र और हायर सेकेण्डरी की मेरिट में आये 11 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र, पुरूस्कार सामग्री और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतिभा अभिनंदन समारोह के अवसर पर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता और उनके शिक्षणगणों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, वनमण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी सहित मेरिट में आये छात्र-छात्राओं के अभिभावक और शैक्षणिक संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

इस मौके पर विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि गुरू की महिमा अपार होती है। बच्चे की पहली गुरू उसकी मां होती है। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि यह सही समय है कि छात्र-छात्रायें अपने जीवन के लक्ष्यों को तय करें और पूरी निष्ठा, परिश्रम के साथ लक्ष्य प्राप्ति तक जुटे रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि सम्मान साधन से नहीं, बल्कि साधना से प्राप्त होता है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी की परीक्षा के परिणामों में प्रदेश की मेरिट में अपना स्थान बनाने वाले सतना जिले के मेधावी छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि अध्ययन के प्रति समर्पित हों, तो संसाधन (रिसोर्स) कोई मायने नहीं रखते। उन्होंने कहा कि कठिनाई में हिम्मत नहीं हारे, समाधान खोजे और सहयोगियों का सहयोग मार्गदर्शन लेकर लक्ष्य को प्राप्त करें। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इतनी संख्या में प्रदेश के मेरिट में बच्चों का आना सतना के लिए गौरव की बात है। जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम और हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में 0.97 तथा 0.87 प्रतिशत की मामूली गिरवाट हुई है। फिर भी आगामी शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणामों के सुधार के उपाय किये जायेंगे।

### सम्मानित हुये मेरिट के 17 छात्र-छात्रायें

सतना जिले के कुल 17 छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में अपना स्थान बनाया है। इनमें हाईस्कूल परीक्षा में 6 और हायर सेकण्डरी परीक्षा में 11 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट में स्थान दर्ज कराया। प्रतिभा अभिनंदन समारोह में मेरिट में आये छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों और शिक्षकों के साथ सम्मानित किया। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार ने अपनी ओर से सभी 17 मेधावी छात्र-छात्राओं को 500-500 रूपये का नगद पुरूस्कार भी दिया। हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में सातवें स्थान पर शासकीय हाईस्कूल रजरवार की छात्रा कुमारी अंजली तिवारी और शासकीय कन्या उमावि उचेहरा की पलक यादव ने 500 के पूर्णांक में 493-493 अंक अर्जित कर अपना नाम दर्ज कराया। प्रदेश की मेरिट में आठवें स्थान पर शासकीय उत्कृष्ट उमावि सतना की छात्रा कु. प्राची कुशवाहा ने 492 अंक अर्जित किये। मेरिट में 9वें स्थान पर जिले के 2 छात्राओं ने 491-491 अंक अर्जित किये। इनमें शासकीय संदीपनी उमावि बगहा की कुमारी कौशिकी द्विवेदी और गार्जियन एण्ड गाइड पब्लिक स्कूल की कुमारी अन्नपूर्णा दुबे शामिल हैं। इसी प्रकार 10वें स्थान पर 490 अंक अर्जित करने वाली शासकीय उमावि गोलहटा की छात्रा कुमारी अनामिका सिंह शामिल है। हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा में सतना जिले के 11 छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा वर्ष 2026 में प्रदेश की मेरिट सूची में विज्ञान एवं गणित समूह में सत्या निकेतन उमावि नागौद की कुमारी डाली पुरवार ने 491 अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में दूसरा और शासकीय उमावि बालक रामपुर बघेलान के मनेन्द्र केवट ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान बनाया है। इसी प्रकार सरस्वती उमावि कृष्णनगर की कुमारी रेशू मिश्रा ने 489 अंक अर्जित कर चौथा स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर उमावि केशवनगर के श्रीजल पाण्डेय ने 486 अंक अर्जित कर सातवां स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उमावि व्यंकट क्रमांक-1 सतना के अमन कुमार गुप्ता ने 484 अंक अर्जित कर नौवां स्थान प्राप्त किया है। सत्य निकेतन उमावि नागौद की कुमारी श्रेया अग्रवाल और शासकीय उत्कृष्ट उमावि व्यंकट क्रमांक-1 सतना के नमन सिंह ने 483-483 अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य समूह के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी परीक्षा की मेरिट सूची में स्कालर होम उमावि डॉली बाबा सतना की छात्रा कुमारी सिमरन छावडिया और सुरेन्द्र पाल ग्रामोदय उमावि चित्रकूट की कुमारी नंदनी गर्ग ने 485-485 अंक हासिल कर प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है।



# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



### समाधान न होने पर हड़ताल की चेतावनी

**जागरण सतना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर 17 अप्रैल को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला सतना द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मिशन संचालक एनएचएम भोपाल को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने यह भी अवगत कराया कि उक्त समस्याओं को लेकर पूर्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है तथा वर्तमान सीएमएचओ डा मनोज शुक्लार को अवगत कराया गया किंतु उनके स्तर से कोई ठोस आश्वासन या प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण कर्मचारियों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। संघ के प्रतिनिधियों ने डिप्टी कलेक्टर डॉ संदीप परस्ते को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं को संक्षेप में उनके समक्ष प्रस्तुत किया। संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन देते हुए डॉ परस्ते ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता से लेते हुए मिशन संचालक को पत्र प्रेषित किया जाएगा तथा शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

### शामिल रहे ये मुद्दे

ज्ञापन में प्रमुख रूप से टीडीएस एवं ईपीएफराशि जमा न होना वेतन मानदेय का समय पर भुगतान न होनाए बिना कारण वेतन कटौती टीए डीए एवं पीबीआई भुगतान लंबित रहना सार्थक रिमोट अटेंडेंस के नाम पर वेतन कटौती एवं मानसिक उत्पीड़न तथा प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक परेशानियों जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह बीएमएस विभाग प्रमुख मगन लाल बाल्मिक विधि सलाहकार पदमधर द्विवेदी कार्यालयमंत्री प्रदीप तिवारी एवं बीएमएस के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ये रहे मौजूद

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष विक्रम प्रजापति की अध्यक्षता जिला कार्यकारी एवं कार्यकारी अध्यदक्ष पुष्पेन्द्र दाहिया के नेतृत्वि एवं जिला के संघ के कार्यकारी सदस्यि एवं ब्ला क अध्य ?क्ष डा देवव्रत दीक्षित डा धीरेन्द्र सिंह देवमुनि पटेल राजेष अहिरवार मनोज सिंह विनीत सिंह देवेन्द्र श्रीवास्तव सुनील सिंह जिसमें संघ के समस्त पदाधिकारी डीपीएमयू से जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश कर्स डीपीएमयू स्टाफतथा जिले के समस्त विकासखंडों से सभी कैडर के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जनता एक्सप्रेस से महिला का पर्स पार

**सतना।** पटना से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली 13201 जनता एक्सप्रेस में सतना तक की यात्रा कर रही एक महिला का अज्ञात बदमाश पर्स छीनकर भाग गया। यह घटना शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर स्टेशन के पास हुई। इस संबंध में सतना जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नागौद की निवासी रुचि गुप्ता अपने परिवार के साथ फतुहा स्टेशन से सतना के लिए एस.2 कोच में सफर कर रही थीं। ट्रेन जब मिर्जापुर स्टेशन में लग रही थी तभी एक युवक रुचि के पास आया और उनका पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में सोने के दो मंगलसूत्र दो जोड़ी कान के झुमके एक मोबाइल फोन और



लगभग 3 हजार रुपए नकद थे। चोरी की इस घटना से महिला को काफी नुकसान हुआ है। ट्रेन दोपहर में जब सतना स्टेशन पहुंची तब रुचि गुप्ता ने जीआरपी में मामला दर्ज कराया। जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज कर केस डायरी आगे की कार्रवाई के लिए मिर्जापुर भेज दी है।

# जैसा कर्म करोगे वैसा ही मिलेगा फल : घनश्यामाचार्य महाराज

**जागरण सतना।** आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सभी भक्तों को रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तनए मन धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती स्वामी घनश्यामाचार्य जी ने बताया की पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीदृष्मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। ष्अच्छा खोल मुख। माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर.अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल जल तेज अर्थात प्रकृति महतत्त्व अहंकार देवगण इन्द्रियां मन बुद्धि त्रिगुण जीव काल कर्म प्रारब्ध आदि भी मूर्त दीखने लगे।



# ज्ञान गंगा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान वार्ड क्रमांक 06 स्थित ज्ञान गंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बाघेलान के विद्यार्थियों ने इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है । जिसमें कक्षा 12वीं में श्रेया द्विवेदी 95 प्रतिशत अनिल सिंह 93 अरविंद रतन 89.4 आकांक्षा त्रिपाठी 88.8 मानसी कुशवाहा 87.8 अनूप कुशवाहा 86.8 दीपाली त्रिपाठी 86.2 विनीता सोनी 83.4 पंकज सिंह 82.2 शनि सिंह 78.4 रोशनी साकेत 77.2 लक्ष्मी सिंह बघेल 76.8 पूर्ति गौतम 75.6 परिणाम रहा। वहीं कक्षा 10वीं में ओम शर्मा दृ 94.8 योति सिंह 91 सगुन सिंह परिहार 90.2 वंदना नामदेव 88.6 शशांक मिश्रा 86.4 अभि सिंह 85.8 तनु पांडेय 85.2 सिद्धार्थ सिंह 84.6 प्रज्ञा गुप्ता 83.6 सक्षम गौतम 80.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये ।जिसमें ज्ञान गंगा विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है ।विद्यालय के संचालक राकेश त्रिपाठी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनतए अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है ।

# अमदरा की बेटी भूमि का कमाल मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान



**अमदरा।** प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। इसे सच कर दिखाया है यदुवीर नगर की होनहार बेटी भूमि पांडेय ने। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में भूमि ने 97.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर नवनिर्मित मैहर जिले का नाम रोशन किया है। ओरिजिन एकेडमी हाई स्कूल की छात्रा भूमि ने अपनी असाधारण मेहनत से न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कियाए बल्कि मैहर जिले की प्रावीण्य सूची मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। भूमि के पिता रोहिणी प्रसाद पांडेय और माता श्रीमती आरती पांडेय दोनों ही स्वयं शिक्षक हैं और अपनी बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर वे अत्यंत हर्षित हैं।

# आँचल को मिली वेटरनरी डॉक्टर की डिग्री



**जागरण सतना।** रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के पैपखरा गाँव की बेटी आँचल सिंह बघेल ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पढ़ाई करते हुए नानाजी देशमुख यूनिवर्सिटी जबलपुर से विटनरी डॉक्टर की डिग्री हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर आई के पद पर रीवा में पदस्थ जितेंद्र सिंह बघेल की बेटी आँचल और पुत्र आदर्श सिंह बघेल एम जी सी भोपाल मेडिकल कालेज से एम.डी.कर रहे हैं।इन दोनों की माता श्रीमती बिमला सिंह बघेल और पिता जितेंद्र सिंह बघेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दोनों ने अपने माता पिता के सपनों को साकार कर मवेशियों के स्वास्थ्य और इंसानों के स्वस्थ्य की रक्षा करने की दिली इच्छा को पूर्ण किया है।उन दोनों बच्चों की इस उपलब्धि पर रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह अशोक सिंह शिवमोहन सिंह लाला संदीप गुप्ता पुष्पराज कुशवाहा शैलेन्द्र निगम मुकेश त्रिपाठी आशीष सिंह अम्बू कुबेर ताम्रकार सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# छवि ने हायर सेकेंडरी में मारी बाजी



**सीधी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघवार जिला सीधी में अध्ययनरत छात्रा कुमारी छवि सिंह बघेल आत्मजा श्री सतीश सिंह बघेल कला संकाय में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025-26 में 449/500(89.8त्र) अंक प्राप्त कर अपने परिवार विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक श्री दिनकर प्रसाद द्विवेदी, श्री विजय सिंह परिहार, विकेश सिंह परिहार ने शुभाशीष एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं,तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।


रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्श:
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज।
किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
मिलने का समय 18 अप्रैल 2026 शनिवार
समय: दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं
• कमर दर्द (साइटिका • मिर्गी (फिट), बुखारी मिर्ची, बच्चों की मिर्गी • सिर दर्द माइग्रेन/अर्ध कपारी
• मूवमेंट डिसार्डर्स (आँखें एवं चेहरे का फड़कना, गर्दन टेढ़ी होना) • बोटॉक्स का इंजेक्शन लगाना
• पार्किंसंस (हाथ पैर में कपन होना), अनिद्रा, नीद में बडबडाना या चौक जाना। • चक्कर आना (वर्टाइगो)
• यादाश्त में कमी, पेशाब का पता न चलना व कपड़ों में पेशाब निकल जाना, भूलने की बीमारी।
• आँखों में दर्द के साथ-साथ धुंधला दिखना और दो-दो दिखाई देना, रंग साफ न दिखना आचानक से आँखो की रोशनी कम होना • हाथ पैर में झनझनाहट या सुन्नपन, झुनझुनी (न्यूरोपैथी)
• अनिद्रा (स्लीप डिसाआर्डर) • मस्तिष्क एवं रीढ़ के इन्फेक्शन • चलने में परेशानी, लड़खड़ा के चलना, धीरे-धीरे चलना, चलते समय गिर जाना व गिरने का भय। • दिमागी बुखार • मांसपेशियों में कमजोरी, फड़कना या हाथ पैर का पतला होना • गर्दन दर्द (सर्वाइकल स्प,एडलाइटिस) • चेहरा का तिरछापन (बेल्स पालसी)
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 19 अप्रैल 2026
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे
एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली
(गोल्ड मेडलिस्ट), एफ.ई.एस.सी., एफ.एस.सी.ए.आई. (USA)
कंसलटेंट - इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट, डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियोलॉजी
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001
समय- सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com